हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)

www.naisochlive.com | पटना, बुधवार, 01 जुलाई 2026, वर्ष- 09, अंक- 127, पृष्ठ-12, मूल्य - 3:00 | naisochexpress@gmail.com



पेज : 12

एशियाई खेलों के लिए हरमनप्रीत की...




# शाह ने लॉन्च किया एफसीआरए 2.0 पोर्टल और ई-ओसीआई कार्ड

## विदेशी अंशदान की होगी रियल टाइम निगरानी

एजेंसी। नई दिल्ली



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को एफसीआरए 2.0 पोर्टल और ई-ओसीआई (इलेक्ट्रॉनिक ओवरसीज़ सिटिजन ऑफ इंडिया) कार्ड का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इन दोनों डिजिटल पहलों से नागरिकों की सुविधाएं बढ़ेंगी, कागजी कार्यवाही कम होगी और विदेशी अंशदान (एफसीआरए) की रियल टा-इम निगरानी सुनिश्चित हो सकेगी। यहां आयोजित कार्यक्रम में गृह सचिव गोविंद मोहन, विदेश सचिव विक्रम मिसरी, आसूचना ब्यूरो के विशेष निदेशक महेश दीक्षित तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस' के विजन के अनुरूप तकनीक के माध्यम से शासन को अधिक पारदर्शी, सरल और सुरक्षित बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एफसीआरए व्यवस्था पहले फाइलों और जटिल प्रक्रियाओं में उलझी हुई थी, लेकिन अब इसका आधुनिकीकरण कर इसे अधिक प्रभावी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि एफसीआरए 2.0 पोर्टल के जरिए अब आवेदन, नवीनीकरण, वार्षिक विवरणी सहित सभी प्रमुख प्रक्रियाएं पूरी तरह डिजिटल होंगी। इससे भौतिक रूप से दस्तावेज जमा कराने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी तथा ई-साइन आधारित प्रमाणीकरण, ओसीआर (ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकग्निशन) आधारित दस्तावेज विश्लेषण और एनजीओ दर्पण सहित विभिन्न सरकारी डाटाबेस से एकीकृत सत्यापन जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि पोर्टल के माध्यम से विदेशी अंशदान की प्राप्ति और उपयोग पर प्रभावी रियल टाइम निगरानी संभव होगी, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा और सुशासन दोनों मजबूत होंगे। गृह मंत्री ने कहा कि आने वाले महीनों में एफसीआरए मोबाइल एप, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित चैटबॉट और बैंकों के लिए समर्पित ऑनलाइन डैशबोर्ड भी शुरू किया जाएगा। शाह ने ई-ओसीआई कार्ड को भारतीय मूल के विदेशों में रहने वाले लोगों के लिए बड़ी सुविधा बताते हुए कहा कि इससे 50 लाख से अधिक ओसीआई कार्डधारकों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि अब 20 वर्ष की आयु के बाद नया पासपोर्ट जारी होने पर ओसीआई बुकलेट दोबारा बनवाने की आवश्यकता नहीं होगी। कार्डधारकों को केवल अपना नया पासपोर्ट विवरण ऑनलाइन अपडेट करना होगा। उन्होंने कहा कि डिजिटल ओसीआई कार्ड के कारण दस्तावेज खोने या क्षतिग्रस्त होने की समस्या समाप्त होगी और वास्तविक समय में सत्यापन की सुविधा भी उपलब्ध होगी। उल्लेखनीय है कि विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) के तहत देश में वर्तमान में करीब 14,500 सक्रिय संगठन पंजीकृत हैं। हर वर्ष लगभग 15,000 से 20,000 नए या नवीनीकरण संबंधी आवेदन तथा करीब 17,000 वार्षिक विवरणियां प्राप्त होती हैं। एफसीआरए 2.0 पोर्टल को 'मेघराज' (नेशनल गवर्नमेंट क्लाउड) पर विकसित किया गया है और इसे पैन, आधार, ओसीआई, एनजीओ दर्पण, आईसीएआई की यूडीआईएन प्रणाली तथा बैंकों सहित विभिन्न सरकारी प्रणालियों से जोड़ा गया है। इससे आवेदनों के निपटारे में तेजी आएगी, अनुपालन की निगरानी मजबूत होगी और विदेशी अंशदान के दुरुपयोग पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सकेगा। वहीं, ई-ओसीआई कार्ड व्यवस्था के तहत आवेदन से लेकर कार्ड जारी होने तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। इससे भौतिक दस्तावेजों की आवश्यकता समाप्त होगी, प्रोसेसिंग समय कम होगा, प्रशासनिक लागत में कमी आएगी और हवाई अड्डों पर डिजिटल सत्यापन के माध्यम से यात्रा अधिक सुगम एवं सुरक्षित बनेगी।

## सीबीआई ने आईडीएफसी बैंक गबन मामले में दो और बैंक अधिकारियों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक फंड गबन मामले में दो और बैंक अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए अधिकारियों में उस समय आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के एरिया हेड शमीम डार और उस समय एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक मोहाली शाखा के प्रबंधक चरणजीत सिंह रंधावा शामिल हैं। सीबीआई की जांच में सामने आया कि दोनों अधिकारियों ने हरियाणा सरकार के विभागों की अधिशेष निधियों को फिक्स्ड डिपॉजिट और फर्जी लेनदेन के जरिए गलत तरीके से निवेश करने में भूमिका निभाई। इस प्रक्रिया से सार्वजनिक धन को शेल कंपनियों में स्थानांतरित किया गया। जांच के दौरान उनके खिलाफ ठोस सबूत मिले, जिसके आधार पर उन्हें गिरफ्तार कर पंचकूला स्थित विशेष न्यायाधीश (सीबीआई) के समक्ष पेश किया जा रहा है। एजेंसी ने बताया कि मामला हरियाणा सरकार के अनुरोध पर राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से सीबीआई को स्थानांतरित किया गया था। धोखाधड़ी चंडीगढ़ स्थित सेक्टर-32 आईडीएफसी फर्स्ट बैंक शाखा में हुई थी, जिसमें आठ सरकारी विभागों के लगभग 504 करोड़ रुपये फर्जी एफडी और डेबिट नोट्स के जरिए चोरी कर लिए गए।

# असम में बाढ़ से 22 हजार से अधिक लोग प्रभावित

## यूपी-बिहार और छत्तीसगढ़ में पेड़ व बिजली गिरने से 13 की मौत

नई सोच एक्सप्रेस। नई दिल्ली



देश के कई हिस्सों में मौसम के दोहरे तेवर देखने को मिल रहे हैं। जहां उत्तर और पूर्वी भारत के कई राज्यों में बारिश, आंधी चलने और आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं से जनजीवन प्रभावित हुआ है, वहीं मध्य और उत्तर-पश्चिम भारत के कई क्षेत्रों में भीषण गर्मी का दौर जारी है। उत्तर प्रदेश, बिहार और छत्तीसगढ़ में पेड़ गिरने तथा आकाशीय बिजली की घटनाओं में 13 लोगों की मौत हो गई। उत्तर प्रदेश में मानसून की सक्रियता बढ़ने लगी है। सोमवार को लखनऊ समेत 15 जिलों में तेज बारिश हुई। मिर्जापुर में भारी बारिश के बाद एक अंडरपास में करीब तीन फीट पानी भर गया। फिरोजाबाद में ई-रिक्शा पर नीम का पेड़ गिरने से पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। बस्ती और महराजगंज जिलों में बिजली गिरने से दो लोगों की जान चली गई। बिहार के 15 जिलों में आंधी और बारिश का असर देखा गया। सीतामढ़ी, मुंगेर और पटना में आकाशीय बिजली गिरने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 24 लोग झुलस गए। वहीं, छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में बिजली गिरने से दो बच्चों सहित तीन लोगों की मौत हो गई।

**यहां मानसून की रफ्तार थमी :** एक तरफ बारिश और बाढ़ के समाचार हैं तो दूसरी ओर, मानसून की रफ्तार मध्य प्रदेश और गुजरात में थम गई है। 24 जून को इन राज्यों में प्रवेश करने के बाद मानसून आगे नहीं बढ़ सका है। हालांकि, मौसम विभाग ने 5 जुलाई तक पूरे देश में मानसून के पहुंचने की संभावना जताई है।

**पूर्वोत्तर में बाढ़ और भूस्खलन :** पूर्वोत्तर भारत में लगातार बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन की स्थिति बनी हुई है। अरुणाचल प्रदेश में लेकू नदी के उफान पर आने से असम के जोनाई क्षेत्र में भीषण बाढ़ आ गई। राष्ट्रीय राजमार्ग-515 भी जलमग्न हो गया। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, राज्य के छह जिलों में 22 हजार से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। धेमाजी जिला सबसे अधिक प्रभावित है, जहां लगभग 16 हजार लोग बाढ़ की चपेट में हैं।

**तापमान 40 डिग्री से ऊपर दर्ज :** वहीं, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और गुजरात के कई शहरों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। हरियाणा के रोहतक में सबसे अधिक 43.5 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों के दौरान छत्तीसगढ़, ओडिशा, तेलंगाना, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल और दक्षिण भारत के कई राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री ने सिदो-कान्हू सहित जनजातीय वीरांगनाओं को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हूल दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए सिदो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो सहित सभी जनजातीय वीर-वीरांगनाओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि हूल दिवस मातृभूमि के लिए मर-मिटने वाले आदिवासी समाज के अद्भुत जज्बे का सशक्त प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में कहा कि हूल दिवस मातृभूमि के लिए मर-मिटने वाले हमारे आदिवासी समाज के अद्भुत जज्बे का सशक्त प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारतीय इतिहास के इस गौरवशाली अवसर पर वह सिदो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो जैसे उन सभी वीर-वीरांगनाओं को आदरपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिन्होंने विदेशी शासन के अन्याय का डटकर मुकाबला किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जनजातीय गरिमा और मान-सम्मान की रक्षा के लिए इन वीरों का संघर्ष और बलिदान की कहानी देशवासियों में नई ऊर्जा का संचार करती रहेगी। उल्लेखनीय है कि हूल दिवस प्रत्येक वर्ष 30 जून को 1855 के संथाल हूल (विद्रोह) की स्मृति में मनाया जाता है। झारखंड के भोगनाडीह (वर्तमान साहिबगंज जिला) से सिदो मुर्मु और कान्हू मुर्मु के नेतृत्व में शुरू हुए इस ऐतिहासिक जनविद्रोह में चांद मुर्मु, भैरव मुर्मु तथा वीरांगनाओं फूलो और झानो ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यह आंदोलन ब्रिटिश शासन, जमींदारी व्यवस्था और महाजनों के शोषण के विरुद्ध आदिवासी समुदाय के सबसे बड़े संगठित आंदोलनों में से एक माना जाता है।

### होर्मुज की स्थिति बेहद जटिल, ईरान ने कहा-बारूदी सुरंगें हटाने के काम में किसी दूसरे देश को शामिल नहीं करेगा



**तेहरान।** ईरान ने कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य की स्थिति अभी भी संवेदनशील और बेहद जटिल बनी हुई है। ईरान के एक शीर्ष अधिकारी ने साफ किया है कि होर्मुज जलडमरूमध्य से बारूदी सुरंगें ईरान अकेले हटाएगा। इस काम में किसी भी दूसरे देश का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अधिकारी ने फ्रांस का नाम लेकर इस बारे में चेताया। अमेरिकी चैनल सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के उप विदेशमंत्री काजेम गरीबाबादी ने सोमवार को कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच हुए समझौते के तहत ईरान अकेले ही होर्मुज जलडमरूमध्य से बारूदी सुरंगें हटाने का काम करेगा। गरीबाबादी ने एक्स पर कहा कि ईरान किसी दूसरे देश को बारूदी सुरंगें हटाने के काम में शामिल नहीं होने देगा। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य की स्थितिसंवेदनशील और जटिल है। उन्होंने फ्रांस को सलाह दी कि वह अपनी उकसावे वाली हरकतों से इसे और जटिल न बनाए। इससे पहले सोमवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा था कि फ्रांस और ओमान जलडमरूमध्य से बारूदी सुरंगें हटाने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों के साथ मिलकर काम करने पर सहमत हुए हैं। उधर, ईरान के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को इस बात से इनकार किया कि उसके अधिकारी मंगलवार को कतर में अमेरिकी अधिकारियों से मिलेंगे।

## जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची आज से भारत के तीन दिवसीय दौरे पर

एजेंसी। टोक्यो



जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची एक जुलाई से भारत के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगी। वह वहां अपने समकक्ष नरेन्द्र मोदी से मिलेंगी। जापान सरकार ने कहा कि इस दौरे का मकसद आर्थिक विकास के लिए सहयोग को आगे बढ़ाना है। जापान सरकार के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि नई दिल्ली में दोनों देश आर्थिक सुरक्षा पर संयुक्त घोषणापत्र जारी कर सकते हैं। इसमें आर्थिक दबाव के विरोध का जिक्र होने की संभावना है। जापान टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों देशों के बीच सेमीकंडक्टर, रेयर अर्थ जैसे अहम मिनरल, सूचना और संचार तकनीक, और स्वच्छ ऊर्जा व मेडिकल सामान जैसे पांच प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति बनने की उम्मीद है। पिछले साल अक्टूबर में पद संभालने के बाद प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची के भारत दौरे की घोषणा करते हुए मुख्य कैबिनेट सचिव मिनोरू किहारा ने कहा कि जापान का लक्ष्य आर्थिक सुरक्षा, निवेश और इनोवेशन के क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करके "भारत के साथ अपने रणनीतिक संबंधों को और बेहतर बनाना" है। सरकार के शीर्ष प्रवक्ता ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जापान और भारत के लिए मुक्त और खुले इंडो-पैसिफिक के लक्ष्य को हासिल करने के लिए संबंधों को मजबूत करना बहुत जरूरी है। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब जापान और चीन के संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं।

# जनरल ने विदाई भाषण में अपने कार्यकाल को बताया-'जिंदगी का सबसे बड़ा सौभाग्य'

## आर्मी स्टाफ के वाइस चीफ जनरल धीरज सेठ ने नए सेना प्रमुख का पद संभाला

नई सोच एक्सप्रेस। नई दिल्ली



मौजूदा सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी के आज दोपहर सेवानिवृत्त होने के बाद लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने देश के अगले सेना प्रमुख का कार्यभार संभाल लिया है। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने विदाई भाषण में अपने कार्यकाल को 'जिंदगी का सबसे बड़ा सौभाग्य' बताया। जनरल द्विवेदी ने सैनिकों, रिटायर्ड सैनिकों, उनके परिवारों और देश के नागरिकों का उनके अटूट सहयोग के लिए शुक्रिया अदा किया। उन्होंने नेशनल वॉर मेमोरियल पर पुष्पचक्र अर्पित किया और नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक लॉन्स में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ की जिम्मेदारी जनरल धीरज सेठ को सौंपने के बाद जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को भारतीय सेना में चार दशकों से ज्यादा समय तक सेवा करने को अपनी जिंदगी का 'सबसे बड़ा सौभाग्य' बताया। उन्होंने कहा कि 'आज मैं यह जिम्मेदारी जनरल धीरज सेठ को सौंप रहा हूं। वह एक अनुभवी सैनिक और समर्थ नेतृत्वकर्ता हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि उनके नेतृत्व में भारतीय सेना अपनी शानदार परंपराओं, व्यावसायिकता और इरादे को बनाए रखते हुए और भी ऊंचाइयों को छूएगी। आज जब मैं यह चार्ज उन्हें सौंप रहा हूं तो मुझे भारतीय सेना के भविष्य पर पूरा भरोसा है। भारत की सेना अपनी परंपराओं पर कायम रहेगी, मौजूदा चुनौतियों को लेकर सतर्क रहेगी और भविष्य में आने वाली किसी भी स्थिति के लिए लगातार तैयार रहेगी। विदाई समारोह में जनरल द्विवेदी ने कहा कि 'सेना प्रमुख के तौर पर अपना कार्यकाल खत्म करते हुए मैं विनम्रता, आभार, गर्व और संतुष्टि की गहरी भावना से भर गया हूं। सैनिक स्कूल से इस पल तक का सफर कभी न भूलने वाला रहा है। भारतीय सेना ने पिछले दो सालों में सभी मोर्चों पर उच्च स्तर की तैयारी और सतर्कता बनाए रखी है, जिसमें ऑपरेशन स्नो लेपर्ड और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता शामिल है।

## वोटर लिस्ट अपडेट करने घर-घर बांटे जा रहे फॉर्म, 29 जुलाई तक बटेंगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली में वोटर लिस्ट को अपडेट करने की तैयारी ज़ोरों पर है। इसका मुख्य मकसद सभी पोलिंग स्टेशनों पर वोटरों का सही बंटवारा सुनिश्चित करना और वोटिंग की प्रक्रिया को आसान और पारदर्शी बनाना है। इस अभियान के तहत घर-घर जाकर फॉर्म बांटे जा रहे हैं और इस काम में कुछ व्यावहारिक चुनौतियां भी आ रही हैं। 30 जून से 29 जुलाई तक ब्लॉक लेवल ऑफिसर (बीएलओ) रजिस्टर्ड पतों पर जाकर एन्यूमरेशन फॉर्म वितरित करेंगे। अगर घर पर ताला लगा मिला तो फॉर्म वहीं छोड़ दिया जाएगा। भरे हुए फॉर्म वापस लेने के लिए कम से कम तीन बार प्रयास किए जाएंगे। इससे सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी योग्य वोटर सूची से बाहर न रहे। बीएलओ उन जगहों के लिए फ़ॉर्म जारी नहीं कर पाएंगे जहां पुराने घर गिरा दिए गए हैं और जमीन खाली पड़ी है, क्योंकि वेरिफिकेशन सिर्फ तय पते पर ही हो सकता है। हालांकि जिन वोटरों के नाम ड्राफ्ट लिस्ट में नहीं हैं, वे दावे और आपत्तियों के समय अपने नए पते का इस्तेमाल करके दावा कर सकते हैं। अगर नए पते पहले ही मिल जाते हैं, तो चुनाव अधिकारी उन पर विचार करेंगे। चूंकि दिल्ली में ऐसा विशेष गहन पुनरीक्षण पिछली बार साल 2002 में हुआ था, इसलिए मतदाता को पुराने विवरण भरने होंगे।

## पीएम पद के लिए उद्धव ठाकरे ने फडणवीस के नाम का किया ऐलान!



**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में एक अप्रत्याशित बयान सामने आया है, जहां शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने सोमवार को कहा कि वह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के हितैषी हैं और यदि वे प्रधानमंत्री बनने की आकांक्षा रखते हैं तो वह उनका समर्थन करेंगे। शिरडी में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए ठाकरे ने कहा, अगर वह (फडणवीस) सोचते हैं कि मैं उनका दुश्मन हूं, तो बता दूं कि मैं उनका हितैषी हूं। मैं उनके मन की बात कर रहा हूं। यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब राज्य में ऑपरेशन टाइगर की चर्चा जोरों पर है, जिसमें डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने हाल ही में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) के 6 सांसदों का समर्थन हासिल किया है। ठाकरे ने दावा किया कि ऐसी योजनाएं बनाई जा रही हैं, जिससे 2029 में फडणवीस प्रधानमंत्री पद की दौड़ में शामिल न हो सकें। उन्होंने स्पष्ट किया, अगर महाराष्ट्र का कोई व्यक्ति प्रधानमंत्री बनने जा रहा है, तो मेरी पार्टी उसका समर्थन क्यों नहीं करेगी। हालांकि, ठाकरे ने अपने बयान में एक तंज भी कसा। उन्होंने कहा कि अगर फडणवीस प्रधानमंत्री पद के लिए अपनी दावेदारी की घोषणा करते हैं तो यह भाजपा में उनके लिए राजनीतिक आत्महत्या करने जैसा होगा।

# सड़क सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : गडकरी

एजेंसी। नई दिल्ली



केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एक कार्यक्रम में कहा कि सड़क सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसके लिए व्यापक स्तर पर कदम उठाए जा रहे हैं। भारत में सड़क दुर्घटनाओं में सबसे अधिक मौतें होती हैं, जो गंभीर चिंता का विषय है। गडकरी ने यहां मंगलवार को उबर के एक कार्यक्रम में कहा अब सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले को पुलिस या कानूनी झंझटों में नहीं उलझना पड़ेगा। मदद करने वाले व्यक्ति को आर्थिक सहायता भी दी जाएगी। सड़क दुर्घटना में घायल किसी व्यक्ति का किसी भी अस्पताल में इलाज कराने पर डेढ़ लाख रुपये तक का खर्च सरकार वहन करेगी। उन्होंने कहा कि देश में हर साल औसतन पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं होती हैं और करीब 1.80 लाख लोगों की मौत होती है। इन हादसों से देश की जीडीपी का लगभग तीन फीसदी नुकसान होता है। इन दुर्घटनाओं में 66 फीसदी पीड़ित 18 से 34 वर्ष आयु वर्ग के होते हैं। सड़क दुर्घटनाएं न केवल जान लेती हैं बल्कि कई लोगों को स्थायी रूप से अपंग बना देती हैं। गडकरी ने कहा कि सड़क सुरक्षा के चार अहम हिस्से सड़क इंजीनियरिंग, वाहन इंजीनियरिंग, प्रवर्तन और जन जागरूकता हैं। इनमें सड़क इंजीनियरिंग सबसे महत्वपूर्ण है। इसके तहत देशभर की सड़कों के ब्लैक स्पॉट और पहाड़ी इलाकों के भूस्खलन वाले हिस्सों की पहचान की गई है। इन ब्लैक स्पॉट्स को सुधारने के लिए 50 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। अंडरपास और अन्य ढांचागत निर्माण अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए वाहनों की गुणवत्ता और तकनीकी मानकों को भी सख्ती से लागू किया जा रहा है।

# स्वस्थ भारत से ही विकसित भारत का निर्माण संभव : नड्डा

एजेंसी। नई दिल्ली



केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने मंगलवार को कहा कि स्वस्थ भारत से ही विकसित भारत का निर्माण संभव है। देश में "निवारक स्वास्थ्य देखभाल"को अब ज्यादा महत्व दिया जा रहा है, ताकि लोग गंभीर बीमारियों से पहले ही सुरक्षित रह सकें। स्वस्थ भारत ही विकसित भारत की नींव है और इस दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है। मंगलवार को जे पी नड्डा इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज(आईएलबीएस)के 10वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए "हार्डवेयर" और "सॉफ्टवेयर" दोनों पर समान रूप से ध्यान दिया है। उनके अनुसार, हार्डवेयर का मतलब है अस्पताल, मेडिकल कॉलेज और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, जबकि सॉफ्टवेयर का अर्थ है बेहतर नीतियां, प्रशिक्षण और ऐसा शैक्षणिक माहौल जो डॉक्टरों और शोधकर्ताओं को आगे बढ़ने में मदद करे। उन्होंने बताया कि पिछले वर्षों में देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 387 से बढ़कर 818 हो गई है। इसी तरह एमबीबीएस सीटें लगभग 50 हजार से बढ़कर 1.20 लाख से अधिक हो गई हैं, जबकि पीजी सीटें 30 हजार से बढ़कर 80 हजार से अधिक पहुंच चुकी हैं। सरकार का लक्ष्य आने वाले वर्षों में और 75 हजार नई मेडिकल सीटें जोड़ने का है, जिससे देश में डॉक्टरों की उपलब्धता और बेहतर हो सके। अपने संबोधन में मंत्री ने यह भी कहा कि आज भारत में 23 एम्स काम कर रहे हैं, जिनमें से कई हाल के वर्षों में शुरू किए गए हैं। यह विस्तार देश में सुपर-स्पेशियलिटी इलाज और मेडिकल शिक्षा को नई दिशा दे रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं पर बात करते हुए उन्होंने आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की भूमिका को अहम बताया। देशभर में 1.85 लाख से अधिक ऐसे केंद्र काम कर रहे हैं, जो लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं दे रहे हैं। यहां बड़ी संख्या में लोगों की ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और कैंसर जैसी बीमारियों की जांच की जा रही है। समय पर जांच से कई मरीजों में बीमारी का शुरुआती चरण में ही पता लग रहा है, जिससे इलाज आसान हो रहा है। नड्डा ने कहा कि देश में "निवारक स्वास्थ्य देखभाल" को अब ज्यादा महत्व दिया जा रहा है, ताकि लोग गंभीर बीमारियों से पहले ही सुरक्षित रह सकें।

## राम मंदिर ट्रस्ट में बड़े बदलाव की तैयारी

**अयोध्या।** अयोध्या में राम मंदिर ट्रस्ट चढ़ावा चोरी मामले, आरोपियों के जेल जाने और दो महत्वपूर्ण ट्रस्टियों के त्यागपत्र के बाद अब एक बड़े पुनर्गठन की तैयारी हो रही है। विशेष जांच दल (एसआईटी) ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट में न केवल ट्रस्ट के पुनर्गठन की आवश्यकता जाहिर की है, बल्कि किसी प्रशासनिक अधिकारी को मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने की सिफारिश की है। यह सब 11 जुलाई को प्रस्तावित ट्रस्ट की त्रैमासिक बैठक को अत्यंत महत्वपूर्ण बना देता है, जहां इन प्रमुख मुद्दों पर निर्णय होने की उम्मीद है। केंद्र सरकार भी इस बीच सीईओ की नियुक्ति पर अंतिम निर्णय ले सकती है, खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेश लौटने के बाद इस पर फैसला हो सकता है। महासचिव चंपतराय और सदस्य डॉ. अनिल कुमार मिश्र ने विभिन्न आरोपों और मीडिया व संघ-विहिप के दबाव के चलते पीएमओ के निर्देश पर अपने त्यागपत्र सौंप दिए हैं। कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव गिरि ने सार्वजनिक रूप से इसकी पुष्टि की है, यह भी बताया कि बैठक में इन इस्तीफों पर विचार किया जाएगा।

## हल्दिया रिफाइनरी में धमाका, कई कर्मचारी झुलसे

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हल्दिया रिफाइनरी में मंगलवार सुबह नैफ्था ले जाने वाली मुख्य पाइपलाइन में अचानक भीषण आग लग गई, जिससे कई कर्मचारी गंभीर रूप से झुलस गए। यह घटना सुबह करीब 4 से साढ़े चार बजे के बीच उस समय हुई, जब रिफाइनरी के भीतर नैफ्था की आपूर्ति की जा रही थी। आग की तेज लपटें और धुएं का गुबार देखकर आसपास हड़कंप मच गया और घटनास्थल पर मौजूद कर्मचारी चपेट में आ गए। घायल कर्मचारियों को तत्काल हल्दिया सब-डिविजनल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। चश्मदीदों के अनुसार, आग इतनी भीषण थी कि पाइपलाइन से अचानक निकली तेज लपटों ने आसपास मौजूद कर्मचारियों को बचने का मौका नहीं दिया। स्थानीय लोगों और फैक्ट्री अधिकारियों ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों की एक विशेष टीम उनका इलाज कर रही है, लेकिन कई कर्मचारियों की गंभीर स्थिति चिंता का विषय बनी हुई है।हालांकि, फैक्ट्री अधिकारियों ने अभी तक दुर्घटना के आधिकारिक कारण का खुलासा नहीं किया है और एक तकनीकी टीम मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

हर खबर पर पैनी नज़र
नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



## संक्षिप्त समाचार

### बिहार म्यूज़ियम पहुंचे नीतीश कुमार, हाथी के दांतों से निर्मित कलाकृतियों का किया अवलोकन

**पटना।** जनता दल यू के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना हाईकोर्ट के समीप स्थित बिहार म्यूज़ियम पहुंचे, जहां म्यूज़ियम के निदेशक अंजनी कुमार सिंह ने अपनी टीम के साथ उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। नीतीश कुमार ने म्यूज़ियम में हाथी के दांतों से निर्मित कलाकृतियों एवं उत्पादों की विशेष प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उनकी कलात्मकता की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने विशेष दीर्घा का भी निरीक्षण किया तथा वहां मौजूद शोधकर्ताओं से मुलाकात कर उनके कार्यों की जानकारी ली। म्यूज़ियम परिसर में बड़ी संख्या में मौजूद छात्र-छात्राओं एवं पर्यटकों से नीतीश कुमार ने उनका हालचाल जाना और सबका अभिवादन स्वीकार किया। उनके आगमन से छात्र-छात्राओं एवं पर्यटकों में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर बिहार विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उप-नेता सह कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ तथा मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी उपस्थित रहे।

### गरीबों, वंचितों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाना निशांत कुमार का लक्ष्य : जदयू

**पटना।** जदयू प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम एवं प्रदेश प्रवक्ता परिमल कुमार ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा कि स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार द्वारा पटना के दरियापुर भट्ठी में आधुनिक शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन करना केवल एक नई स्वास्थ्य सुविधा का शुभारंभ नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े गरीब, वंचित एवं जरूरतमंद लोगों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की बिहार सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है। उनकी यह पहल सराहनीय है और इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। दरियापुर भट्ठी, सब्जीबाग और आसपास का क्षेत्र अत्यधिक सघन आबादी वाला इलाका है, जहां बड़ी संख्या में गरीब, अल्पसंख्यक एवं अतिपिछड़ा समुदाय के लोग रहते हैं। लंबे समय से इस क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने इस आवश्यकता को प्राथमिकता देते हुए यहां अत्याधुनिक शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना सुनिश्चित की है। इस स्वास्थ्य केंद्र में मात्र दो रुपये के पंजीकरण शुल्क पर मरीज क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कर डॉक्टरी सलाह प्राप्त कर सकेंगे। यहां 42 प्रकार की जांच पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध होगी तथा आवश्यकता के अनुसार लगभग 150 प्रकार की दवाएं भी मुफ्त दी जाएंगी। यह व्यवस्था दर्शाती है कि निशांत कुमार स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, आधुनिक बनाने के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। यह स्वास्थ्य केंद्र बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 37, 39, 40 और 42 के हजारों नागरिकों को सीधे लाभान्वित करेगा। इससे गरीब परिवारों को बेहतर इलाज के लिए दूर-दराज के अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़ेगा और समय पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उनके अपने क्षेत्र में उपलब्ध होंगी।

### मंत्री डॉ. अशोक चौधरी ने पारस हॉस्पिटल पहुँचकर घायल बच्ची का जाना हाल

**पटना।** खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री डॉ. अशोक चौधरी ने पटना जिले के नौबतपुर प्रखंड अंतर्गत अजवां बथानी पर गाँव में हुए एक अत्यंत दुखद एवं संवेदनशील घटना पर गहरी चिंता और दुःख व्यक्त किया है। इस घटना के दौरान 12 वर्षीय मासूम बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक और चिंता का माहौल है।घटना की जानकारी मिलते ही मंत्री डॉ. अशोक चौधरी पटना स्थित पारस हॉस्पिटल पहुँचे, जहाँ उन्होंने चिकित्सकों से बच्ची के स्वास्थ्य एवं उपचार की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने बच्ची के पिता सनोज यादव से मुलाकात कर उनका ढांढस बंधाया तथा परिवार को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। आर्थिक रूप से कमजोर पीड़ित परिवार को जनता दल (यूनाइटेड) परिवार की ओर से आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई इसके साथ ही मुख्यमंत्री सहायता कोष से सहायता दिलाने का भी वादा किया। मंत्री डॉ. चौधरी ने चिकित्सकों से बच्ची के समुचित एवं बेहतर उपचार की सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने का आग्रह किया।इस संबंध में मंत्री डॉ. अशोक चौधरी ने पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा तथा पटना प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक जितेंद्र राणा से दूरभाष पर बातचीत कर घटना में संलिप्त सभी दोषियों के विरुद्ध विधि-सम्मत, त्वरित एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कानून का राज सर्वोपरि है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।मंत्री डॉ. अशोक चौधरी ने कहा कि इस दुखद घड़ी में वे पूरी संवेदनशीलता के साथ पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि मासूम बच्ची शीघ्र पूर्णतः स्वस्थ होकर अपने परिवार के बीच लौटे।

### गांव-गांव अति पिछड़ा नेतृत्व को उभारेगी कांग्रेस, जनसंख्या के अनुपात में मिलेगी संगठन में भागीदारी: राजेश राम

**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में मंगलवार को कांग्रेस पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में अति पिछड़ा वर्ग की राजनीतिक भागीदारी, संगठनात्मक सशक्तीकरण और नेतृत्व विकास को लेकर व्यापक चर्चा हुई।इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रदेश के गांव-गांव में अति पिछड़ा समाज के बीच नेतृत्व विकास का विशेष अभियान चलाएगी। उन्होंने कहा कि संगठन में अति पिछड़ा वर्ग को उनकी जनसंख्या के अनुपात में उचित भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। कांग्रेस सामाजिक न्याय, समान अवसर और सभी वर्गों की सम्मानजनक भागीदारी की पक्षधर रही है और आगे भी इसी दिशा में कार्य करती रहेगी।प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारु ने कहा कि किसी भी समाज को अनदेखी करना सामाजिक और राजनीतिक दृष्टि से अपराध है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता और नेता का दायित्व है कि समाज के हर वर्ग को सम्मान, अवसर और संगठन में उचित प्रतिनिधित्व मिले।पूर्व विधायक दल के नेता शकील अहमद खान ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी धर्म और जाति के नाम पर समाज को बांटने की राजनीति कर रही है, जबकि कांग्रेस सभी वर्गों को साथ लेकर सामाजिक सद्भाव और समावेशी विकास की राजनीति में विश्वास रखती है।बैठक में कांग्रेस सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद, विधायक मनोज विश्वास, अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव , इंजीनियर कमल कमलेश , बैद्यनाथ शर्मा, पंकज यादव, अनुराग चंदन ,हीरा सिंह बग्गा , उदय शंकर पटेल जितेंद्र नाथ पटेल , सुरेश मुखिया, नदीम अंसारी सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

### दिलीप राज्य परियोजना समन्वयक नियुक्त

**पटना।** राष्ट्रीय मुख्यालय भारत स्काउट और गाइड,नई दिल्ली द्वारा बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड के अपर मुख्य राज्य आयुक्त दिलीप कुमार को बिहार राज्य में युवा आपदा मित्र योजना को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु राज्य परियोजना समन्वयक नियुक्त किया है। राष्ट्रीय परियोजना प्रबंधक,भारत स्काउट और गाइड,नई दिल्ली राज कुमार कौशिक ने एक पत्र के माध्यम से इसकी सूचना दिलीप कुमार को दी है। दिलीप कुमार ने राज्य परियोजना समन्वयक मनोनीत किये जाने के उपरांत बताया कि भारत स्काउट और गाइड के वॉलंटियर्स पूर्व से ही सामाजिक कार्य करते आ रहे हैं। युवा आपदा मित्र योजना के माध्यम से अधिकाधिक युवाओं को जोड़ा जायेगा। आपदा के समय में मानव की सेवा के लिए युवाओं को प्रेरित किया जायेगा।

# कॉम्फेड एवं आईसीएआर के बीच समझौता संपन्न

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** कॉम्फेड एवं आईसीएआर, पटना के मध्य अनुसंधान, प्रशिक्षण एवं मत्स्य विकास हेतु ऐतिहासिक एमओयू संपन्न बिहार राज्य मत्स्यजीवी सहकारी संघ एवं आईसीएआर, पटना के मध्य अनुसंधान, नवाचार, तकनीकी सहयोग, प्रशिक्षण एवं मत्स्य तथा मखाना क्षेत्र के समग्र विकास के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किया गया। समझौता पत्र पर आईसीएआर की ओर से निदेशक डॉअनूप दास तथा कॉम्फेड की ओर से प्रबंध निदेशक ऋषिकेश कश्यप ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर कॉम्फेड की 298वीं बोर्ड बैठक भी आईसीएआर, पटना परिसर में आयोजित की गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. विवेकानंद भारती, प्रधान वैज्ञानिक डॉ. शंकर दयाल, कॉम्फेड की निदेशक सिमरन, मखाना एक्सपोर्ट मैनेजर रवि राज सहित अनेक वैज्ञानिक, पदाधिकारी एवं बोर्ड सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान श्री ऋषिकेश कश्यप ने निदेशक डॉ. अनूप दास को कॉम्फेड की ओर से मखाना उपहार भेंट की। मौके पर मखाना एवं उसके विभिन्न उत्पादों की जानकारी प्रदान करने वाली प्रचार सामग्री भी प्रदान किए। इस समझौता पत्र के अंतर्गत एकीकृत मत्स्य पालन, मोती उत्पादन, झींगा पालन, बायोफ्लॉक, अजोला उत्पादन, केकड़ा एवं शंख-घोंघा पालन, सजावटी मत्स्य पालन, बैकयार्ड हैचरी, राज्य मछली मांगुर के संवर्धन, उन्नत मत्स्य प्रजातियों का प्रसार, मखाना-सह-मत्स्य पालन, सिंघाड़ा-सह-मत्स्य पालन, मत्स्य प्रसंस्करण एवं उप-उत्पाद, मछली अपशिष्ट से जैविक खाद निर्माण, जल एवं मृदा परीक्षण, आर्द्रभूमि विकास, केज कल्चर, किसानों एवं मत्स्यजीवियों का प्रशिक्षण, अनुसंधान, तकनीकी हस्तांतरण तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर संयुक्त रूप से कार्य किया जाएगा।समझौता पत्र के अंतर्गत सीआईएफटी, कोच्चि सहित अन्य राष्ट्रीय संस्थानों के सहयोग से मत्स्य प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन एवं कौशल विकास कार्यक्रम भी संचालित किए जाएंगे। साथ ही प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, प्रधानमंत्री किसान संमृद्धि योजना, मत्स्य आधारभूत संरचना विकास फंड, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से मत्स्यजीवियों एवं मत्स्य कृषकों को अधिकाधिक लाभ उपलब्ध कराने हेतु संयुक्त प्रयास किए जाएंगे।कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत करते हुए कॉम्फेड के प्रबंध निदेषक ऋषिकेष कष्यप ने कहा कि कॉम्फेड राज्य के मछुआरों के हितों के लिए देश की आजादी के बाद से ही निरंतर कार्य कर रहा है। यह संगठन ने प्रदेश के गरीब मछुआरों के जीवन स्तर में सुधार के लिए काफी काम किया है और आज भी उस दिशा में अग्रसर है। कॉम्फेड मखाना की खेती का बीमा एस. बी. आई. के बीमा कंपनी के साथ किया है। यह देषभर के लिए एक सफल उदाहरण है। कॉम्फेड को कॉमन सर्विस सेंटर का नोडल एजेंसी बनाया गया है, यह संस्था डिजिटल क्रांति के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। अबतक राज्य में 150 से अधिक मछुआ समितियों में कॉमन सर्विस सेंटर खोला जा चुका है।आईसीएआर के निदेशक डॉ. अनूप दास ने कहा कि आईसीएआर एवं कॉम्फेड के माध्यम से बिहार के मत्स्यजीवियों एवं मत्स्य कृषकों को आधुनिक तकनीक, अनुसंधान, प्रशिक्षण एवं नवाचार का पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा, जिससे राज्य में मत्स्य एवं मखाना क्षेत्र का सतत विकास सुनिश्चित हो सके।आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार सरकार के उप सचिव पंकज कुमार कमल ने कहा कि मत्स्यजीवी समुदाय राज्य की अर्थव्यवस्था एवं आपदा प्रबंधन व्यवस्था का महत्वपूर्ण अंग है। उन्होंने कहा कि आईसीएआर एवं कॉम्फेड के बीच हुआ यह समझौता वैज्ञानिक अनुसंधान, आधुनिक तकनीक तथा संस्थागत सहयोग के माध्यम से मत्स्यजीवियों को आपदा के प्रति अधिक सक्षम एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन एवं सरकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन से मत्स्यजीवियों की आजीविका और अधिक सुदृढ़ होगी तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।

## राज्यपाल से गोपीकृष्ण गोआश्रम प्रतिनिधिमंडल की शिष्टाचार भेंट, गोसेवा कार्यों की सराहना

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन से गोपीकृष्ण गोआश्रम, दनियावां के प्रतिनिधिमंडल ने लोकभवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने दनियावां स्थित गोपीकृष्ण गोआश्रम द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं गोसेवा संबंधी गतिविधियों की विस्तृत जानकारी महामहिम को दी। गोआश्रम द्वारा निराश्रित एवं बीमार गौवंश के संरक्षण, उनके उपचार, चारे की व्यवस्था तथा समाज में गोसेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों को राज्यपाल ने अत्यंत ध्यानपूर्वक सुना। राज्यपाल ने गोपीकृष्ण गोआश्रम के सेवा कार्यों की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि समाजहित और गोसंरक्षण के क्षेत्र में किया जा रहा यह कार्य अत्यंत प्रेरणादायक एवं अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सेवा और संवेदनशीलता की भावना को सुदृढ़ करते हैं। राज्यपाल ने गोपीकृष्ण गोआश्रम का शीघ्र ही भ्रमण करने की इच्छा भी व्यक्त की, ताकि वहाँ चल रहे सेवा कार्यों को प्रत्यक्ष रूप से देख सकें और गोआश्रम परिवार से संवाद कर सकें। गोआश्रम प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि उनके मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से गोसेवा एवं जनसेवा के कार्यों को और अधिक गति मिलेगी।

## सीएम सम्राट के नेतृत्व में अल्पसंख्यकों का हो रहा विकास : मो. फैसल

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मोहिबुल हक की ताजपोशी को लेकर आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक समुदाय के लोग भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष मो. फैसल अहमद के नेतृत्व में शामिल हुए तथा ढ़ोल बाजा के साथ नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया गया। इस अवसर पर मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष मो. फैसल ने कहा कि मोहिबुल हक के नेतृत्व में बिहार के अल्पसंख्यक समुदाय की समस्याओं का निदान होगा। हम लोगों का फर्ज बनता है कि इनको मजबूती के साथ आगे बढ़ाने में सहयोग करें। मो. फैसल ने कहा कि समस्तीपुर, खगड़िया, मधुबनी, बेगूसराय से हमारे समर्थक प्रदेश कार्यालय पहुंचे हैं। हमारा पूरा सहयोग नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष को रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार के अल्पसंख्यकों का विकास हो रहा है। सभी योजनाओं का लाभ इस समुदाय को मिल रहा है, जिसका स्वागत करता हूं। सीएम सम्राट असल में दिल के सम्राट हैं।

## नीतीश कुमार के सुशासन और न्याय के साथ विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रही एनडीए सरकार : विजय चौधरी

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** जदयू प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप-मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए आमजन एवं कार्यकतार्ओं की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध एवं त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान बिहार विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक ।संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी भी उपस्थित रहे। इस मौके पर उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की जनता ने जिस भरोसे के साथ एनडीए को जनादेश दिया था, सरकार उसके अनुरूप काम कर रही है और अपने कार्यों से अपनी विश्वसनीयता को प्रमाणित किया है। विकास कार्यों को गति देने के क्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर राज्य के लिए कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं को स्वीकृति दिलाई है। उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बीते 20 वर्षों के शासनकाल में बिहार ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं और वर्ष 2025-30 के लिए उनके नेतृत्व में एनडीए को ऐतिहासिक जनादेश मिला है। सम्राट चौधरी ने कई बार सार्वजनिक मंचों से यह दोहराया है कि एनडीए सरकार नीतीश कुमार के सुशासन और न्याय के साथ विकास के रास्ते पर ही आगे बढ़ रही है और बिहार की जनता भी इस बात को गहराई से महसूस कर रही है। इसके साथ ही, उन्होंने कहा कि सरकार बाढ़ और सूखे, दोनों ही विपरीत परिस्थितियों से निपटने के लिए पूरी तरह मुस्तैद है। संभावित खतरों को देखते हुए संवेदनशील तटबंधों को पूरी तरह सुरक्षित कर लिया गया है। साथ ही, प्रभावित क्षेत्रों के लिए पर्याप्त मात्रा में आवश्यक राहत सामग्रियों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई है। वहीं, दूसरी ओर सूखे की स्थिति में किसानों के लिए सिंचाई के पानी की व्यवस्था को लेकर भी सरकार गंभीर है। इस दिशा में गंगा और गंडक नदियों के अतिरिक्त पानी को लिफ्ट कर जलाशयों में संचित करने के लिए सरकार प्रतिबद्धता है।

## मतदाता सूची की शुद्धि का विरोध कर लोकतंत्र को कमजोर करना चाहता है पूरा विपक्ष : संतोष सुमन

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार सुमन ने कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर राजद सहित पूरा विपक्ष जनता के बीच भ्रम फैलाने का काम कर रहा है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए शुद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित मतदाता सूची आवश्यक है, लेकिन विपक्ष को इस प्रक्रिया से परेशानी इसलिए है क्योंकि इससे फर्जी, डुप्लिकेट, मृत अथवा अपात्र मतदाताओं की पहचान हो रही है।डॉ. सुमन ने कहा कि विपक्ष यह तर्क दे रहा है कि यदि लाखों नामों में से कुछ हजार पात्र मतदाताओं के नाम गलती से हट गए, तो यह लोकतंत्र के लिए खतरा है। यदि ऐसा हुआ है तो निश्चित रूप से ऐसे प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम नियमानुसार पुनः जोड़ा जाना चाहिए। लेकिन क्या इस आधार पर उन लाखों संदिग्ध नामों को भी बनाए रखा जाए, जो सत्यापन में अपात्र पाए जा रहे हैं? कुछ संभावित त्रुटियों का हवाला देकर लाखों संदिग्ध नामों की जांच और शुद्धिकरण का विरोध करना लोकतंत्र के साथ न्याय नहीं, बल्कि अन्याय है।उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग एक स्वतंत्र एवं संवैधानिक संस्था है, जो संविधान और कानून के दायरे में रहकर कार्य करती है। आयोग ने दावा-आपत्ति और पुनः नाम जोड़ने की पूरी व्यवस्था उपलब्ध कराई है। जिनका नाम किसी कारणवश छूटा है, उन्हें अपना पक्ष रखने और नाम पुनः जुड़वाने का पूरा अवसर मिलेगा। इसलिए यह कहना कि एक बार नाम हट गया तो मतदाता का अधिकार हमेशा के लिए समाप्त हो गया, पूरी तरह भ्रामक और तथ्यहीन है।डॉ. सुमन ने कहा कि राजद सहित पूरा विपक्ष चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की विश्वसनीयता पर सवाल उठाकर लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास कर रहा है। यदि उन्हें वास्तव में लोकतंत्र की चिंता है, तो उन्हें मतदाता सूची को शुद्ध और विश्वसनीय बनाने के प्रयासों का समर्थन करना चाहिए, न कि फर्जी, डुप्लिकेट और अपात्र प्रविष्टियों के बचाव में खड़ा होना चाहिए।

## 38 वर्षों की सेवा के बाद प्रधान लिपिक किरण कुमार झा सेवानिवृत्त

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** जिला खेल पदाधिकारी कार्यालय, पटना के प्रधान लिपिक किरण कुमार झा खेल विभाग, बिहार में लगभग 38 वर्षों की उल्लेखनीय सेवा के बाद मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। उनके सम्मान में खेल भवन-सह-व्यायामशाला, पटना में विदाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सहायक निदेशक (क्रीड़ा), खेल विभाग, बिहार संजय कुमार ने श्री झा की कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण और कार्यशैली की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ, सुखद और दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला खेल पदाधिकारी, पटना ओम प्रकाश ने कहा कि किरण कुमार झा अपने पूरे सेवाकाल में कर्तव्यनिष्ठ, मिलनसार और समयनिष्ठ कर्मी के रूप में जाने गए। उन्होंने विभाग के विभिन्न दायित्वों का ईमानदारी और दक्षता के साथ निर्वहन किया। समस्तीपुर जिले के बेनी ग्राम निवासी किरण कुमार झा ने वर्ष 1988 में बिहार राज्य खेल प्राधिकरण में आशुटंकक-सह-लिपिक के पद पर अपनी सेवा शुरू की थी। वर्ष 2000 में सरकार के आदेश के बाद उन्होंने तत्कालीन कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के अंतर्गत वी.पी. सिन्हा राजकीय शारीरिक शिक्षण महाविद्यालय, राजेंद्र नगर, पटना में योगदान दिया। अपने 38 वर्षों के सेवाकाल में उन्होंने उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा कार्यालय, किशनगंज, मोइनुल हक स्टेडियम कार्यालय, पटना में प्रबंधक, जिला अधीक्षक शारीरिक शिक्षा कार्यालय, पटना तथा जिला खेल पदाधिकारी कार्यालय, पटना सहित विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दीं। विदाई-सह-सम्मान समारोह में साइ ट्रेनिंग सेंटर, पटना के प्रभारी सोमेश्वर राव चव्हाण, वरिष्ठ एनआईएस प्रशिक्षक अभिषेक कुमार, कल्याणी देवी, धीरेन्द्र पासवान, दीपक कुमार, आशीष कुमार, बैजनाथ सिंह, धीरेन्द्र कुमार, मनोज कुमार, सुधांशु कुमार, सूरज कुमार, रोहित कुमार, अमरूद्दीन अंसारी, अनिल कुमार सहित खेल विभाग के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दानापुर मंडल के सेवानिवृत्त 16 रेलकर्मियों का किया गया “समापक भुगतान



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** जून-2026 में सेवानिवृत्त हुए 16 रेलकर्मियों के लिए, दानापुर मंडल के सभागार में “समापक भुगतान समारोह”आयोजित किया गया। इसमें रेल सेवा से सेवानिवृत्त 16 रेलकर्मियों को मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर, विनोद कुमार द्वारा अंगवस्त्र एवं समापक भुगतान दस्तावेजों को देकर सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी, अतुल कुमार ने किया , जिन्होंने आज के समापक भुगतान का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर ने अपने संबोधन में उपस्थित सेवानिवृत्त होने वाले रेल कर्मचारियों के सुखद, स्वस्थ एवं समृद्ध भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अपने “समापक भुगतान” की राशि को असुरक्षित जगहों पर निवेश ना करें एवं अपने स्वास्थ्य का विशेष रूप से ध्यान रखें। सेवानिवृत्त होने वाले रेलकर्मियों को एक्युप्रेशर एवं आयुर्वेदिक डॉक्टरों द्वारा स्वस्थ तथा दीर्घायु जीवन जीने के तरीके को विस्तारपुर्वक बताया गया। इस मौके पर मंडल के सभी विभागों के अधिकारीगण एवं ईसीआरइयू ,एआईओबीसीआरईए तथा एससी एवं एसटी एसोसिएशन के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के विस्तार के लिए सरकार प्रयासरत : शिक्षा मंत्री

नई सोच एक्सप्रेस

- बोले-मेधावी छात्र-छात्राओं की उपलब्धियां समाज के लिए प्रेरणास्रोत
- सरस्वती विद्या मंदिर सैनिक स्कूल में मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह

**पटना।** शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि मेधावी छात्र-छात्राओं की उपलब्धियां समाज और राष्ट्र के लिए प्रेरणास्रोत हैं। विद्यार्थियों की सफलता केवल उनके व्यक्तिगत परिश्रम का परिणाम नहीं होती, बल्कि इसमें माता-पिता, शिक्षकों और विद्यालय का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है। ऐसे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान अन्य छात्रों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के विस्तार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। शिक्षा मंत्री मंगलवार को राजधानी के मरचा-मरची रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर सैनिक स्कूल में आयोजित मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। विद्या भारती, दक्षिण बिहार के तत्वावधान में आयोजित समारोह में सरस्वती शिशु मंदिरों के उन मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने सीबीएसई बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, परिवार और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। शिक्षा मंत्री ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने का माध्यम नहीं है। यह व्यक्तित्व निर्माण, संस्कार और राष्ट्र निर्माण का आधार भी है। विद्यार्थियों को अपने ज्ञान, कौशल और मूल्यों के बल पर समाज के विकास में योगदान देना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से निरंतर अध्ययन, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र कार्यवाह डॉ. मोहन सिंह, प्रांत प्रचारक उमेश रंजन, सीबीएसई के क्षेत्रीय अधिकारी गोपाल लाल यादव, विद्या भारती के प्रदेश मंत्री प्रो. नरेन्द्र कुमार सिंह के अलावा विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों, अभिभावकों एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। इससे पहले भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना नगर निगम के कर्मियों का प्रदर्शन,30 जुलाई से बिहार में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे

**पटना।** पटना नगर निगम के कर्मी निगम मुख्यालय मौर्या लोक में प्रदर्शन कियो। दरअसल, पूरे बिहार के नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायत के कर्मचारी 30 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। उससे पहले मंगलवार को सभी नगर निकायों में प्रदर्शन किया। उसके बाद पटना नगर निगम के सभी अंचल पर प्रदर्शन और आमसभा कर कर्मियों को हड़ताल के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। पटना नगर निगम कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति के प्रवक्ता जितेन्द्र कुमार ने कहा कि हम सभी सफाई करने मुख्य तीन भागों को लेकर प्रदर्शन करते हैं। इसमें से पहला मांग दैनिक कर्मियों के नियमति करना, आउटसोर्स व्यवस्था की समाप्ति कर आउटसोर्स कर्मियों का निगमकर्मी के रूप में एडजस्टमेंट, एसीपी और एमएसीपी पर नगर विकास विभाग द्वारा लगाए रोक को वापस लेने की मांग है। अगर हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो 31 जुलाई से पूरे बिहार में अनिश्चितकालीन हड़ताल होगी। सफाई कर्मी दुर्गा गोंड ने सरकार को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा, हमारा ये प्रदर्शन सीएम पगड़ी खोलने वाली बात है। आज वही सफाई कर्मी प्रदर्शन कर रहे तो सबसे ज्यादा बेइज्जती सरकार की हो रही है।

### पटना में लैब टेक्नीशियन अभ्यर्थियों ने निकाला मार्च

**पटना।**बिहार में लैब टेक्नीशियन भर्ती को लेकर अभ्यर्थियों का आंदोलन एक बार फिर तेज हो गया है। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत लंबित नियुक्तियों और नई भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं होने से नाराज अभ्यर्थियों ने मंगलवार पटना में एक दिवसीय पैदल मार्च निकाला। यह मार्च करगिल चौक से मुख्यमंत्री आवास तक निकाला जाना था, लेकिन जेपी गोलंबर पर ही उन्हें रोक दिया गया। अभ्यर्थियों की सबसे बड़ी मांग बिहार तकनीकी सेवा आयोग के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग में लैब टेक्नीशियन के 2359 पदों पर चल रही नियुक्ति प्रक्रिया को जल्द अंतिम रूप देने की है। अभ्यर्थियों का कहना है कि काफी समय से यह प्रक्रिया लंबित है, जिससे हजारों योग्य अभ्यर्थियों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। सरकार जल्द परीक्षा और नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर नियुक्ति पत्र जारी करे।अभ्यर्थियों ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जारी लैब टेक्नीशियन भर्ती विज्ञापन पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि भर्ती का विज्ञापन जारी हुए कई महीने बीत चुके हैं, लेकिन अब तक ऑनलाइन आवेदन (फॉर्म) भरने का लिंक जारी नहीं किया गया है।इससे हमलोग में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। संगठन ने सरकार और संबंधित विभाग से इस देरी का कारण स्पष्ट करने और जल्द आवेदन प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है। इसके साथ ही एनएचएम के तहत प्रस्तावित 1068 लैब टेक्नीशियन पदों के लिए भी जल्द आवेदन प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है। अभ्यर्थियों का कहना है कि स्वास्थ्य संस्थानों में लैब टेक्नीशियन की आवश्यकता होने के बावजूद भर्ती प्रक्रिया में लगातार देरी हो रही है। इससे बेरोजगार युवाओं को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### बाल कैंसर सर्वाइवर्स द्वारा प्रस्तुत गीत, नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोहा

**पटना।** महावीर कैंसर संस्थान के बाल कैंसर विभाग द्वारा कैनकिड्स किड्सकैन के सहयोग से मंगलवार को बाल कैंसर सर्वाइवर डे के मौके पर एक भव्य बाल कैंसर सर्वाइवर फोरम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बाल कैंसर से स्वस्थ हो चुके बच्चे (सर्वाइवर), उनके अभिभावक, चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी एवं कैनकिड्स... किड्सकैन की टीम ने भाग लेकर साहस, संघर्ष और आशा का उत्सव मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चिकित्सा अधीक्षक एलबी सिंह, निदेशक डॉ. बिश्वजीत सान्याल, चिकित्सा ऑन्कोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. मनीषा सिंह, कैनकिड्स जनरल मैनेजर शोभा सिंह तथा ब्लड सेंटर के प्रभारी डॉ. सुबोध कुमार मौजूद थे। इसके अतिरिक्त बाल चिकित्सा कैंसर विशेषज्ञ डॉ. साजिद अली एवं डॉ. आशुतोष वर्मा सहित महावीर कैंसर संस्थान के अनेक वरिष्ठ चिकित्सक, नर्सिंग अधिकारी एवं स्वास्थ्यकर्मी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 180 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें 63 बाल कैंसर सर्वाइवर, उनके अभिभावक, कैनकिड्स... किड्सकैन की टीम, चिकित्सक, स्वयंसेवक एवं अन्य अतिथि शामिल थे। यह सर्वाइवर फोरम सर्वाइवर्स और उनके परिवारों के लिए अपने अनुभव साझा करने, एक-दूसरे से जुड़ने तथा नई प्रेरणा प्राप्त करने का एक सशक्त मंच बना।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जो आशा, नवजीवन और स्वस्थ भविष्य का प्रतीक है। इसके पश्चात बाल कैंसर सर्वाइवर्स द्वारा प्रस्तुत गीत, नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजक खेल एवं गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिससे पूरे कार्यक्रम में उत्साह एवं आनंद का वातावरण बना रहा।इस अवसर पर अपने संबोधन में महावीर कैंसर संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एल. बी. सिंह ने सभी सर्वाइवर्स एवं उनके परिवारों को बधाई देते हुए उनके साहस और संघर्ष की सराहना की। उन्होंने कहा कि महावीर कैंसर संस्थान प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण, समग्र एवं संवेदनशील कैंसर उपचार उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

### ई-चालान जमा नहीं करने वाले 1 लाख वाहनों का आरसी ब्लैकलिस्टेड होगा

**पटना।** राज्य में ट्रैफिक नियम तोड़ने के दो लाख से अधिक ई-चालान पेंडिंग हैं। अब ई-चालान जमा नहीं करने पर वाहनों का आरसी ब्लैकलिस्टेड किया जा रहा है। इन वाहनों को सड़क पर चलते पकड़े जाने पर जब्त किया जाएगा। ऐसी गाड़ियों की सूची परिवहन विभाग ने ट्रैफिक पुलिस को उपलब्ध कराई है। पटना में 35 हजार वाहनों का आरसी ब्लैकलिस्ट किया गया है। जबकि राज्य के 1 लाख वाहनों को ब्लैकलिस्ट करने के लिए विभाग जिला वाइज सूची जारी करने की तैयारी में है। लंबे समय से ट्रैफिक चालान नहीं जमा करने वाले वाहन मालिकों को परिवहन विभाग कई बार नोटिस दे चुका है। कई वाहनों का पिछले सात-आठ साल से चालान जमा नहीं किया गया है। पांच या उससे अधिक चालान लंबित हैं। इसके बाद डीटीओ ने दो चरणों में इन वाहनों के आरसी को काली सूची में डालने की कार्रवाई की। पटना जिले में काली सूची में डाले गए 35 हजार गाड़ियों में 29 हजार दोपहिया वाहन हैं। इन पर हेलमेट नहीं पहनने, गलत दिशा में चलने,पीछे बैठी सवारी के हेलमेट नहीं पहनने, ओवरस्पीडिंग सहित अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन के मामले में चालान काटे गए थे।

### टाटा एआईए ने लॉन्च किए 'सम्पूर्ण केयर–कैंसर' और 'सम्पूर्ण केयर–कैंसर फंड'

**पटना।** टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने कैंसर से जुड़ी आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिए दो नए उत्पाद 'सम्पूर्ण केयर–कैंसर' और 'सम्पूर्ण केयर–कैंसर फंड' लॉन्च किए हैं। कंपनी का दावा है कि ये योजनाएं इलाज के साथ-साथ बीमारी के दौरान आय रुकने की स्थिति में परिवार को नियमित आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराएंगी। 'सम्पूर्ण केयर–कैंसर' में 50 लाख तक का कवर, एकमुश्त भुगतान, मासिक आय या दोनों का संयुक्त विकल्प दिया गया है। इसके अलावा 30 वर्षों तक प्रीमियम दर की गारंटी, शुरुआती जांच (डायग्नोस्टिक) का लाभ तथा विदेश में इलाज के लिए अतिरिक्त सहायता जैसी सुविधाएं भी शामिल हैं। वहीं 'सम्पूर्ण केयर–कैंसर फंड' में कैंसर सुरक्षा के साथ हेल्थ सेविंग्स फंड की सुविधा दी गई है, जिससे इलाज का लिए टैक्स-फ्री निकासी, बचत की निरंतरता, दुर्घटना से स्थायी विकलांगता कवर और प्रीमियम रिफंड का विकल्प भी मिलता है। टाटा एआईए के चीफ बिजनेस ऑफिसर सुजीत कोठारे ने कहा कि कैंसर केवल इलाज का खर्च ही नहीं बढ़ाता, बल्कि परिवार की नियमित आय पर भी असर डालता है। नए उत्पादों का उद्देश्य इलाज, आय सुरक्षा और भविष्य की बचत—तीनों मोर्चों पर परिवारों को व्यापक वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है।

## राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की पूर्व संध्या पर संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह आयोजित

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।**जन-चेतना एवं जन-शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत स्वयंसेवी संस्था नई दिशा परिवार के तत्वावधान में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की पूर्व संध्या पर मंगलवार को बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के सभागार में संगोष्ठी-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्रख्यात चिकित्सक पद्मश्री डॉ. गोपाल प्रसाद सिन्हा ने की, जबकि संचालन संस्था के सचिव राजेश राज ने किया। मुख्य संरक्षक राजेश बल्लभ ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि चिकित्सक मानवता की सेवा में सदैव समर्पित रहते हैं और समाज में उनका सम्मान सर्वोपरि है। इस अवसर पर चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए पद्मश्री डॉ. गोपाल प्रसाद सिन्हा सहित डॉ. (प्रो.) एस.ए. कृष्णा, डॉ. दिवाकर तेजस्वी, डॉ. अवधेश शर्मा, डॉ. तर्जनी शंकर, डॉ. ज्योति प्रकाश, डॉ. पूजा, डॉ. सीतेश कुमार कर्ण, डॉ. कुमार अभिनव, डॉ. राजीव कुमार, डॉ. त्रिलोकी गोलवारा, डॉ. अनिल कुमार (नवादा), डॉ. आर.पी. सिंह, डॉ. आर.के. गुप्ता, डॉ. कौशल कुमार, डॉ. अभिनव सिंह, डॉ. सुधीर शर्मा, डॉ. आनंद शंकर, डॉ. मयंक अस्मित तथा डॉ. विकास कुमार को 'हेल्थ एक्सीलेंसी अवार्ड' से सम्मानित किया गया। वहीं स्वास्थ्य जागरूकता के क्षेत्र में योगदान के लिए कई समाजसेवियों एवं कार्यकर्ताओं को 'हेल्थ अवेयरनेस अवार्ड' प्रदान किया गया। संगोष्ठी में 'राष्ट्र निर्माण में चिकित्सकों की भूमिका' विषय पर विचार व्यक्त करते हुए वक्ताओं ने कहा कि चिकित्सक केवल मरीजों का उपचार ही नहीं करते, बल्कि स्वस्थ समाज के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अपने अध्यक्षीय संबोधन में पद्मश्री डॉ. गोपाल प्रसाद सिन्हा ने भारत रत्न डॉ. बिधान चंद्र रॉय को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनकी स्मृति में पूरे देश में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया जाता है। बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ. अनिल सुलभ ने नई दिशा परिवार के सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में कमलनय श्रीवास्तव, पटना की महापौर सीता साहू तथा उपमहापौर रेशमी चंद्रवंशी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह के सांस्कृतिक सत्र में उजाला राज और प्रियांशी आर्य ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में उज्ज्वल राज, ऋतुराज, परितोष कुमार, नागेंद्र पंडित, सूरज कुमार, युवराज, कौशल कुमार, सोनी प्रिया, पिंकी शर्मा और संजना आर्य सहित अन्य कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका रही। अंत में वरिष्ठ समाजसेवी शिव प्रसाद मोदी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## स्वयंसेवको ने दानापुर स्टेशन भोजन का पैकेट किया वितरण



नई सोच एक्सप्रेस

**दानापुर।**तपती गर्मी एवं लू के थपेड़ों से राहत दिलाने के लिए प्रेम यूथ फाउंडेशन के स्वयंसेवकों ने ठंढा पानी एवं भोजन का पैकेट वितरण किया है । फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर दिलीप ने बताया सेवा ही संकल्प है । नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत 4 समेस्टर के सभी छत्राओ को 30 घँटा का वॉलेंट्रीयरशिप करना अनिवार्य है । महिला कॉलेज खगौल एवं प्रेम यूथ फाउंडेशन के बीच छत्राओ के सर्वांगीण विकास के लिए एमओयू हुआ है । फाउंडेशन निःशुल्क वॉलेंट्रीयरशिप और इंटर्नशिप कराता साथ प्लेसमेंट की भी सुविधा उपलब्ध है । स्वयंसेवक सुप्रिया ने बताया कि हम घर पर खाना बनाकर लोगो के बीच वितरित किया हमें जरूरतमंद को मदद कर काफी अच्छा लगा है । हम आगे भी अपने स्तर से सेवा कार्य जारी रखेंगे । वही मधु ने बताया कि स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति अभियान, पौधा रोपण, प्लास्टिक मुक्त भारत कार्यालय चलकर हमे देश के लिए कुछ करने का अवसर मिला है । भोजन वितरण में श्रेया, आएसा ,काजल,, अंकिता शामिल है ।

## सिद्धार्थ एवं दीक्षा के शुभ विवाह समारोह का भव्य शुभारंभ, 30 जून से 1 जुलाई तक होंगे विविध मांगलिक कार्यक्रम

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**अग्रवाल परिवार द्वारा सिद्धार्थ एवं दीक्षा के शुभ विवाह के अवसर पर दो दिवसीय भव्य विवाह समारोह का शुभारंभ आज 30 जून से हुआ। इस शुभ अवसर पर देश के विभिन्न शहरों से आए परिजन, रिश्तेदार, मित्र एवं गणमान्य अतिथि नवदंपति को अपना आशीर्वाद देने के लिए एकत्रित हुए। समारोह का आयोजन अत्यंत भव्य एवं पारंपरिक वातावरण में किया गया है। पुष्पों, हरियाली एवं भारतीय संस्कृति की झलक प्रस्तुत करती आकर्षक सजावट ने पूरे परिसर को उत्सवमय बना दिया है। 30 जून को दोपहर 12 बजे से अतिथियों का स्वागत एवं तुलसी सदन में चेक-इन प्रारंभ हुआ। इसके बाद तिलक समारोह एवं सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। अपराह्न में हल्दी समारोह तथा हाई-टी का आनंद अतिथियों ने लिया। रात्रि में रंगारंग संगीत संध्या आयोजित की गई। परिवारजनों एवं मित्रों ने गीत-संगीत और नृत्य प्रस्तुत कर समारोह को यादगार बना दिया। कल 1 जुलाई को प्रातः नाश्ते के साथ कार्यक्रमों की शुरूआत होगी। दोपहर में सामूहिक भोजन के पश्चात गुड़चढ़ी एवं बारात प्रस्थान होगा। सायंकाल रामायणा होटल में वैदिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह एवं सप्तपदी की रस्में सम्पन्न होंगी। इसके उपरांत नवविवाहित जोड़े के सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन किया जाएगा। अग्रवाल परिवार जिसमें मनोरमा अग्रवाल, गीता जैन, मीरा अग्रवाल, रमा अग्रवाल, गुड्डी अग्रवाल, युक्ति अग्रवाल, अनिरुद्ध अग्रवाल, लड्डू अग्रवाल, सुंदरम एवं ज्योति अग्रवाल ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी गरिमामयी उपस्थिति और शुभाशीष इस पावन अवसर को और अधिक यादगार बना रहे हैं। परिवार ने सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत करते हुए विवाह समारोह को प्रेम, सौहार्द और पारिवारिक एकता का उत्सव बताया।

## पंचरूपी हनुमान मंदिर में निःशुल्क हनुमान चालीसा व प्रसाद का वितरण

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**सम्राट अशोक फाउंडेशन की ओर से मंगलवार 30 जून को पंचरूपी हनुमान मंदिर, राजवंशी नगर, बेली रोड पटना में भक्तों के बीच निशुल्क हनुमान चालीसा एवं प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस मौके पर सम्राट अशोक फाउंडेशन बिहार के अध्यक्ष निरंजन कुशवाहा पप्पू ने अपनी पत्नी के साथ हनुमान जी को चोला चढ़ाकर मंदिर परिसर में उपस्थित भक्तों के बीच पॉकेट हनुमान चालीसा एवं भगवान को अर्पित लड्डू का वितरण किया। इस मौके पर सम्राट अशोक फाउंडेशन के अध्यक्ष निरंजन कुशवाह पप्पू ने कहा कि कलयुग में हनुमान जी हैं साक्षात देवता हैं जो हर लोगों की आराधना सुनते हैं और उनका कल्याण करते हैं। उन्होंने हनुमान जी से आग्रह किया कि बिहार में अभी जिस ढंग का राजनीतिक उठा पटक की स्थिति चल रही है इससे बिहार को मुक्ति मिले और बिहार में सुख शांति से सभी लोग जीवन यापन करें। उन्होंने कहा कि वे भगवान से प्रार्थना करते हैं कि बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जी के नेतृत्व में बिहार में औद्योगिक क्रांति आए और बिहार के युवाओं को रोजगार मिल सके। उन्होंने कहा कि उनका यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और उनकी यह कोशिश है कि हर व्यक्ति के पॉकेट तक हनुमान चालीसा पहुंचे और बिहार के लोगों को नकारात्मक शक्ति से मुक्ति मिल सके।

निरंजन कुशवाहा पप्पू अध्यक्ष सम्राट अशोक फाउंडेशन, बिहार

## रोटरी क्लब ऑफ पटना ने किया टीम जोश का शुभारंभ, रोटरी वर्ष 2026-27 के लिए 84 सेवा परियोजनाओं की घोषणा

नई सोच एक्सप्रेस




» आओ थोड़ा मुस्कुरा लें थीम के साथ स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण पर रहेगा विशेष फोकस

**पटना।**बिहार के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित सामाजिक संगठन रोटरी क्लब ऑफ पटना ने रोटरी भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में रोटरी वर्ष 2026-27 के लिए अपनी नई कार्यकारिणी टीम जोश तथा वर्षभर की महत्वाकांक्षी सेवा योजनाओं की घोषणा की। लगभग 83 वर्षों से निरंतर समाज सेवा कर रहे इस क्लब ने अपने 84वें सेवा वर्ष के उपलक्ष्य में 84 जनहितकारी सेवा परियोजनाएँ संचालित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। नई टीम में अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. रवि कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष रोटेरियन अनामिका नंदन, सचिव रोटेरियन डॉ. दयानिधि कुमार, कोषाध्यक्ष रोटेरियन सरिता प्रसाद, प्रेसिडेंट-इलेक्ट रोटेरियन अरिजीत मित्रा, संयुक्त सचिव रोटेरियन सैकत सेन गुप्ता, इमीडिएट पास्ट प्रेसिडेंट रोटेरियन रश्मि कुमारी, सार्जेंट-एट-आर्म्स रोटेरियन डॉ. शिप्रा भारती, निदेशक रोटेरियन रमेश चन्द्र, रोटेरियन अनुज राज, रोटेरियन अनुप कुमार पालित, रोटेरियन हिमांशु रंजन एवं रोटेरियन कविता नाथ, तथा संपादकीय टीम में रोटेरियन कमल किशोर वर्मा एवं रोटेरियन सुचित्रा कुमारी शामिल हैं। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अध्यक्ष डॉ. रवि कुमार सिन्हा ने कहा कि इस वर्ष की थीम आओ थोड़ा मुस्कुरा लें केवल एक संदेश नहीं, बल्कि समाज में आशा, सकारात्मकता और मानवीय संवेदनाओं को बढ़ाने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि क्लब अपने 84वें वर्ष को सेवा का स्वर्णिम अध्याय बनाने के लिए 84 प्रभावी परियोजनाएँ संचालित करेगा, जिससे समाज के अधिक से अधिक लोगों तक सहायता और खुशियाँ पहुँच सकें। सचिव डॉ. दयानिधि कुमार ने बताया कि इस वर्ष क्लब का उद्देश्य रोटरी को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, महिला सशक्तिकरण, युवाओं का नेतृत्व विकास, पर्यावरण संरक्षण तथा जन-जागरूकता कार्यक्रम क्लब की सर्वोच्च प्राथमिकताएँ होंगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि रोटरी क्लब ऑफ पटना सरकार, सामाजिक संस्थाओं, कॉर्पोरेट जगत, शिक्षण संस्थानों एवं मीडिया के सहयोग से समाज में सकारात्मक और स्थायी परिवर्तन लाने का कार्य करेगा। इस वर्ष की प्रमुख योजनाओं में रोटरी भवन में स्थायी हेल्थ केयर सेंटर की स्थापना, जहाँ नियमित रूप से जनरल फिजिशियन, ईएनटी, दंत चिकित्सा, होम्योपैथी, एक्यूप्रेशर सेवाएँ, सीपीआर प्रशिक्षण एवं कैंसर जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त सहेली सेंटर के माध्यम से महिला कौशल विकास, वीमेन ऑन व्हील्स कार्यक्रम, रोटरी बिहार एक्सीलेंस अवार्ड, विद्यालयों में क्विज प्रतियोगिताएँ, दनियावां एवं चंडी में व्यापक वृक्षारोपण अभियान तथा विद्यालयों एवं संस्थानों में फायर सेफ्टी अवेयरनेस अभियान आयोजित किए जाएंगे।

## योग शारीरिक व मानसिक तनाव दूर करने में सहायक : प्रो.नवल यादव




नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**आधुनिक युग मे योग का महत्वपूर्ण स्थान है। भाग दौड़ के जीवन में व्यक्ति कम समय में अधिक परिणाम की चाहत रखने लगें हैं। जिससे मानसिक व शारीरिक रूप से तनावग्रस्त हो रहें हैं। ऐसी स्थिति से निजात पाने में एकमात्र उपाय योग करना है। विनय टॉवर रामनगरी मोड़,पटना में प्रकृति योग एवं फिटनेस सेंटर का उदघाटन करते हुए मुख्य अतिथि बिहार विधान परिषद सदस्य प्रो. नवल किशोर यादव ने कहा कि विश्व के लगभग सभी देशों के लोग योग को अपनाकर शारीरिक व मानसिक तनाव से मुक्त हो रहें हैं। इस तरह के सेंटर खुलने से समाज के सभी वर्गों को लाभ पहुंचता है। अतिथियों का स्वागत प्रकृति योग एवं फिटनेस सेंटर की संचालिका लक्ष्मी कुमारी ने किया। कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षा एवं योग शिक्षक गौरी शंकर ने किया। उदघाटन समारोह के अवसर पर पूर्व प्राचार्या कृष्णा सिंह,चंचला कुमारी, अजय यादव, प्रो.अरुण दयाल,मिताली मित्रा,शारीरिक शिक्षक शिव नारायण पाल,संजीव पोद्दार, श्रीमोद पाठक उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन रंजन कुमार गुप्ता ने किया।

## एचडीएफसी बैंक ने पूर्व वित्त सचिव राजीव कुमार को पार्ट-टाइम चेयरमैन नियुक्त किया

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**एचडीएफसी बैंक के बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स ने बैठक में पूर्व वित्त सचिव राजीव कुमार को 30 जून, 2026 से चार साल की अवधि के लिए बैंक का अतिरिक्त निदेशक (स्वतंत्र निदेशक) नियुक्त करने की मंज़ूरी दी। यह फैसला गवर्नेंस, नॉमिनेशन और रेम्यूनरेशन कमिटी की सिफारिश पर लिया गया था। इंडिपेंडेंट डायरेक्टर के तौर पर यह नियुक्ति बैंक के शेयरहोल्डर्स की मंज़ूरी पर निर्भर है। वे अंतरिम पार्ट-टाइम चेयरमैन केकी मिस्त्री की जगह लेंगे, जिन्हें पूर्व पार्ट-टाइम चेयरमैन अतानु चक्रवर्ती के नैतिक कारणों का हवाला देते हुए अचानक इस्तीफा देने के बाद यह जिम्मेदारी संभालनी पड़ी थी। बैंक ने कहा कि इस बात की पुष्टि की जा रही है कि सेबी या किसी अन्य ऐसी अथॉरिटी के किसी आदेश के तहत राजीव कुमार को डायरेक्टर का पद संभालने से नहीं रोका गया है। 66 वर्षीय श्री कुमार 1984 बैच के पूर्व आईएएस अधिकारी हैं। वे फरवरी 2020 में भारत के वित्त सचिव के पद से रिटायर हुए। रिटायरमेंट के बाद, श्री कुमार ने कुछ समय के लिए पब्लिक एंटरप्राइजेज सिलेक्शन बोर्ड के चेयरमैन के तौर पर भी काम किया।

## डेलिगेशन क्यों है जरूरी? बड़ी डील गंवाने के बाद अनिल अग्रवाल ने बताई वजह

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने अपने उद्यमी जीवन के शुरुआती दिनों का एक अनुभव साझा करते हुए बताया कि बिजनेस खड़ा करने के दौरान उन्हें सबसे बड़ा सबक एक बड़ी डील का हाथ से निकल जाने के बाद मिला। उन्होंने कहा कि इस घटना ने उन्हें 'डेलिगेशन' यानी सही व्यक्ति को जिम्मेदारी सौंपने और उस पर भरोसा करने का महत्व समझाया। सोशल मीडिया पर साझा किए अपने अनुभव में अग्रवाल ने लिखा कि शुरुआती दिनों में वह अपने सभी काम स्वयं संभालते थे और खुद को "वन मैन आर्मी" मानते थे। उनकी सुबह खरीदारों (Buyers) से बातचीत में, दोपहर सप्लायर्स के साथ और शाम बैंक के कामकाज में बीतती थी। उन्हें लगता था कि हमे खुद काम करना ही सफलता का एकमात्र रास्ता लगता है, चाहे उसके लिए दिन का हर मिनट क्यों न देना पड़े। हालांकि, उन्होंने बताया कि एक दिन केवल एक जरूरी फॉर्म समय पर जमा नहीं हो पाने के कारण एक बड़ी डील उनके हाथ से निकल गई। इस घटना ने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया और यह एहसास कराया कि लगातार मेहनत करने के बावजूद उनका काम करने का तरीका सही नहीं था। अग्रवाल ने बताया कि इसी घटना के बाद उन्होंने पहली बार एक 'मुंशी' को नियुक्त किया, ताकि कुछ जिम्मेदारियां दूसरों को सौंपी जा सकें और वह अपने समय का बेहतर उपयोग कर सकें। अपने संदेश के अंत में उन्होंने नेतृत्व से जुड़ा एक महत्वपूर्ण विचार साझा करते हुए कहा, "हर leader को खुद से एक सवाल जरूर पूछना चाहिए – मेरे एक घंटे की कीमत क्या है? अगर उस एक घंटे का काम कोई और कर सकता है, तो उसे hire कीजिए। और अपना समय वहां लगाइए जहां उसकी असली कीमत है – बड़े सपनों को पूरा करने में।" अपने अनुभव के जरिए अग्रवाल ने यह संदेश दिया कि सफल नेतृत्व केवल कड़ी मेहनत करने में नहीं, बल्कि सही लोगों पर भरोसा करने और जिम्मेदारियां सौंपने की क्षमता विकसित करने में भी निहित है।

हर खबर पर पैनी नजर
# नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



## संक्षिप्त समाचार

### राजमिस्त्री से प्लेटिनम कॉन्ट्रैक्टर बनने तक के सफर में एसीसी का महत्वपूर्ण योगदान

**बेगूसराय**।अदाणी पोर्टफोलियो का हिस्सा और सबसे तेजी से आगे बढ़ रही बिल्डिंग मैटेरियल्स एवं सॉल्यूशंस कंपनी एसीसी बेहतरीन क्वालिटी वाले प्रोडक्ट्स, भरोसेमंद साझेदारी और सम्मान के साथ इससे जुड़े ठेकेदारों की तरक्की में लगातार साथ दे रही है। बिहार के जमुई जिले में ठेकेदार संजय कुमार मंडल का सफर इस बात की मिसाल है कि कैसे अनुभव, जज़्बे और ग्राहकों के भरोसे के दम पर अपने पेशे में तरक्की हासिल की जा सकती है। मंडल ने अपने करियर की शुरुआत 1994 में बिहार के झाझा में एक दिहाड़ी मिस्त्री के तौर पर की थी। उस समय वह छोटे-मोटे मरम्मत के काम, बाउंड्री वॉल बनाने और स्थानीय रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट्स पर काम किया करते थे। शुरुआती दौर में उन्हें आर्थिक मुश्किलों और पहचान की कमी जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने अपने तकनीकी हुनर और काम की गुणवत्ता को बेहतर बनाने का जज़्बा कभी नहीं छोड़ा। साल 2013 में एसीसी के एक टेक्निकल सेशन में हिस्सा लेने के बाद उनके पेशे को नई रफ्तार मिली। यहां उन्होंने कंस्ट्रक्शन से जुड़ी बेहतर कार्यप्रणालियों, सीमेंट की क्वालिटी और रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट्स में मजबूती की अहमियत के बारे में जाना। इस अनुभव ने उन्हें अहम प्रोजेक्ट्स में एसीसी गोल्ड सीमेंट अपनाने और ज़्यादा मजबूत व दरार-रोधी ढांचे तैयार करने पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। जैसे-जैसे उनके काम और क्वालिटी को स्थानीय स्तर पर पहचान मिलने लगी, मंडल ने धीरे-धीरे अपने ठेकेदारों का नेटवर्क बढ़ाया और प्रशिक्षित एप्लीकेटर्स की अपनी टीम भी तैयार कर ली। इसके बाद उन्होंने साल 2022 में रिवाड्र्स कनेक्ट प्रोग्राम से भी जुड़कर कंपनी के साथ अपने रिश्ते को और मजबूत किया। आज मंडल 400 से ज़्यादा निर्माण स्थलों पर काम पूरा कर चुके हैं और 30 से अधिक एसीटी साइट्स भी विकसित कर चुके हैं। उनके ज़्यादातर प्रोजेक्ट्स में एसीसी गोल्ड सीमेंट का इस्तेमाल किया गया है। गुणवत्ता आधारित निर्माण को बढ़ावा देने में उनके योगदान के लिए उन्हें वित्त वर्ष 2025-26 में क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले ठेकेदारों में भी सम्मानित किया गया।

### 160 लीटर चुलाई देशी शराब बरामद धंधेबाज भेजा गया जेलश

**वैशाली**। बरांटी थाना क्षेत्र में संध्या गस्ती के दौरान 160 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ धंधेबाज बाइक सहित गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बरांटी थाने में पदस्थापित पीटीसी लवजी प्रसाद थाना क्षेत्र के बरांटी बाजार में गस्ती कर रहे थे। इसी बीच एक बाइक दिखाई दिया जो बरुआ रेलवे ढाला होकर रंदाहा की ओर जा रहा था। जिसके पीछे बोरे में कुछ बंधे हुए थे।संदेह के आधार पर बाइक का सुरक्षा बलों द्वारा पीछा किया गया। पुलिस को देखकर उक्त बाइक चालक अपनी गाड़ी को तेजी से भगाते हुए भागने लगा् परंतु पुलिस वाहन का पीछा करने के कारण वह घबराकर रंदाहा डिहवारिणी स्थान के पास गाड़ी लेकर गिर गया। जिसे साथ के सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। पकड़े गए व्यक्ति से नाम पता पूछने पर अपना नाम राहुल कुमार उम्र 22 वर्ष पिता भरत राय ग्राम माईल थाना बिदुपुर बताया। उसकी बाइक के पीछे बंधा हुआ दो बोरा प्लास्टिक का और दूसरा जुट के बोरे को खोलकर चेक किया गया तो उसने कुछ कुल 80 लीटर व जूट के बोरे में पारदर्शी पन्नी में 8 पन्नी प्लास्टिक में करीब 10 लीटर यानी 80 लीटर दोनों बोरे में को मिलाकर कुल 160 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद हुए। देशी शराब बाइक व धंधेबाज को गिरफ्तार कर थाना पर लाया गया एवं कागजी प्रक्रिया पूरी कर उसे जेल भेज दिया गया।

### नाले में डूबने से 15 वर्षीय किशोरी की मौत, गांव में पसरा मातम

**मोतिहारी**।सुगौली थाना क्षेत्र के उत्तरी मनसिंघा पंचायत अंतर्गत खोड़ा गांव में नाले में डूबने से एक 15 वर्षीय किशोरी की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।जानकारी के अनुसार, खोड़ा गांव निवासी राम नारायण भगत की 15 वर्षीय पुत्री सपना कुमारी सोमवार की शाम गांव के समीप गई थी। घर लौटने के दौरान वह अचानक नाले में गिर गई। बताया जाता है कि वह नाले से बाहर नहीं निकल सकी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।देर शाम तक सपना के घर नहीं लौटने पर परिजन चिंतित हो उठे और आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। मंगलवार की सुबह जब ग्रामीण नाले की ओर गए तो पानी में उसका शव तैरता हुआ दिखाई दिया। इसकी सूचना तुरंत परिजनों को दी गई, जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और शव को बाहर निकाला। घटना की जानकारी पूर्व मुखिया प्रतिनिधि नईम खान ने स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सुगौली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया गया।घटना के बाद मुखिया प्रतिनिधि नईम खान ने मृतका के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया तथा हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। किशोरी की असामयिक मौत से पूरे गांव में शोक का माहौल है।

### विकसित भारत जी राम जी के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**बेतिया**। मझौलिया प्रखंड मुख्यालय विकसित भारत जी राम जी के सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनप्रतिनिधियों को अभियान की नई गाइडलाइन, नियमों एवं उसके प्रभावी क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी देना था, ताकि योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुंच सके। कार्यक्रम पदाधिकारी तरुण कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान सभी जनप्रतिनिधियों को विकसित भारत जी राम जी के उद्देश्य, कार्यप्रणाली, नई गाइडलाइन तथा विभिन्न योजनाओं के संचालन से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप जनप्रतिनिधि अपने-अपने पंचायत क्षेत्रों में योजनाओं का बेहतर प्रचार-प्रसार करें और पात्र लाभुकों तक सरकारी सुविधाएं पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़े अपने अनुभव साझा किए तथा अधिकारियों से कई महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में योजनाओं के सफल संचालन, पारदर्शिता बनाए रखने तथा जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया गया।इस अवसर पर प्रमुख पति मंटू कुशवाहा, मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष हरीलाल यादव, देवी सहनी, आशीष भट्ट, मुखिया निर्मला तिवारी, प्रतिनिधि अरुण यादव, मोहन गुप्ता, दीनानाथ साह, पंचायत समिति सदस्य ओशियर यादव, राज कुमार चौधरी, दिलीप सहनी, संजय सिंह, समिति प्रतिनिधि शेख चुन्नू, हेमंत मिश्रा, रामएकबाल सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों से अपने-अपने क्षेत्रों में अभियान की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहयोग करने का आह्वान किया गया।

## महंगाई, बेरोजगारी और पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)**। जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष संजीव कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर चौक से रैली निकाली, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कारगिल चौक पहुंची। यहां कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए प्रतीकात्मक रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी तथा नीट परीक्षा सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। वक्ताओं ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है, जबकि युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं मिल पा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रतियोगी परीक्षाओं में बार-बार पेपर लीक होने से छात्रों का भविष्य संकट में पड़ गया है।जिला कांग्रेस कमिटी के सचिव सरवर मल्लिक ने कहा कि केंद्र सरकार युवाओं, किसानों और आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान में विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है, वहीं शिक्षा व्यवस्था भी पेपर लीक जैसी घटनाओं से प्रभावित हो रही है, जिससे छात्रों और अभिभावकों में निराशा का माहौल है।प्रदर्शन में कांग्रेस नेता अशोक प्रियदर्शी, सरवर मल्लिक समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई थी। शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए इस प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जनहित के मुद्दों पर सरकार ने प्रभावी कदम नहीं उठाए, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## भरत तिवारी एनकाउंटर मामले पर दखनेर में कैंडल मार्च, न्यायिक जांच की मांग

नई सोच एक्सप्रेस




**गया जी**। परैया प्रखंड के दखनेर गांव में भरत तिवारी के कथित पुलिस एनकाउंटर को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश एक बार फिर सड़कों पर दिखाई दिया। शिव मंदिर चौक से सैकड़ों लोगों ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर कैंडल मार्च निकाला और श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। प्रदर्शनकारियों ने कथित एनकाउंटर को संदिग्ध बताते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष न्यायिक जांच कराने की मांग की।श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच होने पर ही सच्चाई सामने आ सकेगी। उन्होंने भरत तिवारी की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने न्याय की मांग को लेकर नारेबाजी की और दोषी पाए जाने वालों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग उठाई।कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी विमलेश सिंह ने की। इस अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के राष्ट्रीय सचिव राज किशोर पांडे, समाजसेवी डॉ. मनोज कुमार, रंजीत कुमार, भोजपुरी गायक चंदन पांडे समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।गौरतलब है कि भरत तिवारी के कथित एनकाउंटर को लेकर क्षेत्र में लगातार विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष न्यायिक जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है। वहीं प्रशासन की ओर से इस संबंध में क्या कदम उठाए जाते हैं इस पर अभी तक लोगों की नजर बनी हुई है।

## जिला परिषद अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

नई सोच एक्सप्रेस



» अध्यक्ष के विरुद्ध सदस्यों ने सौंपा पत्र,विशेष बैठक बुलाने की मांग

**भभुआ**।कैमूर जिला परिषद के निर्वाचित सदस्यों ने अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा एवं मत विभाजन के लिए विशेष बैठक बुलाने की मांग की है।इस संबंध में सदस्यों ने अध्यक्ष को पत्र सौंपकर बिहार पंचायत राज अधिनियम-2006 की धारा 70 (4) (1) के तहत तिथि,स्थान एवं समय निर्धारित करने का अनुरोध किया है। पत्र में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 10 फरवरी 2026 को पारित आदेश डायरी संख्या-2168/2025 (उषा देवी उर्फ उषा कुमारी बनाम बिहार सरकार एवं अन्य) का हवाला दिया गया है।सदस्यों का कहना है कि अध्यक्ष को पद पर निर्वाचित हुए दो वर्ष से अधिक हो चुका है और इन दो वर्षों के कार्यकाल से जिला परिषद के अधिकांश निर्वाचित सदस्य असंतुष्ट हैं।पत्र में उल्लेख है की अध्यक्ष द्वारा अपने समर्थक सदस्यों से अधियाचना प्राप्त कर 16 जनवरी 2024 मंगलवार को विशेष बैठक की तिथि निर्धारित की गई थी।मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा सभी सदस्यों को सूचना भी भेजी गई थी।लेकिन बहुमत सदस्यों की अनुपस्थिति के कारण न तो अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा हुई और न ही मतदान हो सका।सदस्यों ने आरोप लगाया है की जिन सदस्यों की अधियाचना पर बैठक बुलाई गई थी,वे सदस्य भी अनुपस्थित रहे।क्योंकि अधियाचना प्राप्त करने के बाद उन्हें भभुआ शहर से कहीं दूर तब तक रखा गया जब तक विशेष बैठक की निर्धारित तिथि बीत नहीं गई। तिथि बीत जाने के बाद ही सदस्यगण अपने घर लौट पाए थे।अब विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल,समदेईया देवी,अखिलेश कुमार चौरसिया,गीता देवी, राजकुमार सिंह,बुल्लू राम, शत्रुंजय कुमार सिंह आदि सदस्यों ने दोबारा अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए विशेष बैठक बुलाने की मांग की है।

## डीएसपी बनीं सानिया कलीम, समाज ने किया सम्मानित



नई सोच एक्सप्रेस

**डेहरी-ऑन-सोन (रोहतास)**। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) परीक्षा में सफलता प्राप्त कर डेहरी-ऑन-सोन की सानिया कलीम के डीएसपी बनने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। कमरानगंज निवासी सानिया सेवानिवृत्त शिक्षक मोहम्मद कलीम मंसूरी एवं शिक्षिका अंजुम परवीन की पुत्री हैं। उन्होंने पटना स्थित हज भवन में रहकर बीपीएससी की तैयारी की। सम्मान समारोह में वरिष्ठ पत्रकार एवं अधिवक्ता मो. तस्लीम उल हक़ ने कहा कि सानिया समाज की शान हैं और उनकी सफलता युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर डेहरी विधायक राजीव रंजन सिंह, पूर्व विधायक ई. सत्यनारायण सिंह यादव, डीडीसी बलदेव चौधरी सहित कई जनप्रतिनिधियों एवं समाज के लोगों ने उनके आवास पहुंचकर अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ और मिठाई देकर सम्मानित किया। सानिया ने कहा कि डीएसपी बनना उनके लिए गर्व की बात है, लेकिन उनका अंतिम लक्ष्य भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में चयनित होना है।

## भलुआही में कच्ची नाली बनी आफत, बरसात में बढ़ा बीमारी का खतरा



नई सोच एक्सप्रेस

**गया जी**। वज़ीरगंज प्रखंड की तरवां पंचायत अंतर्गत भलुआही गांव के वार्ड संख्या-6 में पक्की नाली नहीं होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कच्ची नालियों में गंदा पानी और कचरा जमा रहने से जलजमाव की स्थिति बनी रहती है, जिससे लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है।ग्रामीणों के अनुसार नालियों की नियमित सफाई नहीं होने के कारण गंदगी बढ़ती जा रही है। इससे मच्छर, मक्खी और अन्य कीड़ों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे संक्रामक बीमारियों की आशंका बनी रहती है।बताया जाता है कि यहाँ बरसात के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। जलजमाव के कारण कई बार नालियों से सांप और बिच्छू निकल आते हैं, जिससे लोगों में भय का माहौल रहता है।ग्रामीण द्वारा इस समस्या को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। ग्रामीणों ने अविलंब पक्की नाली का निर्माण समुचित जलनिकासी व्यवस्था तथा नियमित सफाई की मांग की है।इस संबंध में मुखिया प्रतिनिधि से पूछताछ के क्रम में रामशंकर प्रसाद उर्फ हप्पु यादव ने बताया कि वार्ड में पक्की नाली निर्माण की योजना तैयार है। उन्होंने कहा कि जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कराकर ग्रामीणों की समस्या का समाधान किया जाएगा।

## कबीर की साहित्य साधना विषय पर व्याख्यान



नई सोच एक्सप्रेस

**वैशाली**।बीएमडी कॉलेज दयालपुर के परिसर में हिंदी विभाग द्वारा कबीर की साहित्य साधना विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर तारकेश्वर पंडित ने की।प्राचार्ज महोदय ने बताया कि संसार मृतप्राय हैं जो आया है वह जाएगा।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व प्रोफेसर सेवानिमृत आचार्य एवं पूर्व विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग, आचार्य नरेंद्र देव महाविद्यालय शाहपुर पटोरी व पूर्व निदेशक वयस्क शिक्षा ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा के डॉक्टर बिंदेश्वर दास ने कबीर दास के पदों के माध्यम से गुरु के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता प्राचार्य महोदय ने बताया कि जितनी आलोचना कबीर के लेखन का किया गया आज तक दूसरे का नहीं किया गया।कबीर ने अपने नाम से कोई पूथ नहीं चलाया।कालांतर में उनके अनुयायियों ने कबीर पंथ बनाया।इन्होंने बताया कि कबीर साहित्य साधना नहीं किए थे।वे समाज साधना किए थेऔर साधना पर बल देते थे। उन्होंने बताया कि गुरु के पास ज्ञान लेने जा रहे हैं तो खाली होकर जाए तब गुरु का ज्ञान ग्रहण करें।डॉक्टर महर्षि अखिलेश ने बीच मे वक्तव्य देते हुए कबीर के जीवनवृत्त और साहित्य पर प्रकाश डाला मंच का संचालन डॉक्टर सुभाष कुमार ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर पूजा कुमारी ने की।इस कार्यक्रम में सभी विभाग के अध्यापकगण व छात्र घण उपस्थित हुए।

## लायंस क्लब ऑफ छपरा टाउन ने जनसेवा के लिए मर्चुरी बॉक्स किया समर्पित



नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा**।समाज सेवा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण पहल करते हुए लायंस क्लब ऑफ छपरा टाउन ने आम नागरिकों की सुविधा के लिए मर्चुरी बॉक्स जनसेवा को समर्पित किया। इस सेवा का शुभारंभ डॉ. एस. के. पाण्डेय, डॉ. राकेश कुमार प्रसाद, प्रमोद मिश्रा, धर्मेंद्र चौहान, अमरनाथ एवं कुंवर जायसवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष अभिषेक किशोर ने कहा कि लायंस क्लब का मूल उद्देश्य सेवा, समर्पण और मानवता है। उन्होंने कहा कि मर्चुरी बॉक्स की उपलब्धता से कठिन समय में शोकाकुल परिवारों को आवश्यक सुविधा मिलेगी तथा दिवंगत के पार्थिव शरीर को सम्मानपूर्वक सुरक्षित रखने में सहायता प्राप्त होगी। लायन कुंवर जायसवाल ने कहा कि लायंस क्लब समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने के संकल्प के साथ निरंतर सेवा कार्य करता रहेगा। इस अवसर पर क्लब के कोषाध्यक्ष डॉ. सतीश चंद्रा, रितेश रंजन, डॉ. नम्रता जायसवाल, मयंक जायसवाल, गोविंद सोनी, कबीर, विकास गुप्ता, सतीश पांडे, अर्जुन पंडित, धीरज सिंह, डॉ. राकेश सिंह, अमित सोनी, उज्ज्वल मिश्रा, आशुतोष पाण्डेय उपस्थित रहे।

## गया जी में राम मंदिर चढ़ावा मामले को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन, पुतला दहन

नई सोच एक्सप्रेस



**गया जी**। अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के चढ़ावे में कथित अनियमितताओं के आरोपों को लेकर सोमवार को गया के चांदचौरा-विष्णुपद तीनमुहानी के पास कांग्रेस पार्टी एवं श्रीराम मंदिर चढ़ावा चोरी उजागर कराओ संघर्ष समिति के संयुक्त तत्वावधान में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्रा का पुतला दहन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनीश कुमार झुना ने की। संघर्ष समिति के संयोजक प्रो. विजय कुमार मिट्ठु सहित अन्य वक्ताओं ने श्रीराम मंदिर ट्रस्ट पर चढ़ावे और वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह मामला करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा है, इसलिए इसकी जांच सुप्रीम कोर्ट के एक वर्तमान न्यायाधीश की निगरानी में कराई जानी चाहिए। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि मामले में अब तक केवल निचले स्तर के कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई हुई है, जबकि जिम्मेदार लोगों की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए। उन्होंने ट्रस्ट को भंग करने, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए भूतपूर्व सैनिक देवनाथ प्रसाद चौहान

नई सोच एक्सप्रेस



**वैशाली**।प्रखंड मुख्यालय के भुवनेश्वर चौक स्थित एक निजी परिसर में सोमवार को भूतपूर्व सैनिक व समाजसेवी स्वर्गीय देवनाथ प्रसाद चौहान की दसवीं पुण्यतिथि श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर क्षेत्र के समाजसेवियों,शिक्षाविदों, भूतपूर्व सैनिकों व बुद्धिजीवियों ने उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने स्वर्गीय चौहान के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे मृदुभाषी, विनम्र और मिलनसार स्वभाव के धनी व्यक्ति थे। सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद उन्होंने सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई और लोगों की सेवा में जीवन समर्पित कर दिया। बताते चलें कि वे वर्ष 1974 से 1994 तक भारतीय सेना में अपनी सेवा दे चुके थे। 30 जून 2016 को एक सड़क दुर्घटना में उनका असमय निधन हो गया था। कार्यक्रम के दौरान स्वर्गीय चौहान के बड़े पुत्र अमरनाथ चौहान द्वारा वर्ष 2026 की मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मैट्रिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण 37 छात्र-छात्राओं और इंटरमीडिएट में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण 30 विद्यार्थियों को यह सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर अंचलाधिकारी गौरव कुमार, युवा समाजसेवी अनिल कुमार, पंचायत समिति सदस्य तपसी प्रसाद सिंह,कमलनाथ चौहान, बजरंग प्रसाद सिंह,गुड्डू सिंह, माधो सिंह,सुनील कुमार, पशुपतिनाथ सिंह, राम प्रवेश राय, अशोक राय सहित अन्य गणमान्य लोगों ने स्वर्गीय चौहान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का समापन भावपूर्ण वातावरण में स्व. चौहान के आदर्शों को जीवन में उतारने के संकल्प के साथ किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### नाम सुनकर हाड़ कांप जाते थे अपराधियों के उन्हें आग बुझाने की जिम्मेदारी मिला

**सेवा विस्तार कर बिहार का डीजीपी बनाएं : डॉ लक्ष्मी**

**फतुहा**। भाजपा मीडिया प्रभारी डॉ. लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने कहा कि किसी भी राज्य की सबसे बड़ी पूंजी उसकी ईमानदार, निर्भीकता और अनुशासनप्रिय, प्रशासनिक व्यवस्था होती है। ऐसे अधिकारियों की पहचान उनकी कुर्सी से नहीं, बल्कि उनके फैसलों और कार्यशैली से होती है। बिहार की वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी शोभा अहोतकर का नाम उन्हीं अधिकारियों में लिया जाता है, जिनके नाम से अपराधियों के हौसले पस्त हो जाते थे और पुलिस महकमे में अनुशासन की मिसाल कायम होती थी। उन्होंने कहा कि शोभा अहोतकर को "हंटर वाली आईपीएस अधिकारी" के नाम से पहचान मिली। उनकी कार्यशैली स्पष्ट थी—कर्तव्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं और कानून से ऊपर कोई नहीं। यही कारण था कि उन्होंने प्रभावशाली लोगों के विरुद्ध भी कार्रवाई करने से कभी परहेज़ नहीं किया। जब उन्होंने 15 सांसदों और विधायकों तक के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल कराई, तब पूरे प्रशासनिक तंत्र में उनकी निष्पक्षता और साहस की चर्चा हुई। उन्होंने विभिन्न जिलों में पुलिस अधीक्षक के रूप में अपराध नियंत्रण और प्रशासनिक अनुशासन की अलग पहचान बनाई। डॉ. पटेल ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इतनी सख्त और अनुभवी अधिकारी की क्षमता का पूरा उपयोग नहीं हो सका। यदि कोई अधिकारी अपराधियों में भय और आम जनता में विश्वास पैदा करने की क्षमता रखता हो, तो उसकी विशेषज्ञता का लाभ राज्य को लंबे समय तक मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में, जब बिहार में कानून-व्यवस्था को लेकर लगातार सवाल उठते हैं, अनुभवी अधिकारियों की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को केवल औपचारिक सेवानिवृत्ति तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि जनहित को प्राथमिकता देते हुए ऐसे अधिकारियों के अनुभव का उपयोग करने के विकल्पों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। डॉ. पटेल ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से आग्रह किया कि यदि संवैधानिक एवं सेवा नियमों के अनुरूप संभव हो, तो शोभा अहोतकर को दो वर्ष का सेवा विस्तार देकर बिहार का पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त करने पर विचार किया जाए। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता केवल पद भरने की नहीं, बल्कि ऐसी नेतृत्व क्षमता की है जो अपराधियों में कानून का भय और जनता में सुरक्षा का विश्वास पैदा कर सके। बिहार को ऐसे नेतृत्व की जरूरत है जो राजनीतिक या प्रशासनिक दबाव से ऊपर उठकर निष्पक्षता, अनुशासन और कठोर कानून-पालन की परंपरा को मजबूत करे। डॉ. पटेल ने अंत में कहा कि इतिहास उन्हीं अधिकारियों को याद रखता है, जो सत्ता की सुविधा नहीं बल्कि कानून की प्रतिष्ठा के लिए काम करते हैं। शोभा अहोतकर जैसी अधिकारियों का अनुभव बिहार के लिए एक धरोहर है?

### केवड़ा ओपी क्षेत्र में गाली-गलौज और हर्ष फायरिंग के आरोप में दो गिरफ्तार, दो जिंदा कारतूस बरामद



**पुनपुन**।पुनपुन ओ पी केवड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत सरैया गांव में गाली-गलौज और हर्ष फायरिंग की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों के पास से दो जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए हैं।केवड़ा ओपी अध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि सोमबार की रात करीब 11:30 बजे सरैया गांव निवासी महिला आरती देवी ने सूचना दी कि गांव के ही दो व्यक्तियों द्वारा उनके दरवाजे पर आकर गाली-गलौज की गई तथा हर्ष फायरिंग की गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का सत्यापन किया। हालांकि मौके से कोई खोखा बरामद नहीं हुआ।इसके बाद मंगलबार के सुबह पुलिस ने नामजद आरोपितों के घरों पर विधिवत छापेमारी की। इस दौरान अविनाश कुमार उर्फ पल्लू सिंह, पिता नागेश्वर प्रसाद सिंह, निवासी मियांचक, थाना धनरूआ तथा वीरभिमन्नू केवट, पिता ढोधा केवट, निवासी सरैया, थाना पुनपुन (केवड़ा ओपी), जिला पटना को गिरफ्तार किया गया।पुलिस ने दोनों आरोपितों के पास से एक-एक जिंदा कारतूस बरामद किया। कुल दो जिंदा कारतूस की बरामदगी के बाद विधिवत जब्ती सूची तैयार कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है।पुलिस के अनुसार मामले में अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है तथा घटना के सभी पहलुओं की जांच जारी है।

### फायर-बोल्ट ने स्मार्टफोन बाजार में रखा कदम; फ्लिपकार्ट के साथ साझेदारी में लॉन्च किया बोल्ट ब्रांड




**पटना**। भारत के सबसे बड़े कनेक्टेड कंज्यूमर इकोसिस्टम में से एक, फायर-बोल्ट ने आज स्मार्टफोन मार्केट में एंट्री की घोषणा की है। वियरेबल्स सेगमेंट में अपनी सफलता के बाद, कंपनी ने बोल्ट नाम से एक नया मेड-इन-इंडिया स्मार्टफोन ब्रांड लॉन्च किया है। यह नया ब्रांड ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट और अन्य प्रमुख रिटेल चैनलों के माध्यम से पूरे देश में उपलब्ध होगा। बोल्ट के फाउंडर एवं सीईओ, अर्नव किशोर ने कहा, "पिछले कुछ सालों में लाखों लोगों ने फायर-बोल्ट पर भरोसा जताया है, और इसी वजह से हम देश का इतना बड़ा कंज्यूमर ब्रांड बन पाए हैं। 'बोल्ट' हमारी इसी कामयाबी का अगला कदम है। आज स्मार्टफोन सिर्फ एक फोन नहीं रह गया है, बल्कि यह लोगों के जुड़ने, कुछ नया सीखने और उनके सपनों को पूरा करने का सबसे बड़ा जरिया है। हमें पूरा यकीन है कि भारत में एक ऐसे देसी ब्रांड की बहुत जरूरत है, जो सच में भारतीयों की पसंद और जरूरतों को समझता हो। 'बोल्ट' के साथ हम अपनी पूरी ताकत, तकनीक और तजुर्बे को मिलाकर ऐसे स्मार्टफोन पेश करने जा रहे हैं, जो पूरी तरह से भारत के लिए डिजाइन और देश के भविष्य को देखकर बनाए गए हैं।" इस अवसर पर फ्लिपकार्ट के सीनियर डायरेक्टर, मुकुंद केडिया ने कहा, "हमारा मकसद देश के बड़े शहरों से लेकर छोटे-छोटे कस्बों और गांवों तक के हर यूजर के लिए बेहतरीन स्मार्टफोन अनुभव को आसान बनाना है। फ्लिपकार्ट के बड़े डिलीवरी नेटवर्क और बोल्ट के खास भारतीय जरूरतों के लिए बने 4G और 5G स्मार्टफोन के साथ, अब देशभर के ग्राहकों को ऐसे फोन मिलेंगे जो मजबूत होने के साथ-साथ परफॉर्मेंस और नई टेक्नोलॉजी का एक बढ़िया पैकेज होंगे।"

# विश्वामित्र सेना ने उठाई बक्सर कॉरिडोर निर्माण की मांग

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। राजधानी पटना स्थित होटल चाणक्य में विश्वामित्र सेना द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में संगठन के राष्ट्रीय संयोजक राजकुमार चौबे ने बक्सर को धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन का वैश्विक केंद्र बनाने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि बक्सर को अयोध्या और काशी की तर्ज पर विकसित करते हुए बक्सर कॉरिडोर का निर्माण किया जाना चाहिए, ताकि इसकी ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिल सके। राजकुमार चौबे ने कहा कि बक्सर महर्षि विश्वामित्र की तपोभूमि है और भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण प्रसंगों का साक्षी रहा है। इसके बावजूद बक्सर को आज तक वह महत्व और आधारभूत सुविधाएं नहीं मिल सकी हैं, जिसकी यह पवित्र भूमि हकदार है। उन्होंने कहा कि यदि बिहार में पर्यटन को नई दिशा देनी है और अधिक से अधिक पर्यटकों को आकर्षित करना है, तो धार्मिक पर्यटन के विकास को प्राथमिकता देनी होगी। उन्होंने कहा कि बक्सर कॉरिडोर के निर्माण से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, होटल, परिवहन, हस्तशिल्प और छोटे व्यवसायों को लाभ मिलेगा तथा बिहार की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंच पर स्थापित करने में मदद मिलेगी। प्रेस वार्ता के दौरान विश्वामित्र सेना ने केंद्र और बिहार सरकार से बक्सर कॉरिडोर परियोजना को शीघ्र स्वीकृति देने तथा बक्सर के समग्र विकास के लिए विशेष योजना बनाने की मांग की।

> » अयोध्या और काशी की तर्ज पर विकसित हो बक्सर, धार्मिक पर्यटन को मिले नई पहचान : राजकुमार चौबे

विश्वामित्र सेना ने कहा कि यह पहल न केवल बक्सर बल्कि पूरे बिहार की धार्मिक और पर्यटन अर्थव्यवस्था के लिए मील का पत्थर साबित होगी। मौके पर विश्वामित्र सेना से अशोक उपाध्याय, भावना शर्मा, बलराम मिश्रा, अर्जुन तिवारी, रवि राय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# सैमसंग ने लॉन्च किया गैलेक्सी A27 5G, शुरुआती कीमत 28,999 रुपये

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना**। सैमसंग ने भारतीय बाजार में अपना नया स्मार्टफोन गैलेक्सी A27 5G लॉन्च किया है। कंपनी ने इसे खासतौर पर युवाओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया है। स्मार्टफोन की शुरुआती कीमत 28,999 रुपये रखी गई है। यह 3 जुलाई से देशभर में बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। गैलेक्सी A27 5G में 6.7 इंच का 120Hz सुपर AMOLED डिस्प्ले दिया गया है, जिसे कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास विक्टस+ की सुरक्षा मिली है। फोन में 4nm स्नैपड्रैगन 6 Gen 3 प्रोसेसर, UFS 3.1 स्टोरेज और LPDDR5X रैम दी गई है, जिससे मल्टीटास्किंग और गेमिंग का बेहतर अनुभव मिलता है। फोटोग्राफी के लिए इसमें 50 मेगापिक्सल का OIS सपोर्ट वाला मुख्य कैमरा, 5 मेगापिक्सल अल्ट्रा-वाइड और 2 मेगापिक्सल मैक्रो कैमरा दिया गया है। वहीं, सेल्फी और वीडियो कॉलिंग के लिए 12 मेगापिक्सल HDR फ्रंट कैमरा उपलब्ध है। कैमरे में ऑब्जेक्ट इरेज़र, एडिट सजेशन और माई फिल्टर जैसे एआई आधारित फीचर भी दिए गए हैं। फोन में 5000mAh बैटरी के साथ फास्ट चार्जिंग सपोर्ट मिलता है। कंपनी ने 6 एंड्रॉयड OS/One UI अपग्रेड और 6 वर्षों तक सिक्योरिटी अपडेट देने का वादा किया है। सुरक्षा के लिए इसमें सैमसंग नॉक्स और नॉक्स वॉल्ट दिए गए हैं। इसके अलावा, गूगल का सर्कल टू सर्च, जेमिनी, बिक्सबी और लाइव ट्रांसक्रिप्शन जैसे एआई फीचर्स भी शामिल हैं। गैलेक्सी A27 5G 6GB+128GB, 8GB+128GB और 8GB+256GB स्टोरेज विकल्पों में लाइट ग्रीन, लाइट पिंक और ब्लैक रंगों में उपलब्ध होगा। ग्राहक इसे सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स, अधिकृत रिटेल आउटलेट्स, Samsung.com और अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से खरीद सकेंगे। लॉन्च ऑफर के तहत बैंक कार्ड या यूपीआई से भुगतान करने पर 3,000 रुपये का इंस्टेंट कैशबैक मिलेगा। साथ ही, चुनिंदा एनबीएफसी के माध्यम से 15 महीने तक की जीरो डाउन-पेमेंट ईएमआई और 24 महीने तक की ईएमआई सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

# डुमरिया, मुजफ्फरपुर में स्थापित होगी आधुनिक फर्नीचर एवं इंटीरियर उत्पाद निर्माण इकाई

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना**।बिहार में फर्नीचर एवं इंटीरियर उत्पाद विनिर्माण क्षेत्र को नई गति प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत M/s City Advertising द्वारा औद्योगिक क्षेत्र डुमरिया, मुजफ्फरपुर में आधुनिक विनिर्माण इकाई स्थापित की जाएगी। लगभग 14.74 करोड़ के निवेश से विकसित होने वाली यह परियोजना राज्य के विनिर्माण क्षेत्र को सुदृढ़ करने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन एवं औद्योगिक विकास को बढ़ावा देगी। प्रस्तावित इकाई 0.46 एकड़ क्षेत्र में स्थापित की जाएगी, जहाँ मॉड्यूलर फर्नीचर, स्टील आलमारी तथा घरेलू एवं कार्यालय उपयोग के इंटीरियर उत्पादों का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना के माध्यम से राज्य में फर्नीचर एवं इंटीरियर उत्पादों के आधुनिक विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, लगभग 50 प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने का अनुमान है, जिससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार एवं कौशल विकास के नए अवसर उपलब्ध होंगे। इस इकाई को स्थापित करने के लिए बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (BIADA) की परियोजना समाशोधन समिति (PCC) की बैठक में स्वीकृति दी गई। उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि बिहार सरकार विविध विनिर्माण क्षेत्रों में निवेश को प्रोत्साहित कर राज्य को आधुनिक औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की परियोजनाएँ स्थानीय उद्योगों को नई मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ रोजगार सृजन एवं आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उद्योग विभाग के सचिव सह प्रबंध

> » 14 + करोड़ के निवेश से 50 रोजगार के अवसर होंगे सृजित

निदेशक, बियाडा एवं आएडा, कुंदन कुमार ने कहा कि बिहार में निवेशकों को बेहतर आधारभूत संरचना, पारदर्शी प्रक्रियाएँ एवं निवेशक-अनुकूल नीतियाँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि फर्नीचर एवं इंटीरियर उत्पाद निर्माण जैसे क्षेत्रों में हो रहे निवेश राज्य के औद्योगिक विकास को गति देंगे तथा स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार एवं उद्यमिता के नए अवसर सृजित करेंगे।यदि यह इकाई वास्तव में मॉड्यूलर फर्नीचर, स्टील आलमारी एवं होम/ऑफिस इंटीरियर प्रोडक्ट्स का निर्माण करेगी, तो यह संस्करण बिहार सरकार के हालिया प्रेस विज्ञप्तियों की शैली और भाषा के अनुरूप है।

# एसपी के जनता दरबार में पांच दर्जन से अधिक शिकायतों की सुनवाई



नई सोच एक्सप्रेस

**डेहरी-ऑन-सोन (रोहतास)**। रोहतास पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में सोमवार को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए पांच दर्जन से अधिक फरियादियों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान भूमि विवाद, मारपीट, पारिवारिक विवाद, पुलिस कार्रवाई सहित अन्य मामलों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। एसपी ने सभी मामलों की गंभीरता से सुनवाई करते हुए संबंधित थानाध्यक्षों एवं पुलिस अधिकारियों को निष्पक्ष, त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा

> » रौशन कुमार ने त्वरित निष्पादन और संवेदनशील व्यवहार के दिए निर्देश

कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा फरियादियों के साथ सम्मानजनक और संवेदनशील व्यवहार किया जाए। रौशन कुमार ने लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर शीघ्र निष्पादन के निर्देश देते हुए कहा कि कार्य में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। जनता दरबार में शिकायतों के त्वरित समाधान की पहल से लोगों में पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है।

# भारतीय रेलवे ने बिहार में यात्री और माल दुलाई की क्षमता बढ़ाने के लिए

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। बिहार में रेल अवसंरचना को महत्वपूर्ण बढ़ावा देते हुए, भारतीय रेलवे ने पूर्वी मध्य रेलवे के 44.40 किलोमीटर लंबे मानसी-सहरसा खंड को 499 करोड़ की लागत से दोहरीकरण करने की मंजूरी दे दी है। यह परियोजना लाइन की क्षमता बढ़ाएगी, परिचालन दक्षता में सुधार करेगी और इस महत्वपूर्ण मार्ग पर यात्रियों और माल ढुलाई की बढ़ती मांग को पूरा करेगी। मानसी-सहरसा खंड वर्तमान में मानसी-सारागढ़ मार्ग पर एक एकल-लाइन कॉरिडोर है, जहाँ यात्रियों और माल की भारी आवाजाही होती है। इस खंड पर प्रत्येक दिशा में 24 जोड़ी यात्री ट्रेनें चलती हैं और साथ ही गेहूं, मक्का, गिट्टी, उबले चावल, सीमेंट, उर्वरक, चावल, नमक, रेत, पत्थर और चीनी जैसी आवश्यक वस्तुओं का परिवहन भी होता है। वर्तमान में रेल लाइन की क्षमता का उपयोग पहले ही 108.11% तक पहुंच चुका है और 2028-29 तक इसके बढ़कर 119.34% होने का अनुमान है, जो अतिरिक्त रेल क्षमता की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करता है। दोहरीकरण परियोजना से अतिरिक्त लाइन क्षमता का सृजन होगा, जिससे यात्री और मालगाड़ियों की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित होगी और परिचालन संबंधी बाधाएं कम होंगी। उन्नत बुनियादी ढांचा समय की पाबंदी में सुधार करेगा, परिचालन लचीलापन बढ़ाएगा और पूरे क्षेत्र में रेल यातायात की भविष्य की वृद्धि को सहायता देगा। परियोजना

> » 499 करोड़ रुपये की मानसी-सहरसा दोहरीकरण परियोजना को दी मंजूरी

के चालू होने पर, इससे प्रति वर्ष अतिरिक्त 1.764 मिलियन टन (एमटीपीए) माल ढुलाई यातायात को संभालने में सुविधा होने की उम्मीद है, जिससे कृषि, निर्माण और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था के अन्य प्रमुख क्षेत्रों के लिए रसद को मजबूती मिलेगी।

# बिहार रेजीमेंट केंद्र में धूमधाम से मनाया गया 63वीं राष्ट्रीय राइफल्स का स्थापना दिवस

नई सोच एक्सप्रेस



**दानापुर**।बिहार रेजीमेंट केंद्र, दानापुर छावनी में बिहार रेजिमेंट की सबसे नवगठित 63वीं राष्ट्रीय राइफल्स बटालियन का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर देश की सेवा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले बटालियन के वीर सैनिकों को याद करने और सम्मानित करने के लिए बिहार रेजिमेंट केंद्र के वीर स्मृति स्थल पर एक विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां ब्रिगेडियर राकेश कुमार बोरा, समादेष्टा, बिहार रेजीमेंट केंद्र, ले. कर्नल आर सी खोत, एवं सूबेदार मेजर नारायण प्रधान सहित कई सरदार साहिबान ने वीर स्मृति स्थल पुष्पगुच्छ चढ़ा श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर बताया गया कि 63वीं राष्ट्रीय राइफल्स की स्थापना 30 जून 2004 को कर्नल आनंद भूषण के नेतृत्व में की गई थी। उन्होंने इस बटालियन को एक सशक्त, प्रशिक्षित और प्रभावी लड़ाकू दल के रूप में गठित किया, जिसे विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर में काउंटर इंसर्जेंसी और काउंटर टेररिज्म अभियानों के लिए तैयार किया गया। 63वीं राष्ट्रीय राइफल्स बटालियन को 'द फोर्थ डाइमेंशन' के नाम से भी जाना जाता है क्योंकि यह बिहार रेजीमेंट के अंतर्गत गठित चौथी राष्ट्रीय राइफल्स बटालियन है। बटालियन ने जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में तैनाती के दौरान बहुत ही सराहनीय काम किया है तथा जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों की घुसपैठ को रोकने में अहम भूमिका निभाई है। इन बिहारी सैनिकों ने समय-समय पर अपने अदम्य साहस और शौर्य के प्रदर्शन से सभी को चकित कर दिया, जिसके चलते इन योद्धाओं को और बटालियन को अनेक वीरता पुरस्कारों और प्रशंसा पत्रों से नवाज़ा गया है।

# श्री जयन्त चौधरी ने भारत की अगली पीढ़ी के स्किल चैंपियंस की खोज के लिए इंडियास्किल्स प्रतियोगिता 2026–27 लॉन्च की; SIDH पर रजिस्ट्रेशन शुरू हुए

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**।भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा राज्य मंत्री, श्री जयन्त चौधरी ने 'इंडियास्किल्स प्रतियोगिता 2026–27' लॉन्च की। यह देश की प्रमुख कौशल-आधारित प्रतियोगिता है, जिसका उद्देश्य इंडस्ट्री के लिए ज़रूरी 63 स्किल कैटेगरी में भारत के सबसे प्रतिभाशाली युवाओं की पहचान करना, उन्हें निखारना और उन्हें दुनिया के सामने लाना है। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय की देखरेख में आयोजित और नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनएसडीसी) के नॉलेज और इम्प्लीमेंटेशन पार्टनर के तौर पर सहयोग से होने वाली यह प्रतियोगिता, युवा स्किल्ड प्रोफेशनल को उत्कृष्टता के उच्चतम मानकों के साथ प्रतिस्पर्धा करने और वैश्विक मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर पाने के लिए एक राष्ट्रीय प्लेटफॉर्म प्रदान करेगी। भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा राज्य मंत्री, श्री जयन्त चौधरी ने कहा, "इंडियास्किल्स सिर्फ़ एक प्रतियोगिता नहीं है; यह कौशल को आकांक्षा में, उत्कृष्टता को अवसर में और प्रतिभा को राष्ट्रीय गौरव में बदलने का एक सशक्त प्लेटफॉर्म है। यह एक ऐसे नए भारत को दर्शाता है जहाँ स्किल्ड युवा न केवल नौकरी के लिए तैयार हैं, बल्कि दुनिया के लिए भी तैयार हैं। जैसे-जैसे उद्योग विकसित हो रहे हैं और टेक्नोलॉजी, फ्यूचर ऑफ़ वर्क को नया रूप दे रही है, भारत का सबसे बड़ा फ़ायदा युवाओं को वैश्विक स्तर के कौशल, आत्मविश्वास और महत्वाकांक्षा के साथ तैयार करने की उसकी क्षमता होगी। इंडियास्किल्स 2026–27 देश के हर आकांक्षी युवा के लिए आगे आने, अपनी क्षमता दिखाने और दुनिया की 'स्किल कैपिटल' बनने की भारत की यात्रा का हिस्सा बनने का निमंत्रण है। मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को प्रोत्साहित किया है कि वे स्किल कैटेगरी में ज़्यादा से ज़्यादा लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही, ज़्यादा लोगों तक पहुँचने और प्रतिभा की पहचान करने के लिए स्कूलों, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, स्किल ट्रेनिंग संस्थानों और इंडस्ट्री पार्टनर्स के ज़रिए बड़े पैमाने पर लोगों को जोड़ने का काम करें।

# प्रो.विजय कुमार वर्मा की सेवानिवृत्ति पर हुआ सम्मान समारोह, योगदान को किया गया याद

नई सोच एक्सप्रेस



**गया जी**।मगध विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर भौतिकी विभाग में विभागाध्यक्ष प्रो. विजय कुमार वर्मा की सेवानिवृत्ति पर मंगलवार को भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केसरी रहे।विभिन्न विभागों के अध्यक्ष, शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी, शोधार्थी, छात्र छात्राएं तथा प्रो. वर्मा के परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केसरी ने प्रो. विजय कुमार वर्मा के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने विश्वविद्यालय विशेषकर स्नातकोत्तर भौतिकी विभाग के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने प्रो. वर्मा के स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घ जीवन की कामना की। अन्य वक्ताओं ने भी उनके सरल व्यक्तित्व, कुशल नेतृत्व और कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए उन्हें प्रेरणास्त्रोत बताया।कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने प्रो. वर्मा के साथ जुड़े अनुभव साझा किए तथा विभाग के विकास में उनके अमूल्य योगदान को याद किया। समारोह के अंत में प्रो. विजय कुमार वर्मा को सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी गई।

# पाकिस्तान विडंबना का नायाब उदाहरण

कोई देश बड़ा भू-राजनीतिक मूल्य रख सकता है। मगर उसके साथ ही अपने राष्ट्रीय विकास की क्षमता के अभाव से वह ग्रस्त भी बना रह सकता है। पाकिस्तान इस विडंबना का नायाब उदाहरण है। ईरान- अमेरिका के बीच समझौता कराने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा कर पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय चर्चा के केंद्र में है। उसके योगदान की तारीफ अमेरिका और ईरान के साथ-साथ अन्य देशों ने भी की है। इसके बावजूद अपनी नई कूटनीतिक हैसियत का पाकिस्तान अपने राष्ट्रीय हित मे ज्यादा फायदा उठा सकेगा, ऐसा मानने वाले लोग कम ही हैं। वजह यह तथ्य है कि रणनीतिक स्थिति से बनने वाली हैसियत (या उस कारण मिलने वाली बाहरी वित्तीय या राजनीतिक मदद) और राष्ट्र निर्माण की किसी राज्य की क्षमता- समान चीजें नहीं हैं। अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण पाकिस्तान कई महत्त्वपूर्ण देशों के लिए खास रहा है। चीन के लिए वह कीमती रणनीतिक भागीदार है। चीन उसका इस्तेमाल भारत की शक्ति को संतुलित करने के लिए करता है। साथ ही अरब सागर तक जाने वाले एक गलियारे के रूप में चीन के लिए उसकी अहमियत है। अमेरिका के लिए पाकिस्तान कारणों से उपयोगी है। अफगानिस्तान और ईरान तक पहुंच, पश्चिम को निशाने बनाने वाले आतंकवाद का मुकाबला, और चीन की रणनीतिक गतिविधियों को सीमित करने के लिहाज से अमेरिका उसे अहमियत देता है। अपनी परमाणु एवं अन्य सैन्य क्षमता के कारण वह सऊदी अरब एवं अन्य खाड़ी देशों के लिए महत्त्वपूर्ण है। इन वजहों से उसे वित्तीय एवं कूटनीतिक मदद भी मिलती है। लेकिन हकीकत यही है कि पाकिस्तान ने बाहरी मदद को अपनी औद्योगिक क्षमता, वित्तीय ताकत और टिकाऊ घरेलू शासन में बदलने में पूर्णतः विफल रहा है। वह आज भी सैन्य नेतृत्व वाला सुरक्षा-केंद्रित राज्य बना हुआ है। बेशक उसने लंबे समय से अपनी रणनीतिक स्थिति का फायदा उठाकर कई महाशक्तियों से पैसा और संसाधन बटोरे हैं। फिर भी उसे आगे बढ़ते या अपनी उभरती शक्ति वाले देश के रूप में नहीं देखा जाता। तो असली सबक यही है कि कोई देश बड़ा भू-राजनीतिक मूल्य रख सकता है। मगर साथ ही उस मूल्य को अपने राष्ट्रीय विकास में बदलने की संस्थागत क्षमता के अभाव से वह ग्रस्त भी बना रह सकता है। पाकिस्तान इस विडंबना का नायाब उदाहरण है। अमेरिका- ईरान समझौते में उसकी अहम भूमिका के बावजूद यह वास्तविकता नहीं बदलने वाली है।

# विश्व सोशल मीडिया दिवस : डिजिटल युग में जिम्मेदारी, सत्यता और सकारात्मक संवाद की नई चुनौती



आरती कुमारी

इक्कीसवीं सदी को यदि डिजिटल क्रांति का युग कहा जाए तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। इंटरनेट, स्मार्टफोन और सूचना प्रौद्योगिकी ने मानव जीवन की कार्यशैली, सोच और संवाद के स्वरूप को पूरी तरह बदल दिया है। इस परिवर्तन के केंद्र में सोशल मीडिया है, जिसने दुनिया को एक वैश्विक परिवार में बदलने का काम किया है। आज भौगोलिक दूरियां पहले की तरह बाधा नहीं रहीं। दुनिया के किसी भी कोने में बैठा व्यक्ति कुछ ही क्षणों में करोड़ों लोगों तक अपनी बात पहुंचा सकता है। यही कारण है कि प्रत्येक वर्ष 30 जून को विश्व सोशल मीडिया दिवस (World Social Media Day) मनाया जाता है। विश्व सोशल मीडिया दिवस की शुरुआत वर्ष 2010 में लोकप्रिय डिजिटल समाचार एवं मीडिया मंच मैशेबल (Mashable) द्वारा की गई थी। इस दिवस का उद्देश्य सोशल मीडिया की उस ऐतिहासिक भूमिका को सम्मान देना था, जिसके माध्यम से विश्व के विभिन्न देशों, संस्कृतियों और समुदायों के बीच संवाद और सहभागिता के नए द्वार खुले। समय के साथ इस दिवस का महत्व लगातार बढ़ता गया। वर्ष 2026 में इस दिवस का प्रमुख संदेश "जिम्मेदार, सुरक्षित और सकारात्मक डिजिटल संवाद" है। यह विषय वर्तमान समय की चुनौतियों को देखते हुए अत्यंत प्रासंगिक है। सोशल मीडिया ऐसे इंटरनेट आधारित मंच हैं, जहां लोग केवल सूचना प्राप्त ही नहीं करते, बल्कि स्वयं भी सामग्री का निर्माण और प्रसार करते हैं। फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स (पूर्व में ट्विटर), व्हाट्सएप, यूट्यूब, लिंक्डइन, टेलीग्राम, स्नैपचैट, पिनटेरेस्ट और रेडिट जैसे मंच आज दुनिया भर के अरबों लोगों की दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बन चुके हैं। इन प्लेटफॉर्मों ने संचार को तेज, सरल और लोकतांत्रिक बनाया है। अब कोई भी व्यक्ति बिना किसी बड़े संसाधन के अपनी बात समाज और दुनिया तक पहुंचा सकता है। सोशल मीडिया ने पत्रकारिता के क्षेत्र में भी क्रांतिकारी बदलाव लाया है। पहले समाचारों के लिए लोग अखबार, रेडियो या टेलीविजन पर निर्भर रहते थे, लेकिन आज घटनाओं की जानकारी सबसे पहले सोशल मीडिया के माध्यम से सामने आती है। नागरिक पत्रकारिता (Citizen Journalism) की अवधारणा ने आम नागरिकों को भी सूचना का स्रोत बना दिया है। किसी दुर्घटना, प्राकृतिक आपदा या सामाजिक घटना का वीडियो या तस्वीर कुछ ही मिनटों में पूरी दुनिया तक पहुंच जाती है। इससे सूचना का प्रवाह तेज हुआ है और पारदर्शिता भी बढ़ी है। शिक्षा के क्षेत्र में सोशल मीडिया ने सीखने के नए अवसर उपलब्ध कराए हैं। यूट्यूब पर उपलब्ध शैक्षणिक वीडियो, ऑनलाइन कक्षाएं, वेबिनार, डिजिटल पुस्तकालय और विशेषज्ञों के व्याख्यान ने ज्ञान को सीमाओं से मुक्त कर दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र भी अब विश्वस्तरीय शिक्षण सामग्री तक आसानी से पहुंच बना रहे हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान जब विद्यालय और विश्वविद्यालय बंद थे, तब सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म ही शिक्षा की निरंतरता बनाए रखने का सबसे प्रभावी माध्यम बने। व्यापार और रोजगार के क्षेत्र में भी सोशल मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। छोटे व्यवसाय, स्टार्टअप, हस्तशिल्पी और स्वरोजगार से जुड़े लोग कम लागत में अपने उत्पादों और सेवाओं का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। डिजिटल मार्केटिंग ने लाखों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा किए हैं। लिंक्डइन जैसे मंच पेशेवर नेटवर्किंग और रोजगार प्राप्त करने का प्रभावी साधन बन चुके हैं। आज अनेक लोग कंटेंट क्रिएटर, डिजिटल मार्केटर, सोशल मीडिया मैनेजर और इन्फ्लुएंसर के रूप में अपना करियर बना रहे हैं। समाज सेवा और जनजागरूकता के क्षेत्र में भी सोशल मीडिया ने उल्लेखनीय योगदान दिया है। रक्तदान अभियान, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता, स्वास्थ्य जागरूकता, आपदा राहत और सामाजिक सहायता जैसे अनेक अभियानों को सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक जनसमर्थन मिला है। किसी जरूरतमंद व्यक्ति के इलाज के लिए आर्थिक सहायता जुटाने से लेकर प्राकृतिक आपदाओं के समय राहत सामग्री पहुंचाने तक सोशल मीडिया ने मानवीय संवेदनाओं को नई शक्ति प्रदान की है। लोकतंत्र में भी सोशल मीडिया की भूमिका लगातार बढ़ रही है। सरकारें अपनी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी सीधे जनता तक पहुंचाती हैं, वहीं नागरिक अपनी समस्याएं और सुझाव सीधे प्रशासन के समक्ष रख सकते हैं। इससे शासन और जनता के बीच संवाद अधिक प्रभावी हुआ है। जनमत निर्माण और सार्वजनिक विमर्श में सोशल मीडिया आज एक महत्वपूर्ण मंच बन चुका है। लेकिन हर तकनीक की तरह सोशल मीडिया का दूसरा पक्ष भी है। इसके सबसे बड़े खतरे के रूप में फेक न्यूज और भ्रामक सूचनाएं सामने आई हैं। बिना सत्यापन के प्रसारित होने वाली खबरें कई बार समाज में भ्रम, तनाव और हिंसा का कारण बन जाती हैं। अफवाहें इतनी तेजी से फैलती हैं कि सत्य उनके पीछे छूट जाता है। यही कारण है कि डिजिटल युग में सूचना की सत्यता की जांच पहले से कहीं अधिक आवश्यक हो गई है। साइबर अपराध भी तेजी से बढ़ रहे हैं। फर्जी प्रोफाइल बनाकर लोगों को ठगना, बैंकिंग धोखाधड़ी, पहचान की चोरी, डेटा हैकिंग, साइबर बुलिंग और ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग जैसी घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं। सोशल मीडिया पर साझा की गई व्यक्तिगत जानकारी कई बार अपराधियों के लिए आसान माध्यम बन जाती है। इसलिए प्रत्येक उपयोगकर्ता को अपनी गोपनीयता और डिजिटल सुरक्षा के प्रति सजग रहना चाहिए। सोशल मीडिया की लत आज मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी चुनौती बनती जा रही है। विशेषकर किशोर और युवा कई-कई घंटे मोबाइल स्क्रीन पर बिताते हैं। लगातार लाइक, कमेंट और फॉलोअर्स की संख्या पर ध्यान केंद्रित रहने से आत्मविश्वास प्रभावित होता है। दूसरों के जीवन की चमक-दमक देखकर स्वयं की तुलना करना हीनभावना, चिंता और अवसाद जैसी मानसिक समस्याओं को जन्म दे सकता है। डिजिटल दुनिया और वास्तविक जीवन के बीच संतुलन बनाए रखना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त सोशल मीडिया पर घृणास्पद भाषण, ट्रोलिंग, अभद्र टिप्पणियां और ऑनलाइन उत्पीड़न जैसी समस्याएं भी बढ़ रही हैं। असहमति को शालीनता से व्यक्त करने के बजाय अपमानजनक भाषा का प्रयोग लोकतांत्रिक संवाद की संस्कृति को कमजोर करता है। सोशल मीडिया तभी सकारात्मक बन सकता है, जब अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ जिम्मेदारी और संवेदनशीलता भी जुड़ी हो। ऐसे समय में डिजिटल साक्षरता का महत्व अत्यधिक बढ़ जाता है। विद्यालयों, महाविद्यालयों और परिवारों में बच्चों एवं युवाओं को यह सिखाया जाना चाहिए कि किसी भी सूचना को साझा करने से पहले उसकी सत्यता अवश्य जांचें, विश्वसनीय स्रोतों पर भरोसा करें, दूसरों की निजता का सम्मान करें और सोशल मीडिया का उपयोग सीमित एवं उद्देश्यपूर्ण ढंग से करें। तकनीकी कंपनियों की भी जिम्मेदारी है कि वे फर्जी खातों, भ्रामक सामग्री और साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए मजबूत व्यवस्था विकसित करें। सरकारों, शैक्षणिक संस्थानों, मीडिया संगठनों और नागरिक समाज को मिलकर डिजिटल सुरक्षा और जिम्मेदार सोशल मीडिया उपयोग के प्रति व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने चाहिए। केवल कानून बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक में डिजिटल नैतिकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी उतना ही आवश्यक है। विश्व सोशल मीडिया दिवस हमें यह सोचने का अवसर देता है कि तकनीक स्वयं न तो अच्छी होती है और न ही बुरी। उसका प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि उसका उपयोग किस उद्देश्य और किस जिम्मेदारी के साथ किया जाता है। सोशल मीडिया यदि सत्य, संवेदनशीलता, संयम और सकारात्मक सोच के साथ प्रयोग किया जाए तो यह शिक्षा, नवाचार, लोकतंत्र, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय विकास का शक्तिशाली माध्यम बन सकता है। वहीं यदि इसका उपयोग अफवाह, नफरत, हिंसा और भ्रामक प्रचार के लिए किया जाए तो इसके दुष्परिणाम समाज को लंबे समय तक प्रभावित कर सकते हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम सोशल मीडिया को केवल मनोरंजन का साधन न मानें, बल्कि इसे ज्ञान, संवाद, रचनात्मकता और सामाजिक परिवर्तन के प्रभावी मंच के रूप में विकसित करें। जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनना ही विश्व सोशल मीडिया दिवस का वास्तविक संदेश है। जब प्रत्येक उपयोगकर्ता सत्य, शालीनता, विवेक और संवेदनशीलता के साथ सोशल मीडिया का उपयोग करेगा, तभी डिजिटल दुनिया वास्तव में सुरक्षित, सकारात्मक और मानवता के हित में उपयोगी बन सकेगी। यही इस दिवस की सार्थकता है और यही डिजिटल युग की सबसे बड़ी आवश्यकता भी।

# भागमभाग भरी जिन्दगी में 'स्वयं' की तलाश



जितेन्द्र कुमार सिन्हा, पटना

आज का युग गति का युग है। हर व्यक्ति किसी न किसी दौड़ में शामिल है। किसी को करियर बनाना है, किसी को परिवार संभालना है, तो किसी को समाज में अपनी पहचान स्थापित करनी है। इस निरंतर भागदौड़ में एक प्रश्न बहुत पीछे छूट गया है, वह है "क्या हम वास्तव में अपने लिए जी रहे हैं"? हम दिन भर दूसरों के लिए काम करते हैं, दूसरों की अपेक्षाओं को पूरा करते हैं, दूसरों की नजरों में अच्छा बनने का प्रयास करते हैं, लेकिन जब बात आती है स्वयं के लिए समय निकालने की, तो हम असहाय नजर आते हैं। यही वह स्थिति है जहां से जीवन में खालीपन, तनाव और असंतोष जन्म लेते हैं। आधुनिक जीवन धीरे-धीरे एक मशीन की तरह हो गया है। सुबह उठना, काम पर जाना, दिनभर भागदौड़ करना, फिर घर लौटकर अगले दिन की तैयारी करना। यह चक्र लगातार चलता रहता है। इस प्रक्रिया में हम यह भूल जाते हैं कि हम कोई मशीन नहीं हैं, बल्कि संवेदनशील और चेतन प्राणी हैं। हम अपनी भावनाओं को दबा देते हैं। अपनी इच्छाओं को टाल देते हैं और अपने मन की आवाज को अनसुना कर देते हैं। परिणामस्वरूप, हम बाहर से सफल दिखते हैं, लेकिन अंदर से खाली महसूस करते हैं। मानव स्वभावतः सामाजिक प्राणी है। हम रिश्तों में जीते हैं, समाज में रहते हैं और दूसरों से जुड़े रहते हैं। लेकिन समस्या तब उत्पन्न होती है जब हम पूरी तरह दूसरों के लिए जीने लगते हैं और स्वयं को भूल जाते हैं। माता-पिता बनने पर बच्चों के लिए जीते हैं। बच्चे माता-पिता की अपेक्षाओं के लिए जीते हैं। कर्मचारी अपने बॉस और संस्थान के लिए जीते हैं। इस चक्र में "स्वयं" कहीं खो जाता है। हम यह भूल जाते हैं कि यदि हम स्वयं खुश और संतुलित नहीं हैं, तो हम दूसरों को भी सच्चा सुख नहीं दे सकते हैं। आज का सबसे बड़ा संकट यही है कि हम स्वयं से दूर हो चुके हैं। हम अपने भीतर झांकने से डरते हैं क्योंकि वहां हमें अपने अधूरे सपने, दबे हुए भाव और अनकहे प्रश्न दिखाई देते हैं। जब हम स्वयं से दूर होते हैं, तो हमें अपने जीवन का उद्देश्य स्पष्ट नहीं होता है। हम निर्णय लेने में असमर्थ हो जाते हैं। हम बाहरी परिस्थितियों के गुलाम बन जाते हैं और यह स्थिति हमें मानसिक रूप से कमजोर और अस्थिर बना देती है। हर व्यक्ति शांति चाहता है। कोई उसे धन में खोजता है, कोई रिश्तों में, तो कोई उपलब्धियों में। लेकिन सच्चाई यह है कि शांति बाहर नहीं होती है बल्कि भीतर होती है। हम शांति चाहते हैं, लेकिन उसे आत्मसात नहीं कर पाते, क्योंकि हम अपने मन को समझते नहीं हैं। हम स्वयं के साथ समय नहीं बिताते हैं। हम अपने विचारों को नियंत्रित नहीं करते हैं। शांति कोई वस्तु नहीं है जिसे खरीदा जा सके, बल्कि यह एक अवस्था है जिसे अनुभव किया जाता है। यदि हमें अपने जीवन का वास्तविक अर्थ समझना है, तो हमें आत्मचिंतन की ओर लौटना होगा। आत्मचिंतन का अर्थ होता है अपने भीतर झांकना, अपने विचारों और भावनाओं को समझना। आत्मचिंतन से हमें यह समझ में आता है कि हम वास्तव में क्या चाहते हैं। हमारे जीवन का उद्देश्य क्या है? हमें किस दिशा में आगे बढ़ना चाहिए? यह प्रक्रिया हमें बाहरी शोर से दूर ले जाकर आंतरिक शांति की ओर ले जाती है। हम दिन भर दूसरों की बातें सुनते हैं, लेकिन अपने मन की आवाज को अनसुना कर देते हैं। यदि हम सच में संतुलित जीवन जीना चाहते हैं, तो हमें स्वयं को सुनना सीखना होगा। अपने विचारों को पहचानना होगा। अपनी भावनाओं को स्वीकार करना होगा। अपने मन की इच्छाओं को समझना होगा। जब हम स्वयं को सुनते हैं, तो हमें अपने भीतर छिपी हुई सच्चाई दिखाई देने लगती है। जीवन का वही हिस्सा सच्चा होता है जिसे हम जागरूकता के साथ जीते हैं। जागरूकता का अर्थ होता है हर क्षण को पूरी तरह महसूस करना। जब खाना खा रहे हैं, तो केवल भोजन पर ध्यान देना। जब किसी से बात कर रहे हैं, तो पूरी तरह उपस्थित रहना। जब स्वयं सोच रहे हैं, तो अपने विचारों को समझना। जागरूकता हमें वर्तमान में जीना सिखाती है और यही वर्तमान ही जीवन का वास्तविक स्वरूप होता है। समय निरंतर बहता रहता है। हम उसे रोक नहीं सकते, लेकिन उसका सही उपयोग जरूर कर सकते हैं। अधिकांश लोग समय को केवल काम और जिम्मेदारियों में खर्च कर देते हैं, लेकिन क्या हम अपने लिए समय निकालते हैं? क्या हम अपने मन की शांति के लिए कुछ करते हैं? यदि नहीं, तो हम केवल समय के साथ बह कर रहे हैं, जिसे जीना नहीं कहते हैं। स्वयं के लिए समय निकालना कोई विलासिता नहीं होती है, बल्कि आवश्यकता है। यह हमें मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक रूप से मजबूत बनाता है। यह हमें तनाव से मुक्त करता है। यह हमारी सोच को स्पष्ट करता है। यह हमें संतुलित जीवन जीने में मदद करता है। दिन में कुछ समय केवल अपने लिए रखना चाहिए, चाहे वह ध्यान हो, पढ़ना हो या केवल शांत बैठना। आज के समय में मानसिक तनाव एक सामान्य समस्या बन गया है। इसका मुख्य कारण यही है कि हम स्वयं को समय नहीं दे पाते हैं। क्योंकि लगातार काम का दबाव बना रहता है। आज के समय में सोशल मीडिया का प्रभाव लगातार बना रहता है। अक्सर दूसरों से तुलना करते रहते हैं। ये सभी कारक हमें अंदर से कमजोर करते रहता है जिसे समझ नहीं पाते हैं। यदि हम इससे बचना चाहते हैं, तो हमें अपने भीतर स्थिरता विकसित करनी होगी। ध्यान (Meditation) आत्मशांति प्राप्त करने का एक प्रभावी तरीका है। यह हमें अपने विचारों को नियंत्रित करने और मन को शांत करने में मदद करता है। इससे मन की शांति मिलती है। एकाग्रता में वृद्धि होती है और भावनात्मक संतुलन बनता है। प्रतिदिन कुछ मिनट ध्यान करने से जीवन में बड़ा बदलाव आ सकता है। हम अक्सर अपने आप को दूसरों के मापदंडों पर आंकते हैं और खुद को कमतर समझते हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि हर व्यक्ति अद्वितीय है। हमे अपनी कमियों को स्वीकार करना चाहिए। अपनी खूबियों को पहचानना चाहिए और स्वयं से प्रेम करना चाहिए। जब हम स्वयं को स्वीकार करते हैं, तभी हम सच्चे अर्थों में खुश रह सकते हैं। जीवन की सबसे बड़ी सफलता यही होती है कि हम स्वयं से जुड़ सकें। जब हम अपने भीतर शांति और संतुलन पा लेते हैं, तब बाहरी दुनिया भी हमें सुंदर लगने लगती है। स्वयं को समय दें। अपने भीतर झांकें और अपने जीवन को जागरूकता के साथ जिएं। यह हमेशा याद रखना चाहिए कि "हम दूसरों से नहीं, बल्कि स्वयं से दूर हो चुके हैं और जब हम स्वयं से जुड़ जाते हैं, तभी जीवन का वास्तविक अर्थ हमारे सामने प्रकट होता है।




**मेष राशि** : आपकी दिनचर्या बहुत अच्छी रहेगी, आपके अंदर पॉजिटिविटी बनी रहेगी। आज आप सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आज जो भी कार्य आप हाथ में लेंगे, उसे अपनी मेहनत और लगन से पूरा करेंगे। आपकी सराहना हो सकती है। जो लोग व्यापार करते हैं, उन्हें आज उत्तम परिणाम मिल सकते हैं। भौतिक सुख सुविधाएं बनी रहेंगी। शुभ अंक- 7

**वृष राशि** : आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा है, आपको ज्यादातर मामलों में लाभ मिलेगा। व्यवसाय में आर्थिक लाभ के योग हैं, मित्रों के सहयोग से कुछ अच्छे अवसर मिल सकते हैं। नौकरी करने वाले जातकों को आज कार्यस्थल पर सहकर्मियों का पूरा सहयोग मिलेगा। आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी। आज आप माता -पिता के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। शुभ अंक- 2

**मिथुन राशि** : आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज अपनी अद्भुत क्षमता के साथ जीवन के सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ने का प्रयास करेंगे। आज आपको नौकरी में नया प्रोजेक्ट मिल सकता है। आपके लिए आमदनी के नये रास्ते खुलेंगे। अगर आप व्यवसाय करते हैं, तो आज किसी मित्र के सहयोग से नई योजनाएं बनायेंगे, जिनमें आपको सफलता हासिल होगी, साथ ही आपको अच्छा आर्थिक लाभ भी होगा। शुभ अंक- 4

**कर्क राशि** : आज आपका दिन अच्छा रहेगा, सही योजना बनाकर ही अपने कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने का प्रयास करें, तो आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल रहेंगे। आज आपका झुकाव अध्यात्म की ओर रह सकता है। आज आप सामाजिक स्तर पर किसी बड़े धार्मिक समारोह में शामिल हो सकते हैं, या किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं। इस यात्रा से आपको लाभ मिल सकता है। शुभ अंक-8

**सिंह राशि** : आज का दिन आपके लिए अच्छे अवसर लेकर आया है। कार्यक्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही किसी योजना को आज आप समझदारी से पूरा करेंगे। जिससे आप में नेतृत्व करने की क्षमता जगेगी, आपके अंदर आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज अधिकारियों से आपको सराहना भी मिलेगी और आज आपको नया प्रोजेक्ट भी मिल सकता है, जिससे आपको भविष्य में आर्थिक लाभ मिलेगा। शुभ अंक- 1

**कन्या राशि** : आज आपका दिन कान्फिडेंस से भरा रहेगा। आज आपको जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता मिलने के योग हैं। आज आपको नौकरी में बेहतर मौके मिलेंगे, जिससे उन्नति के मार्ग अवश्य खुलेंगे। आज आप अपनी मेहनत से सफलता हासिल करेंगे। आज मित्रों के घर जा सकते हैं, इससे आपकी दोस्ती मजबूत होगी। आज आपका पारिवारिक और वैवाहिक जीवन अनुकूल रहेगा। शुभ अंक- 4

**तुला राशि** : आज का दिन आपके लिए लाभदायक सिद्ध हो सकता है। आज आपकी नौकरी बदलने और बेहतर जगह नौकरी पाने की इच्छा पूरी हो सकती है। आपको इस दिशा में किए गए प्रयास का परिणाम अवश्य मिलेगा। आज आपको जीवनसाथी की मदद से धन लाभ होने की संभावना है। आज आपको परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा। मीडिया और लेखन से जुड़े लोगों को आज प्रसिद्धि प्राप्त होगी। शुभ अंक- 6

**वृश्चिक राशि** : आज आपका दिन आपके लिए सुखद रहेगा। आज आप जीवन में सुख समृद्धि के लिए नई योजनाएं बना सकते हैं। आज आप व्यवसाय अथवा रहने के उद्देश्य से किसी भवन निर्माण के बारे में सोच सकते हैं। आज अचल संपत्ति खरीदने का विचार भी मन में आ सकता है। आज आप अपने परिश्रमी एवं उत्साहित स्वभाव के कारण सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे । शुभ अंक- 8


**धनु राशि** : आज का दिन उत्साह से भरा रहेगा। आज आप बहुत प्रसन्न रह सकते हैं। किसी मित्र या रिश्तेदार के घर विवाहोत्सव में शामिल होने के लिए कहीं की यात्रा कर सकते हैं। नौकरी और व्यवसाय में सफलता के योग हैं। नौकरी में आपको पदोन्नति मिल सकती है। जिससे आपका उत्साह बढ़ेगा और आप खुश होंगे। शुभ अंक- 1

**मकर राशि** : आज आपका दिन सुखद रहेगा। आज आपके जीवन में सकारात्मक बदलाव आने वाला है। आज आप अपने फिटनेस को लेकर जागरूक रहेंगे। आज कार्य स्थल और व्यवसाय में बढ़ोतरी के योग हैं। आर्थिक लाभ की संभावना बन सकती है। आज आपके अधूरे कार्य पूरे हो सकते हैं। आज आप अपने जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की योजना बना सकते हैं। शुभ अंक- 2

**कुंभ राशि** : आज आप अपनी मेहनत के बल पर अपने भाग्य को बदल सकते हैं। आज आपको सभी क्षेत्रों में अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। नौकरीपेशा हैं, तो कार्यस्थल पर आपको जिम्मेदारी मिल सकती हैं। आमदनी बढ़ सकती हैं। व्यापार में लाभ के योग हैं, नई योजनाएं सफल होंगी और कहीं रुका हुआ पैसा वापस आएगा। शुभ अंक- 3

**मीन राशि** : आज आपका दिन अच्छा रह सकता है। आज आपको सफल होने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है, धैर्य बनाए रखें। आपका व्यक्तित्व आज लोगों को प्रभावित करने वाला रहेगा। कार्यस्थल पर आपके कार्यों की सराहना हो सकती है। सहकर्मियों के साथ आपके रिश्ते में प्रगाढ़ता आएगी। दांपत्य जीवन मधुर व सुखमय रहेगा। शुभ अंक- 8

# व्यापारी सुरक्षित तो राष्ट्र समृद्ध : वैश्य सुरक्षा आयोग अब समय की आवश्यकता



आचार्य अशोक चौधरी प्रियदर्शी

**कटिहार, बिहार।** भारत को यदि विश्वगुरु और विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य प्राप्त करना है, तो केवल राजनीतिक स्थिरता या प्रशासनिक सुधार पर्याप्त नहीं होंगे। किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसकी आर्थिक व्यवस्था, उत्पादन क्षमता, उद्योग, व्यापार, निवेश और उद्यमशीलता में निहित होती है। इतिहास साक्षी है कि जिन देशों ने अपने व्यापार और उद्योग को सुरक्षित, सम्मानजनक और प्रोत्साहनपूर्ण वातावरण दिया, वे विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाएँ बने। इसके विपरीत जहाँ व्यापार भय, असुरक्षा और अनिश्चितता से घिरा रहा, वहाँ आर्थिक विकास की गति भी बाधित हुई। इसलिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि व्यापारी सुरक्षित होगा तो राष्ट्र समृद्ध होगा। भारतीय संस्कृति में वैश्य समाज को केवल धनार्जन करने वाला वर्ग नहीं माना गया, बल्कि राष्ट्र की आर्थिक धुरी के रूप में प्रतिष्ठित किया गया है। वैदिक काल से लेकर आधुनिक भारत तक कृषि आधारित व्यापार, पशुपालन, हस्तशिल्प, लघु उद्योग, समुद्री व्यापार, बैंकिंग, वित्त, वितरण व्यवस्था और उद्यमिता के विकास में इस समाज की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। भारतीय अर्थव्यवस्था की जीवनधारा को प्रवाहित रखने में व्यापारी वर्ग ने सदैव अग्रणी भूमिका निभाई है। यही कारण है कि भारतीय चिंतन में अर्थ को केवल व्यक्तिगत समृद्धि का साधन नहीं, बल्कि लोकमंगल और राष्ट्रनिर्माण का आधार माना गया है। भारत का इतिहास इस सत्य का प्रमाण है कि जब-जब राष्ट्र संकट में पड़ा, तब-तब व्यापारी समाज ने अपनी सामाजिक और राष्ट्रीय जिम्मेदारी का निर्वहन किया। मेवाड़ के गौरव दानवीर भामाशाह ने अपना संपूर्ण धन महाराणा प्रताप के स्वाधीनता संघर्ष को समर्पित कर यह सिद्ध किया कि व्यापार केवल लाभ का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्रधर्म का भी साधन है। आधुनिक भारत में भी अनेक उद्योगपतियों और व्यापारिक परिवारों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, अनुसंधान, आपदा राहत, धर्मार्थ संस्थाओं तथा सामाजिक विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इससे स्पष्ट है कि व्यापारी समाज केवल अर्थव्यवस्था का संचालन नहीं करता, बल्कि समाज के सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में भी सहभागी रहता है। आज भारत पाँच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने, "विकसित भारत 2047", "आत्मनिर्भर भारत", "स्टार्टअप इंडिया" और "मेक इन इंडिया" जैसे महत्त्वाकांक्षी राष्ट्रीय अभियानों की दिशा में अग्रसर है। इन लक्ष्यों की सफलता का आधार निजी निवेश, उद्योगों का विस्तार, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमई), स्टार्टअप संस्कृति तथा व्यापारिक विश्वास पर निर्भर करता है। यदि निवेशक स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं करेगा, तो न नए उद्योग स्थापित होंगे, न रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और न ही आर्थिक विकास की अपेक्षित गति प्राप्त होगी। व्यापार करना केवल लाभ कमाने का कार्य नहीं है। प्रत्येक व्यापारी अपनी पूँजी, प्रतिष्ठा और भविष्य को दाँव पर लगाकर जोखिम उठाता है। बाजार की अनिश्चितता, मूल्य परिवर्तन, प्रतिस्पर्धा, कर व्यवस्था, ऋण, श्रम प्रबंधन, परिवहन लागत और वैश्विक आर्थिक परिस्थितियाँ पहले से ही उसके सामने बड़ी चुनौतियाँ हैं। इसके अतिरिक्त यदि उसे अपराध, रंगदारी, चोरी, डकैती, साइबर अपराध, जबरन वसूली, झूठे मुकदमे, राजनीतिक दबाव, प्रशासनिक उत्पीड़न तथा सामाजिक असुरक्षा का भी सामना करना पड़े, तो उद्यमशीलता का उत्साह स्वाभाविक रूप से प्रभावित होता है। आज देश के अनेक भागों से व्यापारियों पर हमले, अपहरण, लूट, साइबर ठगी, आर्थिक अपराध, प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ और धमकी जैसी घटनाएँ सामने आती रहती हैं। कई बार व्यापारी परिवार अपने बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी चिंता व्यक्त करते हैं। ऐसी परिस्थितियों में व्यापार का विस्तार करने के बजाय लोग पूँजी को सुरक्षित रखने की मानसिकता अपनाने लगते हैं। इसका सीधा प्रभाव निवेश, उत्पादन और रोजगार पर पड़ता है। इसलिए व्यापारी सुरक्षा केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आर्थिक नीति का भी विषय है। यहीं पर वैश्य सुरक्षा आयोग जैसे संस्थागत विचार की आवश्यकता अनुभव की जाती है। इस प्रस्ताव को किसी विशेषाधिकार या सामाजिक विभाजन के दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि आर्थिक गतिविधियों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने की नीति के रूप में देखा जाना चाहिए। यदि समाज के विभिन्न वर्गों की समस्याओं के अध्ययन और सुझाव के लिए आयोग गठित किए जा सकते हैं, तो उद्योग और व्यापार से जुड़े लोगों की सुरक्षा, चुनौतियों और नीतिगत आवश्यकताओं के अध्ययन के लिए भी एक समर्पित आयोग पर विचार किया जा सकता है। ऐसे आयोग का उद्देश्य किसी प्रकार का आरक्षण या विशेष सुविधा देना नहीं, बल्कि व्यापार और उद्योग से संबंधित समस्याओं का व्यवस्थित अध्ययन करना, सरकार को नीतिगत सुझाव देना, व्यापारिक सुरक्षा से जुड़े मामलों में प्रशासनिक समन्वय स्थापित करना, व्यापारी संगठनों और शासन के बीच संवाद बढ़ाना तथा निवेश-अनुकूल वातावरण तैयार करने में सहयोग देना होना चाहिए। व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा केवल दुकानों और गोदामों तक सीमित नहीं है। आज डिजिटल अर्थव्यवस्था के युग में साइबर अपराध, ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, डेटा चोरी और डिजिटल ब्लैकमेल जैसी नई चुनौतियाँ भी सामने हैं। छोटे व्यापारी अक्सर तकनीकी सुरक्षा के अभाव में बड़े आर्थिक नुकसान का सामना करते हैं। यदि कोई संस्थागत व्यवस्था उन्हें जागरूकता, प्रशिक्षण और आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराए, तो आर्थिक अपराधों में भी कमी लाई जा सकती है। ...व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा केवल दुकानों और गोदामों तक सीमित नहीं है। आज डिजिटल अर्थव्यवस्था के युग में साइबर अपराध, ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, डेटा चोरी और डिजिटल ब्लैकमेल जैसी नई चुनौतियाँ भी सामने हैं। छोटे व्यापारी अक्सर तकनीकी सुरक्षा के अभाव में बड़े आर्थिक नुकसान का सामना करते हैं। यदि कोई संस्थागत व्यवस्था उन्हें जागरूकता, प्रशिक्षण और आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराए, तो आर्थिक अपराधों में भी कमी लाई जा सकती है। इसी संदर्भ में वैश्य सुरक्षा आयोग की अवधारणा केवल भौतिक सुरक्षा तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे व्यापक आर्थिक सुरक्षा, सामाजिक सम्मान, मानसिक विश्वास और उद्यमिता को प्रोत्साहन देने वाली संस्था के रूप में विकसित करने पर विचार किया जा सकता है। ऐसा आयोग व्यापार और उद्योग से जुड़े लोगों की समस्याओं का अध्ययन कर समय-समय पर सरकार को सुझाव दे सकता है, सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर सकता है, व्यापारिक संगठनों और प्रशासन के बीच संवाद का सेतु बन सकता है तथा व्यापारिक वातावरण को अधिक पारदर्शी और विश्वासपूर्ण बनाने में सहयोग कर सकता है। व्यापारी की सबसे बड़ी पूँजी केवल उसका धन नहीं होता, बल्कि उसकी विश्वसनीयता होती है। वर्षों की मेहनत, ईमानदारी और अनुशासन से अर्जित प्रतिष्ठा किसी भी व्यापारी की वास्तविक संपत्ति होती है। यदि अपराध, झूठे आरोप, अनावश्यक प्रशासनिक उत्पीड़न अथवा असामाजिक तत्वों के कारण उसकी प्रतिष्ठा प्रभावित होती है, तो उसका आर्थिक नुकसान कई गुना बढ़ जाता है। इसलिए एक ऐसी व्यवस्था की आवश्यकता महसूस की जाती है जो व्यापारी समाज की वास्तविक समस्याओं का निष्पक्ष अध्ययन कर समाधान की दिशा में कार्य कर सके। व्यापारिक परिवारों की सुरक्षा भी आज एक गंभीर विषय बन चुका है। अनेक व्यापारी दिन-रात अपने प्रतिष्ठानों के संचालन में व्यस्त रहते हैं। उनके परिवार, विशेषकर महिलाएँ और बच्चे, कई बार अपराधियों के निशाने पर आ जाते हैं। अपहरण, फिरौती, धमकी, साइबर उत्पीड़न और डिजिटल ब्लैकमेल जैसी घटनाएँ केवल किसी व्यक्ति विशेष को नहीं, बल्कि पूरे परिवार को मानसिक तनाव में डाल देती हैं। यदि समाज का वह वर्ग, जो राष्ट्र की आर्थिक गतिविधियों को गति देता है, स्वयं भय और असुरक्षा के वातावरण में रहेगा, तो उसका प्रभाव अगली पीढ़ी की उद्यमशीलता पर भी पड़ेगा। अनेक युवा व्यवसाय के स्थान पर अन्य विकल्प इसलिए चुनते हैं क्योंकि उन्हें व्यापार में जोखिम अधिक दिखाई देता है। उद्योग और व्यापार का विस्तार केवल पूँजी से नहीं, बल्कि विश्वास से होता है। निवेश वहीं आता है जहाँ कानून का शासन मजबूत हो, प्रशासन निष्पक्ष हो, सुरक्षा का वातावरण हो और उद्यमी को यह भरोसा हो कि उसके श्रम और निवेश की रक्षा होगी। विश्व के विकसित देशों का अनुभव भी यही बताता है कि निवेश आकर्षित करने के लिए केवल कर रियायतें पर्याप्त नहीं होतीं; सुरक्षा, पारदर्शिता और नीतिगत स्थिरता भी उतनी ही आवश्यक होती है। भारत यदि वैश्विक विनिर्माण और निवेश का प्रमुख केंद्र बनना चाहता है, तो व्यापारिक सुरक्षा को आर्थिक नीति का महत्वपूर्ण अंग बनाना होगा। आज सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाते हैं। करोड़ों लोगों को रोजगार देने वाले ये उद्योग अधिकांशतः छोटे और मध्यम व्यापारियों द्वारा संचालित किए जाते हैं। यदि यह वर्ग सुरक्षित, आत्मविश्वासी और प्रोत्साहित होगा तो रोजगार का दायरा बढ़ेगा, स्थानीय उत्पादन में वृद्धि होगी, ग्रामीण और अर्धशहरी अर्थव्यवस्था मजबूत होगी तथा आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य अधिक तेजी से प्राप्त किया जा सकेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### हूल दिवस पर प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने महानायकों को दी श्रद्धांजलि

**रांची।** हूल दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री Narendra Modi, केंद्रीय गृहमंत्री Amit Shah और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष Nitin Navin ने हूल क्रांति के अमर महानायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। तीनों नेताओं ने अपने एक्स हैंडल पर संदेश जारी कर जनजातीय समाज के वीर सेनानियों के साहस, बलिदान और राष्ट्रभक्ति को नमन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में कहा कि हूल दिवस मातृभूमि के लिए मर-मिटने वाले आदिवासी समाज के अद्भुत जज्बे का सशक्त प्रतीक है। उन्होंने हूल क्रांति के महानायक सिदो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो सहित सभी वीर-वीरांगनाओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि जनजातीय गरिमा और स्वाभिमान की रक्षा के लिए उनका संघर्ष और बलिदान देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि संथाल क्रांति ने अन्याय, शोषण और अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध स्वाभिमान, साहस और जनप्रतिरोध की ऐसी चेतना जगाई, जिसने भारत के स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि हूल क्रांति के अमर सेनानियों का बलिदान राष्ट्रभक्ति और जनजातीय गौरव का अमिट प्रतीक है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हूल दिवस पर संथाल क्रांति के सभी बलिदानियों को नमन करते हुए कहा कि जनजातीय स्वाभिमान और मातृभूमि की रक्षा के लिए सिदो-कान्हू, चांद-भैरव तथा वीरांगनाओं फूलो-झानो ने अंग्रेजी शासन के विरुद्ध संघर्ष का ऐसा शंखनाद किया, जिसने पूरे देश में स्वतंत्रता और प्रतिरोध की चेतना का संचार किया। उन्होंने कहा कि इन महानायकों का बलिदान सदैव देशवासियों को प्रेरणा देता रहेगा।

### 2 से 6 जुलाई तक झारखंड दौरे पर रहेंगे कांग्रेस प्रभारी के. राजू, संगठन की करेंगे समीक्षा

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (AICC) के सीडब्ल्यूसी के स्थायी आमंत्रित सदस्य एवं झारखंड प्रभारी के. राजू 2 से 6 जुलाई तक झारखंड के दौरे पर रहेंगे। यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने दी। दौरे के दौरान के. राजू रांची, लातेहार, पलामू, रामगढ़ और हजारीबाग का दौरा करेंगे। वे पंचायत से लेकर जिला स्तर तक कांग्रेस पदाधिकारियों, जीपीसीसी सदस्यों, प्रखंड एवं जिला कांग्रेस कमेटियों के साथ बैठक कर संगठन की मजबूती, बूथ सशक्तिकरण और आगामी राजनीतिक व संगठनात्मक कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे। इस दौरान वे विभिन्न गांवों का दौरा कर कार्यकर्ताओं और आम लोगों से भी संवाद करेंगे। 5 जुलाई को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, रांची में एसआईआर समिति के सदस्यों, प्रदेश पदाधिकारियों, जिला प्रभारियों, जिला अध्यक्षों तथा विभिन्न मोर्चा एवं विभागों के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक होगी। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।


### उपमुखिया तहसीर खान बोले– गौ तस्करी के मामलों में प्रशासन की निष्क्रियता चिंताजनक

**कटकमसांडी।** प्रखंड के खूटरा गांव में दो गाय चोरी होने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। गांव निवासी तौसीफ रजा ने पेलावल ओपी में लिखित आवेदन देकर गांव के ही शेफ अली और राजा मल्लिक पर दो गाय चोरी करने, जान से मारने की धमकी देने तथा वाहन को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई एवं चोरी हुई गायों की बरामदगी की मांग की है। आवेदन के अनुसार 24 मार्च 2026 की रात करीब 11 बजे उनके घर से एक सफेद और एक काले रंग की गाय चोरी हो गई। पीड़ित का दावा है कि घर से बाहर निकलने पर उन्होंने दोनों आरोपितों को गाय लेकर भागते देखा। विरोध करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। साथ ही उनकी टाटा सूमो (संख्या JH01AA7972) की पेट्रोल टंकी में चीनी का घोल डालकर वाहन को भी क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित ने अपने आवेदन में यह भी उल्लेख किया है कि दोनों आरोपित पूर्व में भी पशु चोरी सहित अन्य मामलों में संलिप्त रहे हैं। इसके समर्थन में गिद्धौर थाना कांड संख्या 74/26 का हवाला देते हुए बताया गया है कि बैल-गाय चोरी के एक अन्य मामले में भी राजा मल्लिक को नामजद आरोपी बनाया गया है। इधर, खूटरा पंचायत के उपमुखिया तहसीर खान ने मामले पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र में लगातार गौ तस्करी की घटनाएं सामने आ रही हैं, लेकिन नामजद आवेदन दिए जाने के बावजूद पुलिस की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं होना गंभीर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो अपराधियों का मनोबल और बढ़ेगा। फिलहाल पेलावल ओपी पुलिस को आवेदन सौंप दिया गया है। अब पुलिस जांच के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### राज्यपाल से मिले वीबीयू के सीनेट-सिंडिकेट सदस्य, विश्वविद्यालय विकास की उठाई मांगें

**चतरा।** हजारीबाग विनोबा भावे विश्वविद्यालय (वीबीयू) के सीनेट सदस्य राजेश साह, डॉ. संजय कुमार प्रभाकर एवं सिंडिकेट सदस्य डॉ. ललिता राणा ने सोमवार को राज्यपाल सह कुलाधिपति से मुलाकात कर विश्वविद्यालय के विकास, छात्रहित और शैक्षणिक व्यवस्था से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने चतरा कॉलेज की भूमि लीज का शीघ्र नवीकरण, छात्र संघ चुनाव कराने, रामगढ़ महिला कॉलेज को उसके नए भवन में स्थानांतरित करने, आवश्यकता आधारित शिक्षकों की नियुक्ति तथा सीनेट-सिंडिकेट की नियमित बैठकें आयोजित करने की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि लंबित मामलों के कारण विद्यार्थियों, शिक्षकों और महाविद्यालयों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। राज्यपाल ने सभी मांगों को गंभीरता से सुनते हुए विश्वविद्यालय हित में आवश्यक कार्रवाई का सकारात्मक आश्वासन दिया।

### चौपारण में प्रतिभा सम्मान समारोह अभिभावक गोष्ठी आयोजित



**चौपारण (हजारीबाग)।** प्रखंड के एक प्रतिष्ठित विद्यालय में सोमवार को प्रतिभा सम्मान समारोह सह शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वार्षिक माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करना और शिक्षा की गुणवत्ता पर चर्चा करना था। परीक्षा में बेहतर अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सफलता का मंत्रः अतिथियों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी है। शिक्षक-अभिभावक बैठक में बच्चों की नियमित उपस्थिति, नैतिक शिक्षा और स्कूल-अभिभावक के बीच मजबूत समन्वय पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव (करमा पंचायत) तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मुखिया प्रतिनिधि विनोद सिंह (चौपारण) एवं अभिमन्यु भगत (ताजपुर) उपस्थित रहे। इसके साथ ही विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिलीप कुमार राणा, पंसस अनिल वर्णवाल, राम नरेश पाण्डेय, प्रधानाध्यापक कालीचरण राम समेत विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं और भारी संख्या में अभिभावक मौजूद थे। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ हुआ।

# हर तूफानों से टकराकर प्राप्त की सफलता

नई सोच एक्सप्रेस

**प्रतापपुर।** जिंदगी हर किसी को एक जैसी राह नहीं देती। किसी को मंजिल आसानी से मिल जाती है तो किसी को हर कदम पर संघर्ष की अग्निपरीक्षा से गुजरना पड़ता है। चतरा जिले के प्रतापपुर प्रखंड अंतर्गत टंडवा पंचायत के यादव नगर निवासी संजीत गुप्ता की कहानी भी ऐसे ही अदम्य साहस, संघर्ष और आत्मविश्वास की कहानी है। गरीबी ने कई बार उनके सपनों को रोकने की कोशिश की, पारिवारिक त्रासदियों ने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया और लगातार खराब स्वास्थ्य ने भी उनकी राह आसान नहीं रहने दी। लेकिन उन्होंने हर मुश्किल का डटकर सामना किया और आखिरकार वर्षों की मेहनत, धैर्य और लगन के बल पर कक्षा 1 से 5 के सहायक आचार्य बनकर अपने सपनों को साकार कर दिखाया। संजीत गुप्ता



का जन्म 26 जनवरी 1983 को टंडवा पंचायत के यादव नगर में एक बेहद साधारण परिवार में हुआ। उनके पिता अयोध्या प्रसाद गुप्ता उर्फ पारस गुप्ता मेहनतकश और ईमानदार व्यक्ति थे, जिनकी आर्थिक स्थिति इतनी मजबूत नहीं थी कि बच्चों को सभी सुविधाएं उपलब्ध करा सकें। बावजूद इसके उन्होंने शिक्षा को ही जीवन बदलने का सबसे बड़ा माध्यम माना और अपने बेटे को पढ़ाने का हर संभव प्रयास किया। संजीत ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्रतापपुर मध्य विद्यालय से प्राप्त की तथा प्रतापपुर हाई स्कूल से मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने चतरा कॉलेज, चतरा से इंटरमीडिएट और स्नातक की पढ़ाई पूरी की। पढ़ाई पूरी होने के बाद उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती रोजगार और परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी थी। आर्थिक संकट के कारण प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना आसान नहीं था। ऐसे में उन्होंने हार मानने के बजाय अपने घर पर कोचिंग शुरू की। वर्ष 2003 से 2018 तक लगातार लगभग 15 वर्षों तक उन्होंने कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों को अंग्रेजी विषय की शिक्षा दी। ट्यूशन से होने वाली मामूली आय से उन्होंने अपना अतिरिक्त खर्च उठाया और उसी आय से अपनी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी जारी रखी। दिनभर विद्यार्थियों को पढ़ाना और रात में खुद पढ़ाई करना उनकी दिनचर्या बन गई थी। लेकिन किस्मत की परीक्षा अभी बाकी थी। वर्ष 2009 में उनके पिता का निधन हो गया। वर्ष 2015 में माता का भी निधन हो गया। मां का साया सिर से उठने के बाद वे पूरी तरह टूट गए, लेकिन उन्होंने खुद को संभाला और संघर्ष जारी रखा। इसी बीच वर्ष 2024 में उनके बड़े भाई पंकज गुप्ता (पारा शिक्षक) की बाकेबाजार पहाड़ से गिरने के कारण असामयिक मृत्यु हो गई। लगातार तीन सबसे करीबी रिश्तों को खो देने का दर्द किसी भी व्यक्ति को तोड़ सकता था, लेकिन संजीत ने अपने आंसुओं को अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया। इन पारिवारिक दुखों के साथ-साथ उनका स्वास्थ्य भी लगातार ठीक नहीं रहता था। बीमारी के कारण कई बार पढ़ाई और तैयारी प्रभावित हुई, लेकिन उन्होंने कभी अपने लक्ष्य से समझौता नहीं किया। उनका मानना था कि परिस्थितियां चाहे जितनी कठिन हों, मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती। शिक्षक बनने का सपना संजोए संजीत गुप्ता ने झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (JTET) वर्ष 2013 और 2016 में सफलता हासिल की। इसके बाद भी उन्होंने धैर्य नहीं खोया और लगातार अपनी तैयारी जारी रखी। अंततः उनकी मेहनत रंग लाई और उनका चयन कक्षा 1 से 5 के सहायक आचार्य के पद पर हो गया। नियुक्ति की खबर मिलते ही परिवार, मित्रों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। संजीत गुप्ता अपनी इस सफलता का श्रेय अपने दिवंगत माता-पिता के आशीर्वाद, गुरुजनों और उन मित्रों को देते हैं जिन्होंने कठिन समय में उनका साथ नहीं छोड़ा। वे बताते हैं कि जब आर्थिक संकट चरम पर था, तब उनके कई मित्रों ने बिना किसी स्वार्थ के आर्थिक सहयोग किया। यही सहयोग उनके लिए संबल बना और उन्होंने अपने सपनों की उड़ान जारी रखी। वे अपने सभी मित्रों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। संजीत गुप्ता की संघर्षगाथा आज उन लाखों युवाओं के लिए उम्मीद की किरण है, जो गरीबी, पारिवारिक समस्याओं या विपरीत परिस्थितियों के कारण अपने सपनों से समझौता करने लगते हैं। उनकी कहानी यह संदेश देती है कि यदि इरादे मजबूत हों, मेहनत ईमानदार हो और हौसला बुलंद हो, तो कोई भी कठिनाई सफलता की राह नहीं रोक सकती। आज संजीत गुप्ता केवल एक सहायक आचार्य नहीं बने हैं, बल्कि संघर्ष, धैर्य और आत्मविश्वास की ऐसी जीवंत मिसाल बन गए हैं, जिन पर पूरा क्षेत्र गर्व कर रहा है।

## महिला सशक्तिकरण और संगठन विस्तार पर आजसू का फोकस, 4 जुलाई को राज्यस्तरीय महिला अधिवेशन

नई सोच एक्सप्रेस

**रांची।** आजसू पार्टी के अनुषंगी संगठन अखिल झारखंड महिला संघ का राज्यस्तरीय महिला अधिवेशन 4 जुलाई को रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत स्टेडियम में आयोजित होगा। अधिवेशन में राज्य के सभी पंचायतों से महिला प्रतिनिधि भाग लेंगी। इसका उद्घाटन पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो करेंगे। हरमू स्थित पार्टी के प्रधान कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में केंद्रीय महासचिव निर्मला भगत ने बताया कि अधिवेशन का उद्देश्य महिलाओं की संगठनात्मक भागीदारी को मजबूत करना और भविष्य की रणनीति तय करना है। कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित होगा। पहले सत्र में संगठन को मजबूत बनाने के लिए विभिन्न पदाधिकारियों का चयन



किया जाएगा तथा पार्टी के आगामी कार्यक्रमों और संगठनात्मक गतिविधियों की रूपरेखा घोषित की जाएगी। इसमें राज्य के सभी 24 जिलों से प्रखंड स्तर के प्रतिनिधि और पार्टी पदाधिकारी शामिल होंगे। दूसरा सत्र दोपहर 2 बजे से शुरू होगा, जिसमें पंचायत स्तर की महिलाओं की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इस खुले सत्र में पहले सत्र में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों की सार्वजनिक घोषणा की जाएगी। साथ ही नव-चयनित पदाधिकारियों के नाम और पार्टी के भावी कार्यक्रमों की भी घोषणा होगी। प्रेस वार्ता में केंद्रीय महासचिव पार्वती देवी, केंद्रीय सचिव वीणा चौधरी, फूलकुमारी देवी, महिला जिलाध्यक्ष वीणा देवी तथा सबिता देवी भी उपस्थित थीं।

## मनरेगा को लेकर कांग्रेस का केंद्र सरकार पर हमला, मजदूरों की बकाया मजदूरी जारी करने की मांग

नई सोच एक्सप्रेस

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रवक्ता विजय शंकर नायक ने केंद्र की भाजपा सरकार पर मनरेगा को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इससे गरीबों, किसानों और ग्रामीण मजदूरों के रोजगार पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। नायक ने कहा कि मार्च 2026 तक विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों का मनरेगा मद में 17,144.13 करोड़ बकाया लंबित है, जिसमें 7,846.25 करोड़ मजदूरों की मजदूरी शामिल है। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड सहित कई राज्यों का भुगतान अब तक नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नई व्यवस्था से राज्यों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ेगा। कांग्रेस का आरोप है कि खेती के मौसम में 60 दिनों तक काम बंद रखने जैसे प्रावधान किसानों और मजदूरों के हित में नहीं हैं। उन्होंने मनरेगा मजदूरी बढ़ाकर 500 प्रतिदिन करने की मांग भी दोहराई। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि कम वर्षा और खरीफ बुआई में गिरावट के बीच मनरेगा ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण सहारा है। ऐसे समय में इस योजना



को कमजोर करना उचित नहीं है। विजय शंकर नायक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मजदूरों की बकाया मजदूरी, राज्यों के लंबित भुगतान, झारखंड का बकाया, राज्यों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ, खेती के मौसम में काम बंद रखने की नीति तथा मनरेगा मजदूरी बढ़ाने सहित कई मुद्दों पर जवाब देने की मांग की।

# हूल दिवस पर भाजपा ने पूरे झारखंड में दी वीर शहीदों को श्रद्धांजलि

नई सोच एक्सप्रेस

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को हूल दिवस के अवसर पर अमर शहीद सिदो-कान्हू, चांद-भैरव तथा फूलो-झानो को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राजधानी रांची सहित राज्य के सभी मंडलों में कार्यक्रम आयोजित किए। मुख्य कार्यक्रम रांची के मोराबादी स्थित सिदो-कान्हू पार्क, भाजपा प्रदेश कार्यालय और साहिबगंज जिले के भोगनाडीह में आयोजित हुआ। मोराबादी स्थित सिदो-कान्हू पार्क में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हूल क्रांति के महानायकों को श्रद्धांजलि दी। प्रदेश कार्यालय में भी हूल क्रांति के वीर शहीदों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। वहीं, भोगनाडीह सहित राज्य के सभी मंडलों में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम



आयोजित किए। प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि हूल दिवस जनजातीय समाज के स्वाभिमान, साहस और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि 30 जून 1855 को भोगनाडीह से शुरू हुआ हूल आंदोलन ब्रिटिश शासन, शोषण और अन्याय के विरुद्ध ऐतिहासिक जनविद्रोह था, जिसने स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी। भोगनाडीह में प्रशासनिक व्यवस्थाओं को लेकर आदित्य साहू ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आदिवासियों को अपने पूर्वजों को श्रद्धांजलि देने के लिए अनुमति और बॉन्ड भरने की आवश्यकता बताना अंग्रेजी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरे क्षेत्र को पुलिस छावनी में बदलकर सरकार जनजातीय समाज को भयभीत करने का प्रयास कर रही है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हूल आंदोलन अंग्रेजी शासन की दमनकारी नीतियों के खिलाफ जनजातीय समाज के संघर्ष का प्रतीक है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल में आदिवासी भूमि और अधिकारों पर लगातार संकट बढ़ रहा है तथा सरकार की नीतियां जनजातीय हितों के अनुरूप नहीं हैं। पाकुड़ में भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने हूल दिवस पर वीर शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि हूल आंदोलन देश, समाज और अपनी मिट्टी की रक्षा के लिए संघर्ष और बलिदान की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, प्रदेश महामंत्री अमर बाउरी, प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, जिलाध्यक्ष सरिता मुर्मू सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हूल दिवस पर सिदो-कान्हू को आजसू ने दी श्रद्धांजलि, संघर्ष की प्रेरणा बताया



नई सोच एक्सप्रेस

**रांची।** हूल दिवस के अवसर पर आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने सोमवार को मोराबादी स्थित सिदो-कान्हू पार्क पहुंचकर शहीद सिदो-कान्हू की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर सुदेश महतो ने कहा कि हूल विद्रोह जल, जंगल, जमीन और स्वाभिमान की रक्षा के लिए हुए संघर्ष का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस आंदोलन ने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी। सिदो-कान्हू सहित सभी अमर शहीदों का त्याग और बलिदान अन्याय, शोषण तथा दमन के विरुद्ध संघर्ष करने की प्रेरणा देता रहेगा। कार्यक्रम में पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, केंद्रीय महासचिव संजय मेहता, केंद्रीय सचिव इम्तियाज अहमद नज़मी, रांची जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, केंद्रीय मीडिया संयोजक परवाज खान, रांची जिलाध्यक्ष संजय महतो, हाकिम अंसारी, ओम वर्मा, बबलू महतो, ऋतुराज शाहदेव, अमन साहू, अमित यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खोड़ाहर में हूल दिवस पर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि, सांसद मनीष जायसवाल हुए शामिल



नई सोच एक्सप्रेस

**बरही (हजारीबाग)।** हूल दिवस के अवसर पर बरही प्रखंड के खोड़ाहर और दौरवा ग्राम में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। खोड़ाहर में आदिवासी समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर सांसद का आत्मीय स्वागत किया। इसके बाद सांसद ने अमर शहीद सिद्धू-कान्हू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि हूल आंदोलन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक गौरवशाली अध्याय है। सिद्धू-कान्हू के इस संघर्ष के कारण ही आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए सीएनटी और एसपीटी एक्ट जैसे महत्वपूर्ण कानून बने। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार आदिवासी समाज के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। किसी भी परिस्थिति में आदिवासियों की जमीन पर अवैध कब्जा नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि आदिवासी समाज की संस्कृति, प्रकृति संरक्षण और उनकी एकता से हर किसी को सीख लेने की जरूरत है। ग्राम दौरवा में आयोजित कार्यक्रम में सांसद मनीष जायसवाल को प्राकृतिक टोपी, माला और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रमों में बरही प्रमुख मनोज रजक, सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव, रमेश ठाकुर, रंजीत चन्द्रवंशी, रामस्वरूप पासवान, रिशु बर्णवाल, समिति अध्यक्ष दिलीप एक्का, सुनील टोप्पो, बोधन उरांव, बीना उरांव सहित बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के महिला-पुरुष और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## लावालौंग में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन, मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

नई सोच एक्सप्रेस

**लावालौंग।** राष्ट्रीय अंबेडकर सेवा समिति के तत्वावधान में मंगलवार को लावालौंग में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. नंद किशोर सिंह सुलभ, विभागाध्यक्ष, बीएड, चतरा कॉलेज, चतरा तथा विशिष्ट अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी बिपिन भारती ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में डॉ. नंद किशोर सिंह सुलभ ने कहा कि शिक्षा समाज और राष्ट्र के विकास की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, निरंतर अध्ययन और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। वहीं बीडीओ बिपिन भारती ने कहा कि प्रतिभाओं



का सम्मान करने से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम के आयोजक एवं भाजपा झारखंड प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष रंजय भारती ने कहा कि राष्ट्रीय अंबेडकर सेवा समिति का उद्देश्य समाज के मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना और शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल तैयार करना है। उन्होंने कहा कि समिति भविष्य में भी शिक्षा, सामाजिक जागरूकता एवं युवा सशक्तिकरण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी। समारोह में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष शंकर साहू, रक्तमित्र के संस्थापक विवेक केशरी, खगेश्वर साहू, पंकज केशरी, रवि विश्वकर्मा, नीरज चंद्रवंशी, अक्षय ठाकुर, चुरामन साहू, अरविंद नंद कश्यप, विरोधी गंझू, रामजीत गंझू सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों, सहयोगियों और सभी उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### द्वारी कोल साइडिंग एक साथ बने दो कांटा घर संचालन को लेकर संघर्ष जारी

**चतरा।** द्वारी कोल साइडिंग के संचालन को लेकर क्षेत्र में वर्चस्व की लड़ाई तेज हो गई है। साइडिंग के लिए एक साथ दो कांटा घर (वेटब्रिज) बनाए जाने के बाद आसपास के गांवों के लोग दो गुटों में बंट गए हैं। दोनों पक्ष अपने-अपने कांटा घर से कोयला डंपिंग कार्य शुरू कराने के प्रयास में जुटे हैं। द्वारी रेलवे स्टेशन को डंपिंग यार्ड के रूप में विकसित किया गया है। जहां से एनटीपीसी के लिए कोयले की ढुलाई होनी है। ग्रामीणों का आरोप है कि नियमों की अनदेखी कर एक साथ दो कांटा घर का निर्माण और सेटअप किया गया। जिससे विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई। एक गुट युवाओं की समिति के नाम पर सक्रिय है। जबकि दूसरे गुट में कई प्रभावशाली लोगों का समर्थन है। दोनों के बीच साइडिंग संचालन को लेकर लंबे समय से तनाव बना हुआ है। हाल ही में साइडिंग में कोयला गिराने को लेकर दोनों गुटों के बीच हिंसक झड़प हुई थी। घटना के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र में तनाव को देखते हुए पुलिस प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है। गिद्धौर प्रखंड की द्वारी पंचायत के मुखिया जगदीश यादव ने पुलिस अधीक्षक चतरा, उपायुक्त समेत केंद्रीय कोयला मंत्री को आवेदन देकर शिवपुर-कठौतिया रेलवे लाइन के अंतर्गत द्वारी कोल साइडिंग में कोयला डंपिंग कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।मुखिया ने आरोप लगाया है कि संवेदक द्वारा ग्रामसभा की स्वीकृति और स्थानीय ग्रामीणों की सहमति के बिना मनमाने ढंग से कोयला डंपिंग कार्य शुरू कराया जा रहा है। इससे क्षेत्र में प्रदूषण बढ़ने के साथ-साथ विस्थापित परिवारों, किसानों और मजदूरों के प्रभावित होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि साइडिंग शुरू होने पर बड़ी संख्या में कोयला वाहनों का आवागमन होगा। जिससे ग्रामीणों का जीवन प्रभावित होगा।आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि रोजगार के नाम पर गांव के युवाओं को आपस में बांटने का प्रयास किया जा रहा है। 27 जून को दो गुटों के बीच हुई हिंसक झड़प का जिक्र करते हुए मुखिया ने कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रशासन को हस्तक्षेप करना चाहिए। मुखिया ने मांग की है कि विशेष ग्रामसभा आयोजित होने, विस्थापितों के रोजगार और ग्रामीणों की सहमति सुनिश्चित होने तक द्वारी कोल साइडिंग में कोयला डंपिंग कार्य पर रोक लगाई जाए ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे और किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

### SIR पुनरीक्षण को लेकर प्लस टू उच्च विद्यालय बारिसखी में प्रशिक्षण



**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के बारिसखी में प्लस टू उच्च विद्यालय में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर बूथ न 157,158,159 पर सभी सम्मानित जनता एवं राजनीतिक दल के साथ मतदाता सूची में नाम जोड़ने और S I R से संबंधित कार्य किया जा रहा है। बीएलओ ,आंगनबाड़ी,सुनीता देवी,विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष परमेश्वर रविदास उप मुखिया विकास पाण्डेय pss विकास कुमार विक्कू विनोद साव,रोहित कुमार दांगी, शिवकुमार यादव स्वास्थ्य विभाग की सहिया उषा देवी शिक्षक प्रीतम कुमार गुप्ता प्रियंका कुमारी एवं अनेकों ग्रामीण शामिल रहे।

### कुंदा ट्रैक्टर चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार, जेल



**कुंदा (चतरा)।** कुंदा थाना क्षेत्र के मांझीपारा गांव निवासी महेश कुमार यादव (पिता– धनेश्वर यादव) को महिंद्रा ट्रैक्टर चोरी के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि चोरी किया गया ट्रैक्टर छिपाकर रखा गया है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जांच की और आरोपी को गिरफ्तार किया। साथ ही संबंधित महिंद्रा ट्रैक्टर को भी बरामद कर लिया गया। उन्होंने बताया कि आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

### चौपारण थाना क्षेत्र में उत्पाद विभाग की कार्रवाई

» 8,800 किलो जावा महुआ नष्ट, 1200 लीटर अवैध शराब जब्त



**हजारीबाग ।** उपायुक्त (डीसी) हेमंत सती के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत उत्पाद विभाग और चौपारण थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने चौपारण थाना क्षेत्र के परसातरी एवं अम्बातारी गांवों के नदी किनारे और सुदूर जंगलों में छापेमारी कर अवैध चुलाई शराब के धंधे का भंडाफोड़ किया। सुदूर इलाकों में छिपकर संचालित की जा रही अवैध चुलाई शराब निर्माण की कई भट्ठियों को पुलिस ने मौके पर ही ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान करीब 8,800 किलोग्राम जावा महुआ को मौके पर विनष्ट किया गया और लगभग 1,200 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त की गई। साथ ही शराब बनाने के उपकरण भी बरामद किए गए। उत्पाद विभाग द्वारा इस अवैध धंधे में संलिप्त माफियाओं की पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस सफल छापेमारी अभियान में उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक सुमितेश कुमार, सहायक अवर निरीक्षक सय्यद बसिरुद्दीन, एंटोनी बागे, गृह रक्षा वाहिनी के जवान और चौपारण थाना की पुलिस टीम शामिल थी।

### मानगढ़ के राजेंद्र बने सहायक आचार्य , क्षेत्र में दिखा उत्साह




**चौपारण (हजारीबाग)।** प्रखंड के मानगढ़ निवासी राजेंद्र कुमार प्रजापति को झारखंड सरकार द्वारा सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है। उनकी इस बड़ी सफलता से पूरे क्षेत्र में उत्सव और खुशी का माहौल है। परिजनों और ग्रामीणों ने राजेंद्र की इस उपलब्धि को उनकी कड़ी मेहनत, लगन और निरंतर संघर्ष का प्रतिफल बताया है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए कहा कि उनकी इस सफलता से गांव के अन्य युवाओं को भी शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। नियुक्ति पत्र मिलने के बाद राजेंद्र कुमार प्रजापति ने सरकार का आभार जताया। उन्होंने संकल्प लिया कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य का निर्माण करेंगे। इस अवसर पर बधाई देने वालों में उनके मित्र, शुभचिंतक, स्थानीय ग्रामीण और बड़ी संख्या में क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक शामिल रहे।

## काली यादव की गिरफ्तारी के विरोध में भाजपा का बड़ा फैसला, 1 जुलाई को डीसी कार्यालय पर धरना

नई सोच एक्सप्रेस




**चतरा।** भारतीय जनता पार्टी के चतरा जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश मंत्री एवं चतरा जिला प्रभारी अमरदीप यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने, मन की बात कार्यक्रम, मंडल स्तर पर जिला पदाधिकारियों के प्रवास, सदस्यता अभियान, पंचायत चुनाव की तैयारियों सहित कई संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से संगठन विस्तार और जनसंपर्क अभियान को तेज करने का आह्वान किया। बैठक का प्रमुख निर्णय भाजपा जिला मीडिया प्रभारी काली यादव की गिरफ्तारी के विरोध को लेकर रहा। पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव के दौरान राजद प्रत्याशी के पति द्वारा दर्ज मामले में काली यादव की गिरफ्तारी राजनीतिक साजिश का हिस्सा है। इसके विरोध में भाजपा ने एक जुलाई को उपायुक्त कार्यालय चतरा के समक्ष एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित करने का निर्णय लिया। जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता ने पार्टी के सभी पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, मोर्चा अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं से बड़ी संख्या में धरना-प्रदर्शन में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की। बैठक में संगठन की मजबूती, जनहित के मुद्दों और आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर भी रणनीति तैयार की गई। बैठक में जिला एवं मंडल स्तर के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डेबो पंचायत में सर्पदंश से एक बच्चे की मौत , अंधविश्वास पर उठे सवाल

नई सोच एक्सप्रेस



**चौपारण (हजारीबाग)।** चौपारण प्रखंड के डेबो पंचायत में अंधविश्वास से जुड़ी एक बेहद मार्मिक घटना सामने आई है।यहां सांप के डसने से एक मासूम बच्चे की हुई मौत हैं। घटना के बाद परिजन बच्चे को तत्काल अस्पताल ले जाने के बजाय झाड़-फूंक का सहारा लेते रहे।करीब 12 घंटे तक स्थानीय ओझाओं द्वारा विभिन्न तरीकों से बच्चे को जीवित करने का प्रयास करता रहा।लेकिन अंततः उसकी जान नहीं बचाई जा सकी।प्राप्त जानकारी के अनुसार, बच्चे को सांप ने डस लिया था।उसे तुरंत अस्पताल में डॉक्टर का सहारा लेना चाहिए, परन्तु परिजन अंधविश्वासों में फस कर जानबूझ कर मासुम बच्चे को जान ले ली गई।घटना की सूचना मिलते ही गांव में लोगों की भीड़ जुट गई। मासूम की मौत से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में मातम पसरा हुआ है।यह घटना एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में व्याप्त अंधविश्वास तथा समय पर चिकित्सकीय उपचार नहीं मिलने की गंभीर समस्या को उजागर करती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि सांप के काटने की स्थिति में झाड़-फूंक पर भरोसा करने के बजाय मरीज को बिना देर किए नजदीकी अस्पताल पहुंचाना ही जीवन बचाने का सबसे प्रभावी उपाय है, क्योंकि समय पर एंटी-स्नेक वेनम उपचार मिलने से अधिकांश मरीजों की जान बचाई जा सकती है। स्थानीय लोगों ने भी इस घटना के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने और आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को और प्रभावी बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

## सेवा सप्ताह में होंगे 600 पौधरोपण



नई सोच एक्सप्रेस

**इटखोरी।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की प्रखंड स्तरीय बैठक मां भद्रकाली मंदिर परिसर में हुई। बैठक में आगामी सेवा सप्ताह के आयोजन, संगठन विस्तार और पंचायत स्तर तक समितियों के गठन पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए विहिप के प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार ने कहा कि संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से युवाओं को संगठन से जोड़ते हुए सेवा कार्यों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। बताया गया कि 5 से 12 जुलाई तक बजरंग दल का सेवा सप्ताह मनाया जाएगा। इस दौरान प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में 600 पौधों का पौधरोपण, पांच निशुल्क चिकित्सा शिविर, स्वच्छता अभियान तथा अन्य जनसेवा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में अगले 15 दिनों के भीतर सभी पंचायतों में संगठन की समितियों का गठन करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष योगेश्वर साहू ने की। मौके पर प्रांत विद्यार्थी प्रमुख अमित पासवान, जिला मंत्री सुधीर कुमार, जिला संयोजक अंकित पांडेय, जिला अर्चक-पुरोहित प्रमुख मनोज पांडेय समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एसपी ने किया पुलिस पिकेट का निरीक्षण



नई सोच एक्सप्रेस

**लातेहार।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के मकईयाटांड पुलिस पिकेट का मंगलवार को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने किया। इस दौरान में उन्होंने पिकेट की सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति का गहन समीक्षा की और समस्याओं को जाना। समीक्षा के दौरान पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने पिकेट परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा घेरे को मजबूत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा में कोई भी चूक नहीं होना चाहिये। उन्होंने संतरी ड्यूटी को पूरी सतर्कता से करने की बात कही। इस दौरान कई जवानों ने अपनी समस्याओं को भी बताया। पुलिस अधीक्षक ने जवानों की समस्याओं को सुना और समाधान के लिये से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए।

## हूल दिवस पर सिद्धू-कान्हू मुर्मू चौक पहुंचे सांसद मनीष जायसवाल, वीरों को किया नमन



नई सोच एक्सप्रेस

**हजारीबाग।** हूल दिवस के पावन अवसर पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल मंगलवार को विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी कार्यालय के समीप स्थित सिद्धू-कान्हू मुर्मू चौक पहुंचकर हूल विद्रोह के महान नायक और वीर शहीद सिद्धू-कान्हू मुर्मू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग शामिल हुए। वे अपने हाथों में पारंपरिक हथियार (तीर-धनुष और कुल्हाड़ी) के साथ-साथ 'वृक्ष' थामे हुए थे, जो प्रकृति और संस्कृति के गहरे जुड़ाव को प्रदर्शित करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहा था। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि देश की आज़ादी में झारखंड के असंख्य वीरों का बलिदान अतुलनीय है। हमें उनके सपनों के न्यायपूर्ण समाज का निर्माण करने के लिए निरंतर कार्य करना चाहिए। सांसद ने कहा कि हूल दिवस का यह दिन हमें हमारे गौरवशाली इतिहास, अमर नायकों और जीवन मूल्यों की याद दिलाता है। इस अवसर पर आदिवासी समाज के प्रबुद्ध जनों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## चतरा के हेरु डैम में युवक का शव मिलने से सनसनी,हत्या या आत्महत्या जांच में जुटी पुलिस

नई सोच एक्सप्रेस



**चतरा।** शहर से सटे हेरु डैम में मंगलवार सुबह एक युवक का शव तैरता हुआ मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान शहर के नगवां मोहल्ला निवासी रंजीत कुमार साव के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि रंजीत सोमवार की शाम से ही लापता था। परिजन उसकी तलाश में जुटे थे, लेकिन मंगलवार सुबह उसका शव डैम में मिलने की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों ने सुबह हेरु डैम में एक शव को पानी में तैरते देखा। इसके बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। घटना की सूचना तत्काल सदर थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अवधेश सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को पानी से बाहर निकलवाकर अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि युवक की मौत डूबने से हुई है, उसने आत्महत्या की है या फिर किसी ने हत्या कर शव को डैम में फेंक दिया है। पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। मृतक के परिजनों एवं परिचितों से भी पूछताछ की जा रही है ताकि घटना से जुड़े तथ्यों का पता लगाया जा सके। घटना के बाद मृतक के घर में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, हेरु डैम में शव मिलने की खबर पूरे शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है। स्थानीय लोग घटना की निष्पक्ष एवं शीघ्र जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। सदर थाना प्रभारी अवधेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस हर पहलू पर गंभीरता से जांच कर रही है।

## खूंटी में बीएलओ-बीएलए-2 की बैठक का निरीक्षण, आज से घर-घर बांटे जाएंगे इन्यूमरेशन फॉर्म

नई सोच एक्सप्रेस



**खूंटी।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मंगलवार को खूंटी जिले के तोरपा प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर बीएलओ एवं बीएलए-2 की बैठक में भाग लिया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की सफलता में बीएलओ के साथ-साथ सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बीएलए-2 की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि 30 जून से 29 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को इन्यूमरेशन फॉर्म वितरित करेंगी तथा भरे हुए फॉर्म एकत्र करेंगी। इस दौरान प्रत्येक बीएलओ को बीएलए-2 का सहयोग अपेक्षित है, ताकि पुनरीक्षण प्रक्रिया पारदर्शी और सहभागी बन सके। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने तोरपा प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 84, 87, 89 एवं 97 का निरीक्षण कर बीएलओ की कार्ययोजना की जानकारी ली। उन्होंने बीएलए-2 से मतदाताओं को फॉर्म भरने, पूर्व मतदाता सूची में अपना या अपने माता-पिता का नाम खोजने में सहायता करने का आह्वान किया। उन्होंने निर्देश दिया कि एब्सेंट, शिफ्टेड, डेथ एवं डुप्लिकेट (एएसडीडी) मतदाताओं की सूची तैयार करते समय बीएलओ संबंधित बीएलए-2 के साथ बैठक करें तथा अंतिम सूची का सत्यापन भी उनसे कराएं। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी मो. जावेद हुसैन, ईआरओ, एईआरओ, उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य निर्वाचन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## गोबर खाद अपनाकर बचाएं खेत की उर्वरता : रोहन साव



नई सोच एक्सप्रेस

**सिमरिया।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में मंगलवार को "खेत बचाओ जागरूकता अभियान" चलाया गया। अभियान के तहत किसानों को रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में सिमरिया प्रमुख रोहन साव ने किसानों से डीएपी व यूरिया जैसे रासायनिक उर्वरकों का कम से कम उपयोग करने तथा गोबर खाद एवं अन्य जैविक खाद को प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने कहा कि लगातार रासायनिक खाद के उपयोग से मिट्टी की उर्वरा शक्ति प्रभावित हो रही है, जबकि जैविक खाद खेतों की गुणवत्ता बनाए रखने में सहायक है। उप-परियोजना निदेशक रमेश कुमार ने किसानों को संतुलित मात्रा में उर्वरकों के उपयोग और रासायनिक कीटनाशकों से बचाव की सलाह दी। वहीं प्रभारी प्रखंड तकनीकी प्रबंधक राजेश कुमार ने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों से योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया। मौके पर सहायक तकनीकी प्रबंधक सुधीर कुमार, पंचायत प्रतिनिधि, कृषक मित्र, एग्री क्लीनिक के अमन राज सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## झरपो राजगढ़ से आदिवासियों ने हूल क्रांति का फूंका था बिगुल



नई सोच एक्सप्रेस

**टाटीझरिया (हजारीबाग) ।** देश की आज़ादी की पहली लड़ाई भले ही 1857 में मानी जाती है, लेकिन झारखंड के आदिवासियों ने 1855 की हूल क्रांति में ही अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ बिगुल फूंक दिया था। इस महान आंदोलन में टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के आदिवासियों का भी ऐतिहासिक योगदान रहा है। अंग्रेजों द्वारा जमींदारों के जरिए आदिवासियों और संथालों से जबरन लगान वसूलने के कारण जनता में भारी असंतोष था। आक्रोशित आदिवासियों ने पारंपरिक हथियारों (तीर-धनुष, भाला, फरसा) के साथ झरपो स्थित राजा कामाख्या नारायण सिंह के प्रशासनिक महल (राजगढ़) पर धावा बोल दिया। डुगडुगी बजाकर आंदोलन और क्रांतिकारियों ने राजगढ़ के समक्ष डुगडुगी बजाकर विद्रोह की शुरुआत की और आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए बैलगाड़ियों पर सवार होकर रांची के लिए कूच किया। इस संघर्ष में कई स्थानीय वीरों ने अपनी शहादत दी थी। इस क्रांति के नायक चांद-भैरव अंग्रेजों के खिलाफ लड़ते हुए शहीद हुए, वहीं सिद्धो-कान्हू को 26 जुलाई को भगनाडीह गाँव में फांसी दे दी गई थी। उनकी याद में टाटीझरिया के सिमरखाब, करम्बा, पूतो, हरदिया सहित कई गाँवों के लोग आज भी यहाँ जुटते हैं।

## एक भी वैध मतदाता सूची से न छूटे : विनोद पाण्डेय


नई सोच एक्सप्रेस



**पलामू।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की ओर से मंगलवार को चंद्रा रेजिडेंस में बूथ स्तरीय सम्मेलन सह बीएलए-2 प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें पार्टी के महासचिव विनोद पाण्डेय ने कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य पूरी जिम्मेदारी से करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एक भी वैध मतदाता का नाम मतदाता सूची से नहीं छूटना चाहिए। बीएलए-2 सदस्यों की जिम्मेदारी है कि नए पात्र मतदाताओं का नाम जुड़वाएं, त्रुटियों का सुधार कराएं और किसी योग्य मतदाता का नाम कटने न दें। उन्होंने कहा कि झामुमो कार्यकर्ता हमेशा जमीनी स्तर पर लोगों के बीच रहकर काम करते हैं और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का प्रयास करते हैं। प्रशिक्षण शिविर में मतदाता सूची पुनरीक्षण, नए मतदाताओं के पंजीकरण, विभिन्न प्रपत्रों की जानकारी तथा संगठनात्मक दायित्वों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने, घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करने और नियमित जनसंपर्क बनाए रखने की अपील की गई। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा, केंद्रीय समिति सदस्य सन्नू सिद्दीकी, चंदन सिन्हा, सुशीला मिश्रा, सलोनी टोप्पो, हाजी ललन, जुगल चंद्रवंशी, रंजन चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बीएलए-2 सदस्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### चौबेपुर थाने में कथित फर्जी पत्रकार के खिलाफ ग्रामीणों की शिकायत,कार्यवाही की मांग



**वाराणसी**।चौबेपुर थाना क्षेत्र के रामचंदीपुर गांव के ग्रामीणों ने एक व्यक्ति के खिलाफ थाने में शिकायत पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है | शिकायत में आरोप लगाया गया है कि सुनील कुमार यादव नामक व्यक्ति स्वयं को पत्रकार बताकर लोगों पर दबाव बनाता है जबकि उसके पास किसी मान्यता प्राप्त पत्रकारिता का प्रमाण नहीं है |शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि संबंधित व्यक्ति गांव एवं आसपास के क्षेत्रों में निजी भूमि पर लगे पेड़ों की कटाई अथवा आंधी-तूफान में गिरे पेड़ों को हटाने के नाम पर लोगों से धन की मांग करता है | शिकायत में यह भी कहा गया है कि पैसे नहीं देने पर संबंधित व्यक्ति जिला स्तर के अधिकारियों से लेकर आईजीआरएस, एक्स (पूर्व ट्विटर),फेसबुक और यूट्यूब जैसे माध्यमों पर शिकायत कर लोगों को परेशान करता है | ग्रामीणों ने शिकायत पत्र में यह भी आरोप लगाया है कि संबंधित व्यक्ति घरेलू बिजली कनेक्शन का उपयोग व्यावसायिक कार्यों के लिए करता है तथा गंगा की रेत से संबंधित गतिविधियों में भी संलिप्त है | शिकायतकर्ताओं का कहना है कि इससे क्षेत्र के लोगों को मानसिक और आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है | ग्रामीणों ने चौबेपुर थाना प्रभारी से मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है यह शिकायत 26 जून 2026 को थाने में दी गई है ||

### साहब सिंह वर्मा की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित करने पहुंचे - चंदेल



**नई दिल्ली**।भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के मीडिया सह प्रभारी गुरुजी राजू चंदेल ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहब सिंह वर्मा को उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की इस मौके पर श्री चंदेल ने उन्हें याद करते हुए कहा कि श्री साहब सिंह वर्मा जी के साथ उनके कार्यकाल में पार्टी में काम करने का मौका मिला अब मुझे याद है सन 1998 में वह मेरी वैवाहिक शादी समारोह में शामिल हुए हमें आशीर्वाद दिया स्वर्गीय साहब सिंह वर्मा एक नेक दिल इंसान और बेहतरीन दिल्ली के मुख्यमंत्री साबित हुए उन्होंने दिल्ली की जनता और उसके विकास के लिए बहुत ही बेहतरीन कार्य किया श्री साहब सिंह वर्मा भारतीय जनता पार्टी (BJP) के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री साहिब सिंह वर्मा दिल्ली में कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे। वह दिल्ली के चौथे मुख्यमंत्री (1996–1998) और 1993 से 1996 तक दिल्ली सरकार में शिक्षा और विकास मंत्री के पद पर रहे। इसके अलावा, उन्होंने 1977 और 1983 में दिल्ली नगर निगम (MCD) के पार्षद के रूप में भी कार्य किया।

### नागरिकता के दस्तावेजों पर स्पष्ट नीति बनाने की मांग



**नई दिल्ली**। पासपोर्ट, आधार, पैन कार्ड और मतदाता पहचान पत्र को नागरिकता का अंतिम प्रमाण नहीं माने जाने को लेकर वरिष्ठ समाजसेवी मुसरफ खान, अधिवक्ता अरविंद पुष्कर, समाजसेवी पंकज जैन और राजू शर्मा ने केंद्र सरकार से स्पष्ट और आधिकारिक नीति जारी करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि ये दस्तावेज नागरिकता के अंतिम प्रमाण नहीं हैं, तो आम नागरिक, विशेषकर गरीब और ग्रामीण वर्ग, अपनी नागरिकता किस आधार पर सिद्ध करेगा। उनका कहना है कि कानून और आमजन की समझ के बीच बढ़ती दूरी के कारण भ्रम और असुरक्षा की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने सरकार से नागरिकता सिद्ध करने के लिए मान्य दस्तावेजों की स्पष्ट सूची जारी करने तथा इस संबंध में सरल और आधिकारिक मार्गदर्शन उपलब्ध कराने की मांग की। उनका कहना है कि स्पष्ट नीति से नागरिकों का लोकतांत्रिक व्यवस्था पर विश्वास और मजबूत होगा।

### सांसद नवीन जिन्दल खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए है प्रयासरतः धर्मवीर सिंह

» एशियन कराटे चैंपियनशिप गोल्ड मेडल विजेता अलीशा को जिन्दल हाउस में किया गया सम्मानित



**कुरुक्षेत्र**। कराटे एशियन चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर देश और हरियाणा का नाम रोशन करने वाली अलीशा को जिन्दल हाउस, कुरुक्षेत्र में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल की ओर से धर्मवीर सिंह ने अलीशा को तिरंगा भेंट कर सम्मानित भी किया। इस दौरान सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने अलीशा और उसके कोच एवं परिजनों से विस्तारपूर्वक बातचीत की तथा सांसद नवीन जिन्दल द्वारा खेलों और खिलाड़ियों के उत्थान के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी और अलीशा को भी सहयोग देने की बात कही। इस मौके पर धर्मवीर सिंह ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल का सदैव प्रयास रहा है कि क्षेत्र का हर प्रतिभाशाली खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाए। अलीशा जैसी बेटियां पूरे समाज के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण से यह सिद्ध किया है कि ग्रामीण परिवेश की प्रतिभाएं भी विश्व मंच पर भारत का तिरंगा बुलंद कर सकती हैं। कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में सांसद नवीन जिन्दल की ओर से खिलाड़ियों को हर प्रकार का मार्गदर्शन और सहायता निरंतर उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि सांसद नवीन जिन्दल हमेशा युवाओं को खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित करते रहे हैं और उनका विज़न है कि कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र खेल प्रतिभाओं का मजबूत केंद्र बने। अलीशा ने अपने मेडल को प्रदेश की उपलब्धि बताते हुए विश्वास जताया कि सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन और सहयोग से आने वाले समय में वह और भी बड़ी उपलब्धियां हासिल कर देश का गौरव बढ़ाएगी। इस अवसर पर अलीशा के कोच विकास पांचाल और उनके पिता जसवंत सिंह भी उपस्थित रहे।

# अधिकारी मस्त, कर्मचारी धनउगाही में लिप्त, आम जनता त्रस्त

नई सोच एक्सप्रेस



» बांसगांव तहसील बना भ्रष्टाचार का केंद्र, बिना सुविधा शुल्क के वैधानिक कार्य भी नहीं हो रहे

**गोरखपुर**।बांसगांव तहसील में भ्रष्टाचार और धनउगाही के आरोप लगातार चर्चा का विषय बने हुए हैं। क्षेत्रीय लोगों का आरोप है कि तहसील के विभिन्न कार्यालयों में बिना सुविधा शुल्क दिए सामान्य एवं वैधानिक कार्य भी समय से नहीं हो रहे हैं। इससे किसानों और आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय में तैनात कुछ कर्मचारियों, भूलेख कंप्यूटर ऑपरेटर, कृषि पटल तथा अन्य राजस्व कर्मियों पर विभिन्न ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आवेदनों के निस्तारण के नाम पर अवैध धन उगाही के आरोप लग रहे हैं। आरोप है कि सुविधा शुल्क नहीं मिलने पर आवेदनों को अनावश्यक रूप से लंबित रखा जाता है या तकनीकी कारण बताकर निरस्त कर दिया जाता है। ऐसा ही एक मामला ग्राम सोमही के एक किसान का सामने आया है। किसान ने शासन द्वारा संचालित नाम संशोधन अभियान के तहत खतौनी में आधार कार्ड के अनुसार नाम संशोधन के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। संबंधित हल्का लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक द्वारा जांच कर सकारात्मक रिपोर्ट लगाए जाने के बावजूद रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय स्तर पर आवेदन निरस्त कर दिया गया। पीड़ित किसान का आरोप है कि सुविधा शुल्क की मांग पूरी न करने के कारण उसका आवेदन निरस्त किया गया। गौरतलब है कि शासन किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए खतौनी में त्रुटि सुधार एवं नाम संशोधन अभियान चला रहा है, ताकि किसानों को कृषि योजनाओं और सरकारी सुविधाओं का लाभ आसानी से मिल सके। लेकिन यदि ऐसे आरोप सही हैं तो यह शासन की मंशा पर भी सवाल खड़े करते हैं। स्थानीय लोगों का यह भी आरोप है कि तहसील कार्यालय और एसडीएम न्यायालय में कई आदेशित फाइलें भी सप्ताहों और महीनों तक लंबित रखी जाती हैं। दलालों के माध्यम से सुविधा शुल्क मिलने के बाद ही फाइलों को आगे बढ़ाया जाता है। इससे आम नागरिकों का प्रशासन पर विश्वास कमजोर हो रहा है। क्षेत्र के नागरिकों ने मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारी से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराने तथा दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं।

### भाजपा कार्यालय सचिव कैलाश अग्रवाल का जन्मदिन पार्टी कार्यालय में धूमधाम के साथ मनाया -- चंदेल



नई सोच एक्सप्रेस

**नई दिल्ली**। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के मीडिया सह प्रमुख गुरुजी राजू चंदेल ने पार्टी कार्यालय में प्रदेश कार्यालय के सचिव कैलाश अग्रवाल जी का जन्मदिन बड़ी धूमधाम के साथ मनाया इस मौके पर केक भी काटा गया उनके जन्मदिन में शामिल होने वाले अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अधिवक्ता लाजपत राय, कार्यालय मंत्री सुमेश लिलोठिया, रिपु दमन, शिवा टॉक, हेमंत धनवाड़िया, अधिवक्ता जगदीप गौतम, सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे इस मौके पर गुरुजी चंदेल ने बोलते हुए कहा कि हमारे कैलाश अग्रवाल जी बहुत ही ईमानदार और मेहनती व्यक्ति हैं आप हमेशा पार्टी के हर कार्य करता का सम्मान करके चलते हैं किसी का भी कोई कार्य के लिए मना नहीं करते उनके इसी सरल और उदारवादी व्यवहार के चलते आज पूरे पार्टी कार्यालय में वह लोकप्रिय ता हासिल की है जो आसानी से किसी को नहीं मिलती आज उनके जन्मदिन पर दिल्ली सरकार के कई मंत्रियों विधायकों ने उन्हें शुभकामनाएं दी और उनकी लंबी आयु की कामना की आज सुबह से ही उनको मुबारकबाद देने वालों की लाइन लगी रही

## दिल्ली विश्वविद्यालय में संत कबीर साहेब के 628वें प्रकटोत्सव पर संगोष्ठी आयोजित

नई सोच एक्सप्रेस



**नई दिल्ली**।फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फॉर सोशल जस्टिस (शिक्षक संगठन) के तत्वावधान में दिल्ली विश्वविद्यालय के उत्तरी परिसर में संत कबीर साहेब के 628वें प्रकटोत्सव के अवसर पर संगोष्ठी एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संत कबीर साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद "संत कबीर साहेब आज क्यों प्रासंगिक हैं?" विषय पर विचार गोष्ठी हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता फोरम के चेयरमैन प्रो. हंसराज सुमन ने की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सामाजिक समरसता, समानता और मानवीय मूल्यों की स्थापना के लिए कबीर साहेब के विचार पहले से अधिक प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि कबीर ने जाति-पांति, ऊंच-नीच, पाखंड, अंधविश्वास और सामाजिक भेदभाव का विरोध कर मानवता, सद्भाव और समानता का संदेश दिया। मुख्य वक्ता प्रो. के.पी. सिंह ने कहा कि कबीर साहेब महान दार्शनिक, समाज सुधारक और निर्भीक चिंतक थे। उन्होंने कर्म, सादगी, मानवीय प्रेम और सामाजिक एकता पर बल दिया तथा अंधविश्वास और रूढ़ियों का विरोध किया। अन्य वक्ताओं ने भी कबीर साहेब के विचारों को आज के सामाजिक परिवेश में प्रासंगिक बताते हुए उनके संदेशों के व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता पर जोर दिया। संगोष्ठी में डॉ. वी.के. कटारिया, डॉ. योगेश, डॉ. राजपाल सिंह, घनश्याम भारती, पल्लवी प्रियदर्शनी, प्रसून पाटिल सहित कई विद्वानों एवं समाजसेवियों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन शोधार्थी अविनाश ने किया तथा अंत में पल्लवी प्रियदर्शनी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## प्रतियोगी परीक्षा में कुप्रबंधन, महंगाई एवं बेरोज़गारी के खिलाफ कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

नई सोच एक्सप्रेस




**जंदाहा**। युवाओं के भविष्य के साथ लगातार हो रहे खिलवाड़, प्रतियोगी परीक्षाओं में व्याप्त कुप्रबंधन, बार-बार हो रहे पेपर लीक, बेलगाम महंगाई और बढ़ती बेरोजगारी के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं युवाओं ने जंदाहा के अंबेडकर चौक पर प्रखंड अध्यक्ष चंदन झा के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया तथा सरकार का पुतला दहन किया। पुतला दहन के बाद एक सभा की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष चंदन झा एवं मुन्ना अंसारी के संचालन में की गई। एनएसयूआई प्रदेश सचिव उत्तम कुमार ठाकुर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों के कारण देश और प्रदेश का युवा निराश और हताश है। प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता का अभाव, पेपर लीक की घटनाएं तथा परीक्षा प्रक्रिया में अनियमितताओं ने लाखों युवाओं के सपनों को तोड़ने का काम किया है। मौके पर मौजूद कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष चंदन झा एवं मोहम्मद सलीम ने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी ने आम जनता का जीवन कठिन बना दिया है। एक ओर युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। वही मोहम्मद आशिफ ने कहा कि आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों ने गरीब एवं मध्यम वर्ग के परिवारों का बजट बिगाड़ दिया है। सरकार युवाओं, छात्रों और आम जनता की समस्याओं के समाधान में पूरी तरह विफल साबित हुई है। रोजगार सृजन, शिक्षा व्यवस्था में सुधार और महंगाई पर नियंत्रण के बजाय सरकार केवल घोषणाओं तक सीमित है, जिसका खामियाजा देश की जनता भुगत रही है। इस मौके पर एनएसयूआई प्रदेश सचिव उत्तम कुमार ठाकुर,सुबोध पासवान, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद एजाज सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जगन्नाथ मंदिर में गूंजा 'जय जगन्नाथ' का उद्घोष माहेश्वरी महिला संगठन ने धूमधाम से मनाई देव स्नान पूर्णिमा

नई सोच एक्सप्रेस



» अध्यक्ष अलका बाहेती व मंत्री लक्ष्मी लड्ढा के नेतृत्व में निकली कलश यात्रा,केसर- चंदन युक्त गंगाजल से हुआ अभिषेक

**वाराणसी**।माहेश्वरी महिला संगठन वाराणसी द्वारा महेश नवमी सप्ताह के समापन के अवसर पर ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा के पावन अवसर पर 29 जून को जगन्नाथ मंदिर,अस्सी के प्रांगण में "देव स्नान पूर्णिमा" का भव्य आयोजन किया गया। "स्नान मंडप पर विराजे हैं भगवान, भक्त कर रहे श्रद्धा से गुणगान" कार्यक्रम का शुभारंभ तुलसी घाट से निकली भव्य कलश यात्रा से हुआ | शोभा यात्रा का नेतृत्व संगठन की अध्यक्ष अलका बाहेती,मंत्री लक्ष्मी लड्ढा,संचालन दीपक माहेश्वरी,गौरव राठी तथा धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष प्रज्ञा बजाज ने किया | माहेश्वरी समाज की महिलाओं ने चंदन व केसर से युक्त गंगाजल को कलश में भरकर जगन्नाथ मंदिर तक शोभायात्रा निकाली | मंदिर पहुंचकर सभी भक्तों ने मंत्रोच्चार के साथ भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं देवी सुभद्रा का शीतल गंगाजल से अभिषेक किया | "स्नान मंडप पर विराजे हैं भगवान,भक्त कर रहे श्रद्धा से गुणगान,शीतल जल से हो रहा महाप्रभु का स्नान,जय जगन्नाथ, जय बलभद्र,जय सुभद्रा महान |**भजन संध्या,महाप्रसाद**ः दिव्य स्नान के उपरांत भजन संध्या का राखी काबरा संगीता मुंद्रडा पुष्पा धूत का आयोजन हुआ | महाप्रसाद का वितरण संगीता सोनी एवं संतोष सारड़ा ने किया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महाप्रभु के दर्शन कर महाप्रसाद ग्रहण किया | पूरा मंदिर परिसर 'जय जगन्नाथ' के जयकारों से गूंज उठा | **समाज के प्रचार मंत्री गौरव राठी ने बताया महत्व**ः माहेश्वरी समाज के प्रचार मंत्री गौरव राठी ने बताया देव स्नान पूर्णिमा माहेश्वरी समाज का प्रमुख उत्सव है यह पर्व हमें बताता है कि भगवान भी भक्तों की सेवा और प्रेम के भूखे हैं | स्नान के बाद महाप्रभु 15 दिन के लिए एकांतवास में चले जाते हैं जिसे 'अनवसर' कहते हैं यह हमारी सनातन परंपरा का अद्भुत उदाहरण है तथा आज महेश नवमी सप्ताह का समापन भी हुआ | श्री राठी ने कहा माहेश्वरी महिला संगठन की सभी सदस्य ने इस आयोजन को सफल बनाने में जो मेहनत की है वह प्रशंसनीय है | माहेश्वरी समाज माहेश्वरी परिषद के अध्यक्ष दीपक माहेश्वरी ने कहा कि तुलसीघाट से जगन्नाथ मंदिर तक की कलश यात्रा ने पूरे शहर में भक्ति का माहौल बना दिया | समाज के युवाओं को भी अपनी संस्कृति और त्योहारों से जोड़ना हमारा उद्देश्य है | **ये रहे प्रमुख रूप से उपस्थित**ः कार्यक्रम में श्रवण करवा,अनिल सारड़ा, शशि नेवर,ज्योति दुजारी,सुनीता राठी, अनीता भालोठिया,रजनी बर्मन,कृष्ण भूराडिया,सविता दुजारी,सुषमा चितलांगिया,रंजना मुंधड़ा,बृजेश महेश्वरी, कृष्ण कुमार काबरा,गोविंद बजाज, पुरुषोत्तम जाजू सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु एवं मातृशक्ति उपस्थित रही ||

### ग्रीष्मकालीन गृहकार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया गया सम्मानित



नई सोच एक्सप्रेस

उच्च माध्यमिक विद्यालय लावापुर महनार में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान दिए गए गृहकार्य और प्रोजेक्ट वर्क को सफलतापूर्वक व गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने वाले नवम वर्ग के छात्रों में प्रथम स्थान लाने वाले धार्मिक कुमार, द्वितीय स्थान लाने वाले छात्र पीयूष कुमार एवं तृतीय स्थान लाने वाले छात्र आशीष कुमार जबकि सांत्वना पुरस्कार अर्जुन कुमार,अंकुश कुमार, चन्दन कुमार, गुलशन कुमार को जबकि दशम वर्ग की छात्रा मुस्कान कुमारी को प्रथम, खुशी कुमारी को द्वितीय जबकि रानी कुमारी को तृतीय पुरस्कार से शिक्षक जीतेंद्र नाथ के द्वारा सम्मानित किया गया। छात्रों को मोटिवेशन करते हुए कहा कि इस तरह से नियमित गृहकार्य पूरा करने से शिक्षा में प्रसार होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि यह आयोजन विद्यार्थियों में अध्ययन के प्रति जागरूकता, अनुशासन और निरंतर प्रयास की भावना को प्रोत्साहित करने हेतु आयोजित किया गया था। शिक्षा विभाग के "टीचर्स ऑफ मंथ" के तर्ज पर स्काउट गाइड शिक्षक जीतेंद्र नाथ द्वारा पूर्व की तरह जून माह के"स्टूडेंट्स ऑफ द मंथ"नवम वर्ग के छात्र मो. साहिल को एक कलम देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापिका सुलेखा कुमारी, अशद अंसारी,देवेन्द्र कुमार,अनिल कुमार सुमन, देवेन्द्र कुमार, संजय कुमार राउत, मेनका कुमारी, रीना साहनी,प्रियंका कुमारी आदि लोगों की उपस्थिति रही।

## उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में 3 वर्षीय बच्ची के साथ रेप की घटना से जोगी समाज में रोष

नई सोच एक्सप्रेस



**कुरुक्षेत्र**।हरियाणा के कुरुक्षेत्र में जोगी के बाद समाज के मुख्य कार्यालय में हरियाणा से आए सभी जोगी समाज के लोगों ने उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में 3 वर्षीय बच्ची के साथ रेप की घटना पर लिया फ़ैसला !घटना के बाद हरियाणा जोगी समाज में रोष, आरोपी को फांसी की सजा की की मांग , देश में छोटी बच्चियों के साथ रेप की घटनाएं बढ़ती जा रही है ऐसे ही घटना एक उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में सामने आई है जब 3 साल की बच्ची के साथ एक आरोपी के द्वारा रेप की घटना को अंजाम दिया गया है। हालांकि पुलिस के द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर दिया गया है लेकिन इस घटना के बाद हरियाणा में जोगी समाज में कॉफी रोष देखने को मिल रहा है। क्योंकि वह उनके समाज की बेटी है ऐसे में उन्होंने कुरुक्षेत्र धर्मशाला में योगी समाज के पदाधिकारी और गणमान्य लोगों के साथ बैठक की और आरोपी को सबसे सजा देने की मांग की। योगी समाज की मांग है कि यह केस फास्ट ट्रैक अदालत में चले और जल्द से जल्द आरोपी को फांसी की सजा होनी चाहिए! ताकि इस प्रकार का गिनोना काम आगे कोई ना करें। वहीं उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार से भी मांग की है कि पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दी जाए क्योंकि वह काफी गरीब परिवार है और आरोपी के घर के ऊपर बुलडोजर चलाकर उसको गिराया जाए जो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कर सकते हैं क्योंकि पहले भी वह अपराधियों के ऊपर इस प्रकार की कार्रवाई करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी बैठक में पीड़ित परिवार की सहायता करने की भी बात की गई है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले कुरुक्षेत्र के एलएनजेपी अस्पताल में एक डॉक्टर के द्वारा बच्ची के साथ घिनौना काम किया गया था उसकी भी संपत्ति जप्त करके उस पर भी सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

## श्रीराम मंदिर की दानपेटी में चोरी के दोषियों पर हो कठोर कार्रवाई : हिंदू जनजागृति समिति

नई सोच एक्सप्रेस



» समिति ने कहा- मंदिरों का प्रबंधन श्रद्धालु भक्तों के हाथों में ही होना चाहिए

**अयोध्या/नई दिल्ली**।हिंदू जनजागृति समिति ने अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर की दानपेटी में कथित चोरी की घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। समिति का कहना है कि मंदिर की दानपेटी में श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित धन की चोरी गंभीर अपराध होने के साथ-साथ धार्मिक आस्था का भी अपमान है। समिति के अनुसार, श्रीराम मंदिर करोड़ों हिंदुओं की आस्था, लंबे संघर्ष और बलिदान का प्रतीक है। ऐसे में दानराशि में किसी भी प्रकार की अनियमितता या चोरी अस्वीकार्य है। समिति ने सरकार से मामले की शीघ्र जांच कर सच्चाई सार्वजनिक करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। हिंदू जनजागृति समिति के राष्ट्रीय प्रवक्ता रमेश शिंदे ने कहा कि मंदिरों का प्रबंधन केवल भगवान के श्रद्धालु भक्तों के हाथों में होना चाहिए। उनका दावा है कि सच्चा भक्त मंदिर की संपत्ति को ईश्वर की सेवा का माध्यम मानता है और उसके दुरुपयोग की कल्पना भी नहीं कर सकता। समिति ने मंदिरों के सरकारीकरण का भी विरोध करते हुए कहा कि धार्मिक स्थलों के प्रबंधन में सरकार का हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। समिति का आरोप है कि सरकारी नियंत्रण वाले कई मंदिरों में वित्तीय अनियमितताओं के उदाहरण सामने आए हैं। इसलिए मंदिरों की व्यवस्था ऐसे भक्तों को सौंपी जानी चाहिए जो इसे सेवा और जिम्मेदारी के रूप में निभाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### कोडरमा झामुमो ने हूल दिवस पर बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शहीदों को किया याद

**कोडरमा** । झारखंड मुक्ति मोर्चा कोडरमा जिला समिति के नेतृत्व में मंगलवार को हूल दिवस के मौके पर डोमचांच प्रखंड के कानीकेंद्र में बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडे ने अपने साथियों के साथ माल्यार्पण अर्पित कर उन शहीदों को याद किया, जिन्होंने समाज में व्याप्त महाजनी प्रथा जमींदारी शोषण तथा अंग्रेजों के जुर्म और अन्याय का विरोध करके एक बड़े आंदोलन का शंखनाद किया और एक लंबी लड़ाई लड़ते हुए झारखंड के संथाल परगना के महानायक सिदो-कान्हू, चांद-भैरव तथा फूलों-झानो ने अपने हजारों हजार साथियों के साथ प्राणों की आहुति दे दी। 1855 को शुरू किया गया आंदोलन एक लंबे समय तक चलता रहा। अंततः अंग्रेजों को इन आंदोलनकारियों की बात माननी पड़ी, जिसके परिणाम स्वरूप आज भी संथाल परगना में संथाल परगना काश्तकारी अधिनियम लागू है। कार्यक्रम स्थल पर झारखंड मुक्ति मोर्चा कोडरमा जिला समिति के केंद्रीय समिति सदस्य, जिला स्तरीय पार्टी के पदाधिकारी प्रखंड स्तरीय पार्टी के पदाधिकारी तथा समाज के कई लोग मौजूद थे। सभी ने अपने-अपने तरीके से हूल दिवस के मौके पर अपने विचारों को रखते हुए उन शहीदों को याद किया जिनकी याद में यह शहादत दिवस मनाया जाता है। जिला प्रवक्ता वीरेंद्र मिश्रा का यह मानना है कि यह हूल दिवस कहानी नहीं एक गौरव गाथा है जो आज भी झारखंड वासियों को अपने हक और अधिकार की लड़ाई के लिए प्रेरित करती है। कार्यक्रम स्थल पर मौजूद सभी लोगों ने जुर्म और अन्याय के खिलाफ चलने का संकल्प लिया। मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य संजय पांडे, तारिणी प्रसाद, रामेश्वर मुर्मू, पूर्व प्रत्याशी शालिनी गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष घनश्याम सिंह, जिला उपाध्यक्ष नंदकिशोर मेहता, अशोक कुमार, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ओणम प्रिया, जिला कोषाध्यक्ष छोटे लाल विश्वकर्मा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मोहम्मद सद्दाम, मरकच्चो प्रखंड अध्यक्ष दिवाकर तिवारी, सचिव रियासत आलम, कोडरमा प्रखंड अध्यक्ष चंद्रदेव यादव, सचिव उमेश यादव, डोमचांच प्रखंड सचिव मोहम्मद अशरफ, सतगावां प्रखंड अध्यक्ष गणेश राय, वासुदेव यादव, संतोष यादव, कोडरमा नगर पंचायत अध्यक्ष धीरज कुमार, बाल गोविंद प्रसाद मोदी, चंदवारा प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर भारती, सुरेंद्र यादव, रंजीत कुमार, सुरेश साव, मनोज साव, अटवारी साव, मोइन अंसारी, दामोदर सिंह, केदार यादव इत्यादि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### ग्रिजली किड्स में डॉक्टर्स डे का आयोजन, बच्चों ने निभाये विभिन्न डॉक्टरों के किरदार

**कोडरमा** । गुमो स्थित ग्रिजली पब्लिक स्कूल के जूनियर विंग ग्रिजली किड्स में एलकेजी और यूकेजी के बच्चों के लिए 'डॉक्टर्स डे' समारोह का आयोजन किया गया। असेंबली एरिया को अस्पताल और मेडिकल थीम के अनुसार सादगीपूर्ण ढंग से सजाया गया था। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत व्यवस्थित रूप से हुई। मंच संचालन (एंकरिंग) की जिम्मेदारी शिक्षिका इंदु द्वारा निभाई गई। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को चिकित्सा पेशे की उपयोगिता से अवगत कराना और उनके भीतर बुनियादी स्वास्थ्य जागरूकता पैदा करना था। छोटी उम्र में इस तरह के रोल-प्ले से बच्चों के मन में डॉक्टरों के प्रति सम्मान और आपातकालीन स्थिति में प्राथमिक उपचार की समझ विकसित होती है। कार्यक्रम में एलकेजी के बच्चों ने विभिन्न विशेषज्ञों का शानदार रोल-प्ले किया। इसमें सानवी मोदी ने कार्डियोलॉजिस्ट, अनाबिया हुसैन ने न्यूरोलॉजिस्ट, आरवी सिंह ने जनरल फिजिशियन और मीमांसा महर्षि ने डेंटिस्ट की भूमिका निभाई। वहीं, यूकेजी के विद्यार्थियों में अविका कुमारी ने गायनेकोलॉजिस्ट, वेदांत ने नेत्र विशेषज्ञ और उजैन रिज़वान ने ऑर्थोपेडिक डॉक्टर का किरदार निभाया। साव्या सिंह और इशिका कुमारी ने पशु चिकित्सक के रूप में प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त, यूकेजी के लिए 'पार्ट्स ऑफ बॉडी' एक्टिविटी तथा एलकेजी के लिए 'फर्स्ट एड किट' एक्टिविटी आयोजित की गई, जिसमें संगीता द्वारा फर्स्ट एड किट का डेमो दिया गया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल की प्राचार्या निरजा ने बच्चों को संबोधित करते हुए समाज में डॉक्टरों के निस्वार्थ योगदान के बारे में बताया। उन्होंने बच्चों को स्वस्थ दिनचर्या अपनाने का व्यावहारिक संदेश दिया और इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी शिक्षकों की मेहनत की सराहना की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में उपप्राचार्या वंदना नारायण, संयोजिका पूजा झा के अलावा शिक्षिका संगीता, इंदु, साक्षी, इशा, तनु, सुनिता, पुनम, खुशबू, दीप्ति, कला शिक्षक मुकेश, प्रशासनिक सदस्य रोहित, मनीमाला, विकास सहित अन्य सराहनीय योगदान रहा।

### पत्तलों से बदली तकदीरः मनोहरपुर की सरिता नायक बनीं महिला उद्यमिता की नई मिसाल



**चाईबासा**। जिले के मनोहरपुर प्रखंड के पाथरबासा गांव की सरिता नायक ने यह साबित कर दिया है कि यदि सरकारी योजनाओं का सही लाभ, तकनीकी प्रशिक्षण व आत्मविश्वास साथ हो तो ग्रामीण महिलाएं भी सफल उद्यमी बन सकती हैं। कभी दिहाड़ी मजदूरी पर आश्रित रहने वाला उनका परिवार आज पत्तल-दोना निर्माण के स्वरोजगार से आर्थिक रूप से सशक्त हो चुका है। कुछ वर्ष पहले तक सरिता के परिवार की आय बेहद सीमित थी। रोज कमाने व रोज खाने की स्थिति के कारण बच्चों की पढ़ाई, इलाज व घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करना मुश्किल हो जाता था। आर्थिक तंगी के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी व स्वरोजगार के अवसर तलाशने का प्रयास जारी रखा। इसी दौरान वन विभाग व झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) की अभिसरण योजना के तहत उन्हें निःशुल्क पत्तल-दोना निर्माण मशीन उपलब्ध कराई गई। इसके साथ ही मशीन संचालन, उत्पादन तकनीक, गुणवत्ता नियंत्रण, पैकेजिंग व विपणन से संबंधित प्रशिक्षण भी दिया गया। नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन के विशेषज्ञों से आधुनिक तकनीक का प्रशिक्षण मिलने के बाद उन्होंने अपने घर से ही उत्पादन शुरू कर दिया। शुरूआत में सीमित मात्रा में पत्तल व दोने तैयार किए गए, लेकिन बेहतर गुणवत्ता व समय पर आपूर्ति के कारण स्थानीय बाजार, किराना दुकानों, होटल, ढाबों व शादी-विवाह जैसे आयोजनों में उनके उत्पादों की मांग लगातार बढ़ने लगी। इससे उनकी आमदनी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई व परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत होने लगी। सरिता ने अपनी सफलता को केवल व्यक्तिगत उपलब्धि तक सीमित नहीं रखा। उन्होंने गांव की अन्य महिलाओं को भी इस कार्य से जोड़ते हुए उन्हें मशीन संचालन, उत्पादन व पैकेजिंग का प्रशिक्षण दिया। इससे कई महिलाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार व अतिरिक्त आय का स्रोत मिला। जेएसएलपीएस व संबंधित अधिकारियों के नियमित मार्गदर्शन से उनका उद्यम लगातार आगे बढ़ रहा है। आज सरिता नायक अपने बच्चों की बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य व परिवार की जरूरतों को आसानी से पूरा कर रही हैं। उनकी सफलता ग्रामीण महिला सशक्तिकरण, स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग व स्वरोजगार आधारित आत्मनिर्भरता का प्रेरणादायी उदाहरण बन चुकी है।

# पद्मश्री अनूप जलोटा द्वारा 'जगन्नाथ' ऐप और वेबसाइट का अनावरण

नई सोच एक्सप्रेस

**मुम्बई**। देव स्नान पूर्णिमा के पावन अवसर पर मुम्बई में पद्मश्री भजन सम्राट अनूप जलोटा ने 'जगन्नाथ' मोबाइल ऐप और वेबसाइट को लॉन्च किया. श्री जगन्नाथ बलभद्र सुभद्रा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित परम ब्रह्म जगन्नाथ का भव्य रथ उत्सव 16 जुलाई से 27 जुलाई 2026 तक चलेगा. रथयात्रा 16 जुलाई को मालाड ईस्ट मुम्बई से निकलेगी. 17 जुलाई की शाम को भजन संध्या कार्यक्रम में बांद्रा के बाल गंधर्व रंगमन्दिर में भजन सम्राट अनूप जलोटा प्रस्तुति देंगे. 19 जुलाई को परम ब्रह्म जगन्नाथ की पृथ्वी पर अवतरण होने की लीला पर आधारित भव्य नाट्यकृति "भगवान जगन्नाथ कथा" की प्रस्तुति बाल गंधर्व रंग मंदिर में होगी. इसके अतिरिक्त, 25 जुलाई को महाविष्णु नरसिंह यज्ञ, 17 से 27 जुलाई तक जगन्नाथ प्रसादम , 18 से 26 जुलाई तक




संस्कृतिक कार्यक्रम और ट्राइबल हैंडीक्राफ्ट एग्जिबिशन का आयोजन होगा. यह सभी भव्य आध्यात्मिक कार्यक्रम बाल गंधर्व ऑडिटोरियम के निकट पटवर्धन पार्क (बांद्रा पश्चिम) में किये जायेंगे। ट्रस्ट से संस्थापक और प्रबंध न्यासी धनंजय कपूर ने जगन्नाथ' मोबाइल ऐप और वेबसाइट के अनावरण के अवसर पर अपने गुरुजी अनूप जलोटा का विशेष आभार जताया और कहा कि अनूप जलोटा 5 साल से हमारे साथ जुड़े हैं. पहले हम 6 घंटे का कार्यक्रम करते थे, फिर 2 दिनों का किया और अब विश्व की सबसे लंबी रथ यात्रा निकालने जा रहे हैं जो एक रिकार्ड स्थापित करेगी. अनूप जलोटा की गाई आरती हमारे प्ले मे है." पद्मश्री अनूप जलोटा ने कहा कि मुम्बई में धनंजय कपूर भव्य ढंग से रथ उत्सव का आयोजन करते आ रहे हैं. इस साल भी मैं भजन पेश करूंगा. मैं लोगों से विनती करूंगा कि अधिक से अधिक लोग इस रथ उत्सव में आएं, लोगों के कष्ट मिटें, विश्व भर मे शांति हो. धनंजय कपूर ने कहा कि ' जगन्नाथ' ऐप और वेबसाइट का उद्देश्य भक्तों को भगवान जगन्नाथ और उनकी संस्कृति और संदेश से जोड़ना है। इसके लिए रथ उत्सव, आध्यात्मिक गतिविधियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, भक्तिपूर्ण भेंट और ट्रस्ट की विभिन्न पहलों से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। हमारा प्रथम उद्देश्य है विशुद्ध पुरी परंपरा पर आधारित 'जगन्नाथ संस्कृति' का विश्व में प्रचार प्रसार करना.

## गहन विशेष पुनरीक्षण अभियान शुरू, डीसी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

नई सोच एक्सप्रेस



**पलामू**। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले में गहन विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) के तहत मंगलवार से गणना चरण की शुरूआत हो गई। इसके तहत 30 जून से 29 जुलाई तक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर एन्यूमरेशन फॉर्म का वितरण व संग्रहण करेंगे। अभियान के पहले दिन मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने पलामू क्लब, मदरसा अलहेदाया कुंड मुहल्ला व मेदिनीनगर नगर निगम के पुराने भवन में अवस्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान आयोजित चुनाव पाठशालाओं में शामिल होकर उन्होंने मतदाताओं व संबंधित कर्मियों से बातचीत भी की। चुनाव पाठशालाओं में बीएलओ, बीएलए-2, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकतार्ओं व मतदाताओं को विशेष पुनरीक्षण अभियान, नए मतदाताओं के पंजीकरण व मतदाता सूची के अद्यतन से संबंधित जानकारी दी गई। डीसी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देश पर पूरी प्रक्रिया पारदर्शी व निष्पक्ष तरीके से संचालित की जा रही है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि वे बीएलओ को आवश्यक सहयोग दें व एन्यूमरेशन फॉर्म सही तरीके से भरकर समय पर जमा करें, ताकि मतदाता सूची को अधिक सटीक व अद्यतन बनाया जा सके। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. असीम, उप निर्वाचन पदाधिकारी उदय रजक सहित अन्य उपस्थित थे।

## नाद मंजरी सीजन–3 में शंभू नृत्यम कला केंद्र का शानदार प्रदर्शन, विद्यार्थियों ने जीते कई खिताब

नई सोच एक्सप्रेस

**बिलासपुर**। शंभू नृत्यम कला केंद्र, बिलासपुर के विद्यार्थियों ने बीटीसी एग्रीकल्चर कॉलेज में आयोजित प्रतिष्ठित नृत्य प्रतियोगिता "नाद मंजरी सीजन–3" में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न श्रेणियों में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त कर संस्थान और शहर का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में अंशी ठाकरे ने सब जूनियर बॉलीवुड वर्ग में द्वितीय, वेदा अग्रवाल ने माइनर बॉलीवुड में प्रथम, देवांशी चंद्रा ने द्वितीय, नव्या नायक ने जूनियर बॉलीवुड में प्रथम, नंदिता साहू ने सब जूनियर सेमी क्लासिकल में द्वितीय, डिलीना साहू ने जूनियर सेमी क्लासिकल में प्रथम, फियोना खान ने सीनियर सेमी क्लासिकल में प्रथम, नीलम मरकाम ने फ्यूजन डांस (ओपन कैटेगरी) में प्रथम तथा मौली बाजपेयी ने कथक (ओपन कैटेगरी) में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान शंभू नृत्यम कला केंद्र के निदेशक शंभू नाथ रजक को नृत्य एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए




प्रतिष्ठित "नाद मंजरी गुरु सम्मान" से सम्मानित किया गया। यह सम्मान संस्थान के लिए गर्व का विषय रहा। इस अवसर पर शंभू नाथ रजक ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि नियमित अभ्यास, अनुशासन और समर्पण ही सफलता का मूल मंत्र है। उन्होंने विद्यार्थियों के अभिभावकों का भी आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके सहयोग एवं विश्वास से ही बच्चे निरंतर नई उपलब्धियाँ हासिल कर रहे हैं। शंभू नृत्यम कला केंद्र परिवार ने सभी विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## क्या औरत का अपना कोई घर नहीं होता? 'अनुपमा' ने महिलाओं की पहचान और स्वतंत्रता पर बेहद ज़रूरी बातचीत कि की शुरुआत

नई सोच एक्सप्रेस

**मुम्बई**। 'अपना घर' औरत के लिए सच में क्या मायने रखता है? औरत को अक्सर घर की धड़कन कहा जाता है वही जो अपने प्यार, देखभाल और अपनापन से एक मकान को घर बना देती है। लेकिन क्या वह घर सच में उसका होता है? क्या कोई ऐसी जगह है जिसे वह पूरी तरह अपना कह सके? स्टार प्लस का शो 'अनुपमा' बार बार उन मुद्दों पर बात करता है जो महिलाओं के दिल के बेहद करीब हैं। अब अपने नए 'अपना घर' ट्रैक के साथ यह शो पारिवारिक ड्रामे से आगे बढ़कर एक ऐसा सवाल उठाता है जो जितना भावनात्मक है उतना ही अहमः "हमारा अपना घर कौन सा है?"यह ट्रैक उस पुरानी सोच को चुनौती देता है जिसमें औरतों से उम्मीद की जाती है कि वे सबके लिए घर बसाएँ, लेकिन उन्हें खुद अपना घर बनाने के लिए कभी मज़बूती से प्रोत्साहित नहीं किया जाता। 'अनुपमा' एक बार फिर मनोरंजन से कहीं आगे जाकर समाज में ज़रूरी बातचीत की शुरुआत करती है। इस ट्रैक पर अपनी राय रखते हुए रूपाली गांगुली उर्फ अनुपमा ने 'औरतों का अपना घर' पर एक महत्त्वपूर्ण सवाल उठाया। उन्होंने कहा "सालों तक अनुपमा ने परिवारों को जोड़कर रखने में अपनी ज़िंदगी लगा दी, लेकिन इस बार वह वही सवाल पूछती है जो शायद लाखों औरतों ने कभी न कभी खुद से पूछा होगा, 'हमारा अपना घर कौन सा है?' मेरा मानना है कि हर औरत को वह आत्मविश्वास और सुरक्षा मिलनी चाहिए जो एक ऐसे स्पेस से आती है जिसे वह सच में



अपना कह सके। हर औरत को अपना घर खुद बनाना चाहिए। अगर यह कहानी कुछ औरतों को अपने भविष्य, अपनी आर्थिक आज़ादी या अपने सपनों के बारे में अलग सोचने के लिए प्रेरित करती है, तो मुझे लगता है कि इसने मनोरंजन से कहीं आगे जाकर अपना मक़सद पूरा किया है। हम औरतों से हमेशा घर बसाने की उम्मीद रखते हैं, लेकिन शायद अब समय आ गया है कि हम उन्हें अपना घर बनाने का हक भी उतनी ही मज़बूती से दें।" देखिए 'अनुपमा' रात 10:00 बजे स्टार प्लस पर और जियोहॉटस्टार पर।

## शहरपूरा में श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया हूल दिवस, सिद्धू-कान्हू के बलिदान को किया गया नमन

नई सोच एक्सप्रेस

**गिरिडीह** । बेंगाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनवाद पंचायत के शहरपूरा गांव में सोमवार को हूल दिवस पूरे उत्साह, सम्मान और आदिवासी परंपराओं के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन फ्यूचर स्टार कोचिंग सेंटर द्वारा किया गया, जबकि विकल्प केंद्र, गिरिडीह ने कार्यक्रम में सहयोगी संस्था के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा फीता काटकर एवं भारत के प्रथम जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम के अमर वीर शहीद सिद्धू, कान्हू, चांद और भैरव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों के अदम्य साहस और बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद आदिवासी संस्कृति और परंपराओं पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। पारंपरिक नृत्य, गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया तथा हूल आंदोलन के इतिहास और उसके महत्व को जीवंत रूप से प्रस्तुत किया।कार्यक्रम में



पंचायत के मुखिया, वार्ड सदस्य, समाजसेवी बैजनाथ प्रसाद वर्मा उर्फ बैजू, समता फेलो नवीन कुमार उर्फ नवीन राज टाइगर, आयोजक अजय चौड़े, आलोक कुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा, महिलाएं एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर विकल्प केंद्र, गिरिडीह के संचालक करण कुमार ने कहा कि "विकल्प केंद्र समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और सहयोग पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। शिक्षा, सामाजिक जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में हमारी संस्था हमेशा लोगों के साथ खड़ी रही है और आगे भी हर संभव सहयोग करती रहेगी। यदि किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की समस्या या सहायता की आवश्यकता हो तो वह निःसंकोच विकल्प केंद्र से संपर्क कर सकता है। समाज की सेवा ही हमारा सबसे बड़ा उद्देश्य है। वक्ताओं ने कहा कि हूल दिवस केवल एक स्मृति दिवस नहीं, बल्कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा, सामाजिक न्याय, स्वाभिमान और अधिकारों के लिए हुए ऐतिहासिक संघर्ष की प्रेरणा है। उन्होंने युवाओं से शहीद सिद्धू-कान्हू, चांद और भैरव के आदर्शों को अपनाने तथा समाज में शिक्षा, एकता और भाईचारे को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन सभी अतिथियों एवं ग्रामीणों द्वारा हूल आंदोलन के महान वीरों के बताए मार्ग पर चलने और समाज के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने के संकल्प के साथ हुआ।

## शराब के साथ एक गिरफ्तार

नई सोच एक्सप्रेस



**खूंटी**। खूंटी पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अड़की के हब्लू डब्लू नामक फास्ट फूड दुकान व उसके घर पर सोमवार को छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध देसी एवं विदेशी शराब बरामद की है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस की ओर से मंगलवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार एसडीपीओ खूंटी को गुप्त सूचना मिली थी कि अड़की के हब्लू डब्लू नामक फास्ट फूड दुकान में अवैध शराब की बिक्री की जा रही है तथा दुकान संचालक ने अपने घर में भी बड़ी मात्रा में शराब का भंडारण कर रखा है। सूचना के आधार पर एसडीपीओ मंगल सिंह जामुदा के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया, जिसमें अड़की थाना के पुलिस पदाधिकारी अरुण कुमार व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। छापेमारी के दौरान पुलिस ने दुकान से भारी मात्रा में बीयर एवं विदेशी शराब बरामद की। पूछताछ के बाद आरोपी की निशानदेही पर उसके घर में भी छापेमारी की गई, जहां से बड़ी मात्रा में देसी व विदेशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने इस मामले में अजय कुंडू उर्फ उल्दू कुंडू (21) को गिरफ्तार किया है। मामले में अड़की थाना (कांड संख्या 15/26) दर्ज करते हुए के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। छापेमारी के दौरान गॉड फादर, किंगफिशर, ओल्ड मोंक, आइकॉनिक व्हाइट, रॉयल चैलेंज, ब्लेंडर्स प्राइड, रॉयल झारखंड, 8 पीएम, बी-7, मैजिक मोमेंट व रॉयल स्टैग सहित विभिन्न ब्रांडों की कुल 463 छोटी-बड़ी शराब की बोतलें बरामद की गई। पुलिस ने बताया कि अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त अन्य लोगों की भी जांच की जा रही है तथा क्षेत्र में इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# 90 प्रतिशत विवाद जमीन से ज़ुड़ा हुआ है, जो आगे जाकर आपराधिक मामले में तब्दील हो जाते हैंः राजकमल मिश्रा

नई सोच एक्सप्रेस

**लोहरदगा**। जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा व ग्राम नियोजन केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को भूमि बोध पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला व्यवहार न्यायालय परिसर लोहरदगा स्थित सभा कक्ष में प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश व डालसा अध्यक्ष राजकमल मिश्रा के आदेशानुसार आयोजित किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ पीडीजे व डालसा अध्यक्ष राजकमल मिश्रा, डालसा सचिव मनोरंजन कुमार, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष



हेमंत कुमार सिन्हा, सचिव लाल दीपक कुमार, ग्राम नियोजन केंद्र के फील्ड मैनेजर इस्तियाक अहमद व लैंडेशा के प्रोजेक्ट मैनेजर डॉ. हिमल पोखरेल ने दीप प्रज्वलित कर किया। डालसा अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के मामले का आंकड़ा उठाएंगे, तो पाएंगे कि उसमें से 90 प्रतिशत विवाद जमीन से जुड़ा हुआ है, जो आगे जाकर आपराधिक मामले में तब्दील हो जाते हैं। छोटी-छोटी बहुत सी समस्याएं हैं जिसका मुख्य कारण अशिक्षा व जागरूकता की कमी है। उन्होंने कहा कि आपसी समझ से बहुत सी बातें सुलझ लिए जाते हैं, लेकिन दस्तावेज पर नहीं आ पाता है। जिसका लाभ चालाक व्यक्ति उठा लेता है। उन्होंने कहा कि पीएलवी अपने कार्य क्षेत्र में लोगों को जागरूक करें। हेमंत कुमार सिन्हा ने कहा कि लोगों को अपनी जमीन से संबंधी समस्या के निराकरण की उचित जानकारी नहीं है। आप स्वयं समस्या से परिचित होकर लोगों को समस्या का समाधान का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि जब आप कार्यशाला में प्रशिक्षित होकर आम जनता की समस्या का निराकरण कर पाएंगे तभी डालसा अपने इस कार्यक्रम को सफल मानेगी। वहीं डालसा सचिव ने कहा कि आप पहले स्वयं सिख लें, तभी आप आम जनता की सही से मदद कर पाएंगें। आप किसी भी प्रकार की भूमि संबंधी समस्या को लेकर सुझाव ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि जमीन के कारण कई विवाद हो रहे हैं, जो पीढ़ी दर पीढ़ी चलता जाता है। आप जहां भी कार्यक्रम के लिए जाएं, जमीन संबंधी मामले आने पर उसे अच्छे तरीके से समझाएं। कार्यशाला में जमीन के प्रकार, जमीन अपने नाम होने के लाभ, जमीन के दस्तावेज का महत्व, जमीन का रजिस्ट्रेशन, म्यूटेशन, जिले में जमीन से संबंधित पदाधिकारियों के कार्य व दायित्व आदि के बारे में बताया गया। साथ ही ऑनलाइन खतियान देखने की प्रक्रिया को बताया गया। मौके पर रजिस्ट्रार व्यवहार न्यायालय अमित कुमार गुप्ता, चीफ एलएडीसीएस नसीम अंसारी, उमेश कुमार, नारायण साहू, भूपेंद्र कुमार, सुदामा साहू, इंद्राणी कुजूर, नेमहंती मिंज, मंजू खाखा, रवि कुमार, रोहित कुमार, गौतम लेनिन, धनेश्वर साहू, जीत नारायण शाही, प्रदुमन सिंह, वीरचंद भगत, देवमणि कुमारी, अनीता कर्मकार, सुनीता उरांव, मीना कुमारी, अजहर अहमद, अणिमा एक्का, संतोष भगत, कलिंदर उरांव, प्रियांशु यादव, पुन्नू देवी, सुरेश प्रसाद, दीपक साहू कुमारी, दुखिता मिंज, सारू कुंवर गोप सहित अन्य उपस्थित थे।

# सुपर सुब्बू में ह्यूमर और सच्ची मानवीय भावनाओं का बेहतरीन संतुलन है : मिथिला पालकर



अभिनेत्री मिथिला पालकर अपनी आगामी स्ट्रीमिंग सीरीज सुपर सुब्बू की रिलीज की तैयारी में हैं। अभिनेत्री का कहना है कि इस सीरीज में उनका किरदार हास्य और वास्तविक मानवीय भावनाओं के बीच बेहतरीन संतुलन स्थापित करता है। सीरीज का ट्रेलर जारी किया गया। इसमें सुंदीप किशन और मुरली शर्मा भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। कहानी सुब्रमण्यम सुब्बू चिल्लुकुरी राव के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी पोस्टिंग काल्पनिक गांव माकीपुर में होती है, जहां कोई भी शिक्षक जाना नहीं चाहता। सुब्बू अपने परिवार के सामने सम्मान बनाए रखने के इरादे से गांव पहुंचता है और पढ़ाने के लिए तैयार रहता है, लेकिन उसे गांव में सबसे असहज जिम्मेदारी यानी सेक्स एजुकेशन पढ़ाने का काम सौंप दिया जाता है। सीरीज में अपने किरदार को लेकर मिथिला पालकर ने कहा, मुझे सुपर सुब्बू की ओर सबसे ज्यादा आकर्षित करने वाली बात यह थी कि यह हास्य के साथ-साथ वास्तविक मानवीय भावनाओं को भी खूबसूरती से प्रस्तुत करती है। तमाम अफरा-तफरी, जिज्ञासा और हंसी-मजाक के पीछे रिश्तों, स्वीकार्यता और एक-दूसरे को बेहतर ढंग से समझने की कहानी छिपी हुई है। निर्देशक मल्लिक राम ने जो दुनिया रची है, वह अनोखी, जीवंत और ऊर्जा से भरपूर है। इस यात्रा में हर किरदार कुछ यादगार लेकर आता है। उन्होंने आगे कहा, ऐसी कहानी का हिस्सा बनना जो मनोरंजक होने के साथ-साथ सार्थक भी हो, मेरे लिए बेहद रोमांचक अनुभव रहा। नेटफ्लिक्स के साथ काम करना हमेशा घर वापसी जैसा महसूस होता है। मैं उनके शुरुआती ओरिजिनल शो लिटल थिंग्स का हिस्सा रही हूं और अब उनकी पहली तेलुगु ओरिजिनल सीरीज सुपर सुब्बू से जुड़ना ऐसा लगता है जैसे यह सफर पूरा चक्र पूरा कर चुका हो। मैं दुनिया भर के दर्शकों के माकीपुर के आकर्षण को देखने के लिए उत्साहित हूं। वहीं अभिनेता सुंदीप किशन ने कहा, सुपर सुब्बू एक ऐसे विषय को उठाती है, जिस पर लोग अक्सर खुलकर बात करने से झिझकते हैं। लेकिन यह इसे हास्य, गर्मजोशी और ईमानदारी के साथ पेश करती है। सुब्बू एक ऐसा व्यक्ति है जो एक समस्या सुलझाने निकलता है और अनजाने में पांच नई समस्याओं में फंस जाता है। नौकरी की परेशानियों, रिश्तों की उलझनों, पिता के सामने अपनी छवि बचाने की कोशिश और गांव वालों को नाराज कर देने जैसी स्थितियों के बीच वह लगातार मुश्किलों में घिरा रहता है। उसकी सबसे खास बात यह है कि उसकी नीयत हमेशा अच्छी रहती है, भले ही हालात उसके नियंत्रण से बाहर क्यों न हो जाएं। उन्होंने कहा, माकीपुर अजीबोगरीब लेकिन दिलचस्प किरदारों से भरा हुआ है और हर गलतफहमी कहानी में नया हास्य और नया बवाल जोड़ती है। दर्शक लगातार यह सोचते रहेंगे कि सुब्बू अब इस स्थिति से कैसे निकलेगा। इतनी शानदार स्टारकास्ट के साथ काम करना और नेटफ्लिक्स की पहली तेलुगु ओरिजिनल सीरीज का हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद खास अनुभव रहा। मैं बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं कि दर्शक सुब्बू से मिलें और उसकी इस यादगार यात्रा का हिस्सा बनें। मल्लिक राम, रमेश एलिगेटी और शिवानी ढोबाल द्वारा लिखित इस सीरीज का निर्माण राजीव चिलाका और भरत लक्ष्मीपति ने चिलाका प्रोडक्शंस के बैनर तले किया है। यह सीरीज हास्य, भावनाओं और छोटे शहरों की परिचित उथल-पुथल को एक अनोखी कमिंग-ऑफ-एज कहानी के रूप में पेश करती है। सुपर सुब्बू 2 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।






# वेलकम 2 द जंगल से टक्कर के बावजूद कॉकटेल 2 का बॉक्स ऑफिस पर जलवा बरकरार, वर्ल्डवाइड कमाई 120 करोड़ के पार

शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सैनन अभिनीत रोमांटिक-ड्रामा फिल्म कॉकटेल 2 बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है। होमी अदजानिया के निर्देशन में बनी ये फिल्म बीती 19 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और महज 9 दिनों के भीतर ही इसने दुनियाभर में 120 करोड़ रुपये से अधिक की शानदार कमाई कर ली है। बॉक्स ऑफिस पर अक्षय कुमार की वेलकम टू द जंगल जैसी बड़ी फिल्म की मौजूदगी के बावजूद कॉकटेल 2 का जादू बरकरार है। कड़े मुकाबले के बाद भी दर्शक इस फिल्म पर भरपूर प्यार लुटा रहे हैं, जिससे इसकी कमाई तेजी से आगे बढ़ रही है। भारत में फिल्म ने पहले दिन 13.5 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। ओपनिंग वीकेंड तक इसने 47.5 करोड़ रुपये का की कमाई की ली। हफ्ते के बीच में कमाई थोड़ी धीमी हुई, जो अक्सर होता है, लेकिन नौवें दिन भी फिल्म ने 4.25 करोड़ रुपये कमाए, जो आठवें दिन की कमाई के बराबर ही था। अब तक भारत में कॉकटेल 2 का कुल कारोबार 78.75 करोड़ रुपये हो गया है। कॉकटेल 2 में इस बार कलाकार बिल्कुल नए हैं। हालांकि, इस फिल्म का निर्देशन होमी अदजानिया ने ही किया है। वहीं इम्तियाज अली निर्देशित फिल्म मैं वापस आऊंगा ने रिलीज के 16वें दिन 4.25 करोड़ रुपये कमाए हैं। वहीं 15वें दिन 2.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ, नसीरुद्दीन शाह, वेदांग रैना और शरवरी वाघ ने अहम किरदार निभाए हैं। फिल्म दर्शकों को पसंद आ रही है, इसका कुल कलेक्शन भी अब तक 41.80 करोड़ रुपये हो चुका है। फिल्म ने दूसरे दिन 2.5 करोड़ का कलेक्शन किया. फिल्म ने टोटल 4.40 करोड़ का कलेक्शन किया. फिल्म में गिप्पी ग्रेवाल और सरगुन मेहता जैसे स्टार्स हैं. ये सक्सेसफुल फ्रेंचाइजी कैरी ऑन जट्टा का चौथा पार्ट है. फिल्म ने दूसरे दिन 2.5 करोड़ का कलेक्शन किया. फिल्म ने टोटल 4.40 करोड़ का कलेक्शन किया. फिल्म में गिप्पी ग्रेवाल और सरगुन मेहता जैसे स्टार्स हैं. ये सक्सेसफुल फ्रेंचाइजी कैरी ऑन जट्टा का चौथा पार्ट है.

# शरवरी बोलीं, हर एक्टर का सपना होता है कि वह ऐसी कहानी का हिस्सा बने जो लोगों के दिलों में बस जाए

शरवरी बाघ ने अपनी हालिया रिलीज मैं वापस आऊंगा को मिल रहे अपार प्यार और समर्थन के लिए आभार व्यक्त करते हुए एक भावुक नोट लिखा। उन्होंने कहा कि हर अभिनेता का सपना होता है कि वह ऐसी कहानी का हिस्सा बने, जो दर्शकों के थिएटर से बाहर निकलने के बाद भी लंबे समय तक उनके दिलों और जेहन में बनी रहे। शरवरी बाघ ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें और क्लिप साझा किए, जिनमें फिल्म मैं वापस आऊंगा के लिए दर्शकों की प्रतिक्रियाएं, समीक्षाएं, थिएटर के दृश्य और गीत मसकारा की मेकिंग के दौरान के बिहाइंड-द-सीन्स (बीटीएस) पल शामिल थे। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा, मुझे नहीं लगता कि इससे बड़ी कोई खुशी हो सकती है कि जिस चीज में आपने अपना दिल और आत्मा लगा दी हो, वह दूसरे लोगों के दिलों में भी जगह बना ले। संदेश, वीडियो, आंसू, बातचीत और प्यार... मैं यह सब देख और पढ़ रही हूं, और कई बार मेरी अपनी आंखों में भी आंसू आ जाते हैं। उन्होंने कहा, हर अभिनेता का सपना होता है कि वह ऐसी कहानी का हिस्सा बने, जो दर्शकों के थिएटर से बाहर निकलने के बाद भी लंबे समय तक उनके साथ बनी रहे। जिस तरह आप सभी ने मैं वापस आऊंगा से जुड़ाव महसूस किया है, वह मेरे लिए बेहद विनम्र और भावुक करने वाला अनुभव रहा है। हमारे साथ हर भावना को महसूस करने और इस फिल्म को अपने प्यार से आगे बढ़ाने के लिए आप सभी का दिल से धन्यवाद। शरवरी के सह कलाकार वेदांग रैना ने भी पोस्ट पर टिप्पणी करते हुए लिखा, तुम इस सबकी हकदार हो, जिया। फिल्म की बात करें तो इसका निर्देशन इम्तियाज ने किया है। इस पीरियड रोमांटिक ड्रामा में नसीरूद्दीन शाह और दिलजीत दोसांझ भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। मैं वापस आऊंगा की कहानी भारत के बंटवारे की पृष्ठभूमि पर आधारित है और बिछडऩे, प्रेम, यादों, पलायन और स्मृतियों जैसे विषयों को सामने लाती है। फिल्म एक ऐसे प्रेम संबंध की कहानी दिखाती है, जो ऐतिहासिक उथल-पुथल के कारण प्रभावित होता है। कहानी नसीरूद्दीन शाह के किरदार के दृष्टिकोण से सुनाई गई है।

यह फिल्म इम्तियाज अली और एआर रहमान की सफल जोड़ी को फिर से साथ लाती है। इसके अलावा, गीतकार इरशाद कामिल ने भी फिल्म में योगदान दिया है। फिल्म का निर्माण एपल्ज एंटरटेनमेंट, विंडो सीट फिल्मस और मोहित चौधरी फिल्मस के बैनर तले किया गया है। यह फिल्म 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।



# रसोई के लिए दोबारा लोकप्रिय हो रहे हैं लकड़ी के उपकरण, जानिए कारण

लकड़ी के रसोई उपकरण लंबे समय से हमारे घरों का हिस्सा रहे हैं। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में प्लास्टिक और स्टेनलेस स्टील जैसी नई सामग्रियों ने बाजार में जगह बना ली। अब एक बार फिर से लकड़ी के उपकरणों की मांग बढ़ रही है। इसके पीछे कई कारण हैं, जैसे पर्यावरण के प्रति जागरूकता और सेहत से जुड़ी चिंताएं। आइए जानते हैं कि लकड़ी के रसोई उपकरण क्यों और कैसे फिर से लोकप्रिय हो रहे हैं।



**पर्यावरण के अनुकूल विकल्प** : आजकल लोग पर्यावरण के प्रति ज्यादा जागरूक हो गए हैं और वे ऐसे उत्पादों को प्राथमिकता दे रहे हैं, जो पर्यावरण के अनुकूल हों। लकड़ी के रसोई उपकरण पर्यावरण के लिए बेहतर होते हैं, क्योंकि ये नवीकरणीय संसाधनों से बनते हैं और इनका कचरा कम होता है। इसके विपरीत प्लास्टिक और स्टेनलेस स्टील के उपकरण पर्यावरण के लिए नुकसानदायक होते हैं और इनका कचरा लंबे समय तक धरती पर बना रहता है।

**सेहत के लिए सुरक्षित** : लकड़ी के रसोई उपकरण सेहत के लिए भी सुरक्षित माने जाते हैं। प्लास्टिक उपकरणों में अक्सर हानिकारक रसायन होते हैं, जो खाने-पीने की चीजों में मिल सकते हैं। स्टेनलेस स्टील के उपकरणों में भी कभी-कभी धातु के कण मिल सकते हैं, जो सेहत के लिए खराब हो सकते हैं। लकड़ी के उपकरण प्राकृतिक होते हैं और इनमें किसी प्रकार के रसायन का उपयोग नहीं किया जाता, जिससे ये सेहत के लिए सुरक्षित होते हैं।

**टिकाऊ और मजबूत** : लकड़ी के रसोई उपकरण टिकाऊ और मजबूत होते हैं। सही देखभाल करने पर ये कई वर्षों तक चलते रहते हैं। लकड़ी की बनावट इसे मजबूत बनाती है, जिससे ये टूटते-फूटते नहीं हैं। इनके रखरखाव में भी कोई खास परेशानी नहीं होती। इन्हें साबुन और पानी से साफ किया जा सकता है और समय-समय पर तेल लगाने से इनकी चमक बनी रहती है। लकड़ी के उपकरणों की मजबूती और टिकाऊपन इन्हें एक बेहतरीन विकल्प बनाती है।

**पारंपरिक अहसास** : लकड़ी के रसोई उपकरण पारंपरिक एहसास प्रदान करते हैं, जो कई लोगों को पसंद आता है। इनकी बनावट और डिजाइन साधारण होते हुए भी आकर्षक लगते हैं। ये आपके रसोईघर को एक गर्माहट और आरामदायक अहसास देते हैं। इसके अलावा लकड़ी के उपकरणों का उपयोग करने से खाना बनाते समय हाथों पर अच्छा अनुभव होता है। लकड़ी की गर्मी और स्थिरता खाना बनाने की प्रक्रिया को सुखद बनाती है।



**अलग-अलग प्रकार में उपलब्ध** : आजकल बाजार में कई प्रकार के लकड़ी के रसोई उपकरण उपलब्ध हैं, जिनमें चमच, चाकू और कटोरे आदि शामिल हैं। आप अपनी जरूरत के अनुसार इनकी खरीदारी कर सकते हैं। इसके अलावा आप इन्हें अपनी पसंद के अनुसार डिजाइन करवाकर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इस प्रकार लकड़ी के रसोई उपकरण न केवल पर्यावरण के अनुकूल होते हैं, बल्कि सेहत के लिए भी सुरक्षित होते हैं। इनकी मजबूती और पारंपरिक एहसास इन्हें एक बेहतरीन विकल्प बनाते हैं।

# एशियाई खेलों के लिए हरमनप्रीत की कप्तानी बरकरार, यास्तिका की जगह कमलिनी शामिल

- 15 सदस्यीय भारतीय महिला क्रिकेट टीम घोषित की गयी

**एजेंसी, मुम्बई**



भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने जापान में होने वाले आगामी एशियाई खेलों 2026 के लिए 15 सदस्यीय भारतीय महिला क्रिकेट टीम घोषित कर दी है। टीम की कप्तानी हरमनप्रीत कौर के पास ही रहेगी। हरमनप्रीत की कप्तानी में भारतीय टीम को टी20 विश्वकप में हार का सामना करना पड़ा है पर इसके बाद भी बोर्ड का उनपर भरोसा बना हुआ है। ऐसे में हरमनप्रीत का लक्ष्य एशियाई खेलों में भारतीय टीम को खिताब जिताना रहेगा। टीम में अनुभवी खिलाड़ियों के साथ ही 17 साल की एक उभरती हुई क्रिकेटर जी. कमलिनी को भी पहली बार शामिल किया गया है। 17 वर्षीय युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज कमलिनी को अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया की जगह पर लिया गया है। कमलिनी ने महिला प्रीमियर लीग (डब्लयूपीएल) में मुंबई इंडियंस के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए 14 मैच खेले हैं। कमलिनी को पहली बार अंतरराष्ट्रीय मंच पर जगह मिली है जिसमें वह बेहतर प्रदर्शन कर अपने को साबित करना होगा। ऑलराउंडर श्रेयंका पाटिल की टीम में वापसी हुई है हालांकि उनको टीम में जगह फिटनेस क्लियरेंस पर निर्भर करेगी। चोट के कारण श्रेयंका टी20 विश्व कप से बाहर हो गई थीं। ऐसे में उनकी जगह पर प्रेमा रावत को टीम में शामिल किया गया था पर वह प्रभावित नहीं कर पायी थीं, प्रेमा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना टी20 अंतरराष्ट्रीय डेब्यू भी किया था पर वह केवल एक मैच ही खेल सकीं और उस मुकाबले में उन्होंने अपने दो ओवर में 21 रन दिए थे। भारतीय महिला टीम ने साल 2023 हांगझोउ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था जिसे वह इस बार भी बरकरार रखने उतरेगी। हरमनप्रीत की अगुवाई में यह टीम युवा जोश और अनुभव का सही मिश्रण प्रतीत होती है, जो उम्मीद है कि एशिया के सबसे बड़े खेल महाकुंभ में भारतीय टीम इस बार भी स्वर्ण पदक जीतेगी।

**टीम इस प्रकार हैः** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्ज, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी. कमलिनी (विकेटकीपर), भारती फुलमाली, श्री चरणी, रेणुका ठाकुर, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, श्रेयंका पटिल* (फिटनेस के अधीन), राधा यादव, नंदिनी शर्मा।

## इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में भी वैभव को जगह मिलना संभव नजर नहीं आता : गावस्कर

**एजेंसी, मुम्बई**





भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि भारतीय टीम का शीर्ष क्रम काफी अच्छा है। ऐसे में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज में भी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को शायद ही अवसर मिले। उन्होंने हालांकि कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच में इस युवा खिलाड़ी को शामिल किया जाना चाहिये। गावस्कर ने कहा कि सूर्यवंशी का निडर अंदाज मेजबान गेंदबाजों पर दबाव बना सकता है। वैभव को आयरलैंड के खिलाफ डेब्यू का अवसर नहीं मिला था। इस सीरीज में भारतीय टीम को हार का सामन करना पड़ा था जिसके बाद से ही वैभव को उतारने की मांग उठ रही थी। गावस्कर का मानना है कि सीनियर खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम में बिताये समय का लाभ भी वैभव को मिलेगा।गावस्कर ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि वह पहला मैच खेलेगा, क्योंकि यह एक नई सीरीज की शुरुआत है और वह टीम को शानदार शुरुआत दिला सकता है। आयरलैंड के खिलाफ सीरीज हार से उबरने का यह सबसे अच्छा तरीका है।' उन्होंने कहा, 'उसे टीम में शामिल किया जाना इसलिए कठिन है क्योंकि इसके लिए अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन की जोड़ी में से किसी एक का बाहर करना होगा जो संभव नहीं दिखता। आप ऐसी जोड़ी को नहीं तोड़ना चाहेंगे जिसने आपको अच्छे परिणाम दिए हों!' वहीं इससे पहले गावस्कर ने आयरलैंड में वैभव के डेब्यू न होने पर हैरानी जताते हुए कहा था कि यह युवा खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने के लिए पूरी तरह तैयार है. उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद थी कि वैभव को आयरलैंड सीरीज में डेब्यू करने का मौका मिलेगा पर ऐसा नहीं हुआ। .इस सीरीज में अगर उन्हें अवसर मिलता तो उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में धीरे-धीरे ढालने का अवसर मिलता।

## दिल्ली कैपिटल्स में वापसी से ऋषभ अपना स्वाभाविक प्रदर्शन कर पायेंगे : डिविलियर्स

**एजेंसी, जोहांसबर्ग**



दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ए बी डिविलियर्स का मानना है कि आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने जिस प्रकार से एक बार फिर अपनी पुरानी आईपीएल टीम दिल्ली कैपिटल्स में वापसी की है। वह एक रणनीतिक कदम है। इससे उनके ऊपर अधिक वेतन को लेकर पड़ रहा दबाव कम होगा और वह अपना स्वाभाविक खेल दिखा सकेंगे। ऋषभ ने हाल ही में लखनऊ सुपरजयंस में मिल रहे रिकार्ड 27 करोड़ के वेतन को छोड़कर 15 करोड़ में दिल्ली कैपिटल्स में वापसी की है। डिविलियर्स का मानना है कि वेतन का कम दबाव पंत को अपना स्वाभाविक खेल दिखाने में सहायता कर सकता है। पिछले सत्र में लखनऊ के साथ मतभेदों के कारण संभव नहीं हो पा रहा था। डिविलियर्स के अनुसार पिछले सत्र के दौरान ही ऋषभ की नाराजगी भी सुपरजायंट्स टीम से दिख रही थी। इससे भी उनका प्रदर्शन प्रभावित हुआ था। ऋषभ दो सत्र तक लखनऊ सुपर जायंट्स में शामिल रहे। वहीं इस बार ट्रेड करार के तहता वह दिल्ली कैपिटल्स में लौट आए हैं। ऋषभ ने अपने आईपीएल करियर की शुरुआत साल 2016 में दिल्ली कैपिटल्स से ही की थी। अब अगले आईपीएल सत्र में सभी की नजरें इस बात पर रहेंगी कि ऋषभ अपनी पुरानी टीम में वापसी के बाद किस तरह का प्रदर्शन करते हैं और दिल्ली कैपिटल्स नए बदलावों के साथ कितनी सफलता हासिल कर पाती हैं या नहीं।

## स्टोक्स को आसान नहीं होगा संन्यास के बाद मैदान से दूर रहना : सचिन



**एजेंसी, मुम्बई।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने अचानक की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले इंग्लैंड के दिग्गज ऑलराउंडर बेन स्टोक्स को सोशल मीडिया के जरिये दिये अपने संदेश में कहा है कि उनके लिए मैदान से दूर रहना कठिन होगा। इस दौरान सचिन ने स्टोक्स के निडर अंदाज और जीत के जज्बे के सथ ही प्रेरणादायक कप्तानी की जमकर प्रशंसा की। स्टोक्स ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के बाद अचानक ही संन्यास की घोषणा कर 15 साल के अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का सामापन कर दिया। तेंदुलकर ने स्टोक्स के खेल को अलविदा कहने के फैसले पर कहा कि ऑलराउंडर ने हर मैच में जो ऊर्जा दिखाई, वह हमेशा ही अद्वितीय रही। उन्होंने स्टोक्स के एक ऑलराउंडर और कप्तान के तौर पर टीम में पड़े प्रभाव की भी सराहना की है। तेंदुलकर ने सोशल मीडिय में लिखा, " स्टोक्स, मुझे इसलिए पसंद रहे क्योंकि वह खेल में काफी ऊर्जा लेकर आते थे।

## वैभव की प्रतिभा पर संदेह नहीं पर उन्हें भी तय प्रक्रिया से गुजरना होगा : डोएशे

**एजेंसी, मुम्बई**



भारतीय क्रिकेट टीम के सहायक कोच रयान टेन डोएशे ने कहा है कि 15 साल के उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवशी एक बेहतरीन प्रतिभा हैं और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए तैयार नजर आते है। डोएशे के अनुसार इसके बाद भी वैभव को टीम में जगह मिलने से पहले उसी तय प्रक्रिया से गुजरना होगा जिससे अन्य खिलाड़ी गुजरते है।

इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से ठीक पहले वैभव को लेकर दिया गया डोएशे का ये बयान बेहद अहम माना जा रहा है। आयरलैंड के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई दो मैचों की टी20 श्रृंखला में वैभव को अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिली। वहीं भारतीय टीम को दोनों ही मैचों में हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद से ही मांग की जा रही है कि वैभव अभी फार्म में हैं और उन्हें टीम में डेब्यू का अवसर मिले। इसी को लकर डोएशे ने कहा कि हमें उसकी प्रतिभा पर कोई संदेह नहीं । साथ ही कहा कि कि टीम में कुछ स्थापित और हाल ही में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी भी हैं जिन्हें बाहर नहीं किया जा सकता है। उन्होंने संजू सैमसन का उदाहरण देते हुए कहा, सैमसन भी एक ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने तीन महीने पहले हमें विश्व कप जिताने में बहुत बड़ा योगदान दिया था। डोएशे ने यह भी बताया कि सैमसन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भी बेहद प्रभावशाली प्रदर्शन किया है, जिससे उनका आत्मविश्वास और टीम में उनकी स्थिति मजबूत हुई है।

# बिजनेस

## क्रैटिकल टेक का आईपीओ खुला, पहले दिन ही फुली सब्सक्राइब हुआ पब्लिक इश्यू

**एजेंसी, नई दिल्ली**



साइबर सिक्योरिटी के फील्ड में काम करने वाली कंपनी क्रैटिकल टेक लिमिटेड का 39.69 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 02 जुलाई तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 03 जुलाई को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 06 जुलाई को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर 07 जुलाई को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। पहले दिन दोपहर तीन बजे तक ये आईपीओ 1.18 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 128 रुपये से लेकर 135 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,000 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स को दो लॉट यानी 2,000 शेयरों के लिए बोली लगाना होगा, जिसके लिए उन्हें 2,70,000 रुपये का निवेश करना होगा। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 29.40 लाख नए शेयर जारी हो रहे हैं। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए 47.24 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 33.27 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए 14.39 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इसके अलावा मार्केट मेकर के लिए 5.10 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इस इश्यू के लिए बीलाइन कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है, जबकि केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है। वहीं, स्प्रेड एक्स सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का मार्केट मेकर है। क्रैटिकल टेक लिमिटेड की वित्तीय स्थिति की बात करें तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी को 3.20 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 3.81 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। वहीं, पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी को 6.14 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 में इसे 13.28 करोड़ रुपये का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 21.15 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी को 36.86 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था।

इस अवधि में कंपनी पर लदे कर्ज के बोझ में कमी आई। वित्त वर्ष 2023-24 के अंत में कंपनी पर तीन लाख रुपये का कर्ज था, जो वित्त वर्ष 2024-25 में घट कर एक लाख रुपये के स्तर पर आ गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 के अंत तक भी कंपनी पर सिर्फ एक लाख रुपये के कर्ज का ही बोझ था। इस दौरान कंपनी के नेटवर्थ में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 में ये 6.56 करोड़ रुपये के स्तर पर था, जो 2024-25 में बढ़ कर 11.13 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। वहीं, पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का नेटवर्थ 24.02 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

## सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी के भाव में बदलाव नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली** । घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान कमजोरी नजर आ रही है। भाव में आई गिरावट के कारण आज चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर दूसरे सर्राफा बाजार में सोना 1,850 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 2,020 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। वहीं चेन्नई में सोने के भाव में 770 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 900 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी दर्ज की गई है। चांदी के भाव में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोने की कीमत में आई गिरावट के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,41,920 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,45,080 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,30,090 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,32,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 2,39,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,42,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## तेजा इंजीनियरिंग का आईपीओ खुला, 7 जुलाई को हो सकती है लिस्टिंग

**एजेंसी, नई दिल्ली**



ऑयल एंड गैस सेक्टर के लिए सर्विस देने वाली कंपनी तेजा इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज का 37.36 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में दो जुलाई तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद तीन जुलाई को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि छह जुलाई को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर सात जुलाई को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। पहले दिन दोपहर तीन बजे तक ये आईपीओ सिर्फ एक प्रतिशत सब्सक्राइब हुआ था।

इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 220 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 600 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स को दो लॉट यानी 1,200 शेयरों के लिए बोली लगाना होगा, जिसके लिए उन्हें 2,64,000 रुपये का निवेश करना होगा। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 16.98 लाख नए शेयर जारी हो रहे हैं। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 47.49 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए भी 47.49 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इसके अलावा मार्केट मेकर के लिए 5.02 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इस इश्यू के लिए इंटरैक्टिव फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है, जबकि केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है। वहीं बीएन राठी सिक्योरिटीज लिमिटेड और एसवीसीएम सिक्योरिटीज प्रा.लि. कंपनी के मार्केट मेकर हैं। तेजा इंजीनियरिंग की वित्तीय स्थिति की बात करें तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 1.27 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 2.16 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 4.02 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 के पहले नौ महीने में यानी अप्रैल से 31 दिसंबर 2025 तक कंपनी को चार करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका था।

## सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च हुआ अथर्व पॉलीप्लास्ट का आईपीओ, 7 जुलाई को हो सकती है लिस्टिंग

**एजेंसी, नई दिल्ली**



प्लास्टिक कंपोनेंट बनाने वाली कंपनी अथर्व पॉलीप्लास्ट लिमिटेड का 27 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में दो जुलाई तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद तीन जुलाई को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि छह जुलाई को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर सात जुलाई को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। पहले दिन दोपहर 2:55 बजे तक ये आईपीओ 89 प्रतिशत सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 55 रुपये से लेकर 60 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 2,000 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स को दो लॉट यानी 4,000 शेयरों के लिए बोली लगाना होगा, जिसके लिए उन्हें 2,40,000 रुपये का निवेश करना होगा। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 45 लाख नए शेयर जारी हो रहे हैं। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए 47.33 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 33.38 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए 14.27 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इसके अलावा मार्केट मेकर के लिए 5.02 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इस इश्यू के लिए हॉरिजॉन मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है, जबकि एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है।

## संपर्क इंडिया का आईपीओ खुला, 2 जुलाई तक लगा सकते हैं बोली

**एजेंसी, नई दिल्ली** । संपर्क इंडिया लॉजिस्टिक्स का 27.22 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 02 जुलाई तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 03 जुलाई को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 06 जुलाई को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर 07 जुलाई को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। पहले दिन दोपहर 2:45 बजे तक ये आईपीओ 74 प्रतिशत सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 80 रुपये से लेकर 84 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,600 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स को दो लॉट यानी 2,200 शेयरों के लिए बोली लगाना होगा, जिसके लिए उन्हें 2,68,800 रुपये का निवेश करना होगा। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 32.40 लाख नए शेयर जारी हो रहे हैं। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए सिर्फ 31.07 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है।

## सीमैक्स रिसोर्सेज के आईपीओ को मिला जोरदार रिस्पॉन्स, दोपहर 12 बजे तक ही हुआ फुली सब्सक्राइब

**एजेंसी, नई दिल्ली**

मटेरियल मूवमेंट और वेयरहाउस ऑपरेशन के काम में लगी सीमैक्स रिसोर्सेज लिमिटेड का 19.74 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 02 जुलाई तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 03 जुलाई को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 06 जुलाई को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर 07 जुलाई को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। दोपहर बारह बजे तक ये आईपीओ फुली सब्सक्राइब हो चुका था। फिलहाल दोपहर 2:50 बजे तक ये आईपीओ 1.62 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 134 रुपये से लेकर 141 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,000 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स को दो लॉट यानी 2,000 शेयरों के लिए बोली लगाना होगा, जिसके लिए उन्हें 2,82,000 रुपये का निवेश करना होगा। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 14 लाख नए शेयर जारी हो रहे हैं। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए सिर्फ पांच प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।